CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :28° C
न्यूनतम: 17° C

नई दिल्ली, गुरुवार 23 अक्टूबर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 201 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com कार्तिक शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 30 रबीउल सानी1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




भाजपा सरकार में हर विभाग में भ्रष्टाचार का पहाड़: अखिलेश यादव पेज 2



एडिलेड में बराबरी के इरादे से उतरेगी टीम इंडिया खेल टाइम्स



कांग्रेस उप्र के पटल पर गौण भूमिका निभाने को अभिशप्त सम्पादकीय



सऊदी अरब में 70 साल बाद कफाला सिस्टम बंद पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### लद्दाख के प्रतिनिधियों की केंद्र के साथ बातचीत

**नई दिल्ली।** लद्दाख के प्रतिनिधियों ने बुधवार को दिल्ली में केंद्र सरकार के साथ बातचीत की। गृह मंत्रालय की उप समिति के साथ बैठक में एलएबी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) के तीन-तीन प्रतिनिधि, लद्दाख के सांसद मोहम्मद हनीफा जान और उनके वकील शामिल हुए। बैठक के बाद केडीए के मेंबर सज्जाद हुसैन कारगिली ने कहा कि पिछले छह सालों से हमारी मांग लद्दाख में लोकतंत्र की रही है। इसका समाधान लद्दाख को राज्य का दर्जा देना है। यह मुद्दा एक या दो बैठकों में नहीं सुलझ सकता।

### जैश ने महिलाओं की भर्ती के लिए शुरू किया कोर्स

**नई दिल्ली।** आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने महिलाओं की भर्ती के लिए ऑनलाइन जिहादी कोर्स 'तुफात अल-मुमिनात' शुरू किया है जिसका नेतृत्व आतंकवादी मसूद अजहर की बहनें और उमर फारूक की पत्नी करेंगी। जैश ने इस कोर्स के प्रत्येक प्रतिभागी के लिए 500 रुपये का चंदा निर्धारित किया है। कुछ समय पहले ऐसी रिपोर्ट सामने आई थी कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा आतंकवादी संगठन घोषित और पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित जैश एक महिला ब्रिगेड तैयार कर रहा है और इसे जमात उल-मुमिनात नाम दिया है।

### वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गंगोत्री मंदिर के कपाट बंद

**श्री गंगोत्री धाम।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में बने पवित्र मां गंगा मंदिर गंगोत्री धाम के कपाट बुधवार पूर्वाह्न 11 बजकर 36 मिनट पर शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। धार्मिक परम्परा के अनुसार अन्नकूट त्योहार पर वैदिक मंत्रोच्चारण और कपाट बंदी की प्रक्रिया सुबह चार बजे शुरू हुई। मुख्य पुरोहित, हक हुक्कधारी, वेद पाठी और विद्वजनों की उपस्थिति में प्रारंभ हुई यह प्रक्रिया पूर्वाह्न सम्पन्न हुई।

## नीरज चोपड़ा बने ले. कर्नल



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जाने-माने भाला फेंक खिलाड़ी और दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा को बुधवार को प्रादेशिक सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल के मानद पद का प्रतीक चिन्ह औपचारिक रूप से प्रदान किया। श्री सिंह ने यहां एक विशेष समारोह में लेफ्टिनेंट कर्नल (मानद) नीरज चोपड़ा को यह प्रतीक चिन्ह प्रदान किया। रक्षा मंत्री ने उनके परिवार के सदस्यों के साथ बातचीत करते हुए ले. कर्नल को दृढ़ता, देशभक्ति और उत्कृष्टता की भारतीय भावना का आदर्श उदाहरण बताया।

# मुकदमा हारा चोकसी, मुंबई जेल में बैरक तैयार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** बेल्जियम में एंटवर्प की एक अदालत ने भगोड़े कारोबारी मेहुल चोकसी की अपील खारिज कर दी है और उसे भारत भेजने के फैसले को बरकरार रखा है। हीरा कारोबारी चोकसी 13,000 करोड़ रुपये के पंजाब नेशनल बैंक धोखाधड़ी मामले में एक प्रमुख आरोपी है।

अदालत ने मामले पर गौर करने के बाद पाया कि उसके प्रत्यर्पण के लिए सभी कानूनी शर्तें पूरी होती हैं। अदालत ने 2018 और 2021 के भारतीय गिरफ्तारी वारंटों को लागू करने योग्य बताया।



■ बेल्जियम में एंटवर्प की एक अदालत ने अपील खारिज की, भारत वापसी का रास्ता खुला

### भारत ने बेल्जियम अफसरों को जेल की तस्वीरें सौंपी

**मुंबई।** पीएनबी से 13,850 करोड़ रुपये के घोटाले के आरोपी और भगोड़े कारोबारी मेहुल चोकसी को भारत लाने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए भारत ने बेल्जियम अधिकारियों को मुंबई की आर्थर रोड जेल की आधिकारिक तस्वीरें सौंपी हैं।

इनके जरिये बताया गया कि चोकसी को प्रत्यर्पण के बाद जब आर्थर रोड जेल में रखा जाएगा, तो वहां उसे क्या सुविधा मिलेगी। तस्वीरों में 46 वर्ग मीटर क्षेत्रफल की बैरक दिखाई गई है। इसमें 2 सेल (कमरे) हैं। प्रत्येक में निजी शौचालय और बुनियादी सुविधाएं मौजूद हैं। ये तस्वीरें भारत की आधिकारिक प्रतिक्रिया के रूप में भेजी गईं, ताकि चोकसी के इस दावे का खंडन किया जा सके कि भारतीय जेलें भीड़भाड़ वाली और असुरक्षित हैं। दस्तावेजों के अनुसार, चोकसी को मुंबई की हाई सिक्योरिटी वाली आर्थर रोड जेल की बैरक नंबर 12 में रखा जाएगा। यह वही जेल कैंपस है, जहां 26/11 आतंकी अजमल कसाब को भी रखा गया था। बैरक में दो कमरे हैं। इनमें अटैच टॉयलेट-बाथरूम हैं।

चोकसी ने अदालत से अपनी दलील में कहा था कि भारत में उसके जीवन और स्वतंत्रता को खतरा होगा। उसने यह भी दावा किया कि वह राजनीतिक उत्पीड़न का शिकार है और उसे निष्पक्ष सुनवाई नहीं मिलेगी। यही नहीं उसने अपनी -शेष पृष्ठ दो पर

### प्रमादम स्टेडियम में लैंडिंग के बाद धंसा हेलीकॉप्टर

# राष्ट्रपति की सुरक्षा में बड़ी चूक

**पथानामथिट्टा (केरल)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर यहां प्रमादम स्टेडियम में बनाए गए हैलीपैड पर उतरे हेलीकॉप्टर के पहिये हेलीपैड में आंशिक रूप से धंस गए, लेकिन श्रीमती मुर्मू इससे पहले ही सुरक्षित उतर गई थीं। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर स्टेडियम में नया हेलीपैड कुछ घंटों पहले ही बनाया गया था।

पुलिस और अग्निशमन कर्मियों ने हेलीकॉप्टर को आगे धकेल कर पहियों को निकाला। सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रपति के आगमन से कुछ घंटे पहले ही कंक्रीट के हेलीपैड की सतह पूरी हुई थी और बारिश तथा नम मौसम की वजह से यह पूरी तरह से सेट नहीं हो पाया था। इसके बावजूद, सुरक्षा और जमीनी समन्वय टीमों ने उतरने की अनुमति दे दी। उतरने के तुरंत बाद हेलीकॉप्टर के टायर नरम कंक्रीट में धंस गए, जिससे ग्राउंड स्टाफ को हस्तक्षेप करना पड़ा। राष्ट्रपति की सुरक्षा को लेकर हालांकि कोई खतरा उत्पन्न नहीं हुआ। इस घटना को एक बड़ी सुरक्षा और प्रक्रियात्मक चूक बताया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि श्रीमती मुर्मू पहले ही हेलीकॉप्टर से सुरक्षित उतर गई थीं। पर्यवेक्षकों का कहना है कि अगर हेलीकॉप्टर उतरते समय इस समस्या का सामना करता, तो परिणाम गंभीर हो सकते थे। मूल योजना राष्ट्रपति के हेलीकॉप्टर को निलक्कल में उतारने की थी, लेकिन प्रतिकूल मौसम के कारण अंतिम समय में निर्णय बदलकर हेलीकॉप्टर को प्रमादम की ओर मोड़ दिया गया। जल्दबाजी में बनाया गया हेलीपैड (जो अभी भी पूरी तरह से तैयार नहीं हुआ था) हेलीकॉप्टर का भार सहन करने में असमर्थ साबित हुआ। इस घटना के बाद यह निर्णय लिया गया है कि राष्ट्रपति की -शेष पृष्ठ दो पर



■ पुलिस व अग्निशमन कर्मियों ने हेलीकॉप्टर को आगे धकेल कर पहियों को निकाला

### वाराणसी एयरपोर्ट पर इंडिगो विमान की आपात लैंडिंग

**वाराणसी।** कोलकाता से श्रीनगर जा रही इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई-6961 को बुधवार शाम ईंधन रिसाव (फ्यूल लीक) की सूचना के बाद वाराणसी लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग करानी पड़ी।

■ सभी 166 यात्री पूरी तरह सुरक्षित

पायलट ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल वाराणसी के हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) से संपर्क कर लैंडिंग की अनुमति मांगी। अनुमति मिलने पर विमान को शाम 4:10 बजे सुरक्षित रूप से रनवे पर उतारा गया। गोमती जोन पुलिस के अनुसार, विमान में सवार सभी 166 यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं। यात्रियों को सुरक्षित रूप से आगमन कक्ष (एराइवल हॉल) में ले जाया गया है। तकनीकी टीम वर्तमान में विमान की जांच और मरम्मत में जुटी है। स्थिति पूर्णत: सामान्य और नियंत्रण में है।

# दिवाली के दूसरे दिन भी दिल्ली की हवा जहरीली

### एक्यूआई 345, 38 में से 34 मॉनिटरिंग स्टेशन रेड जोन में

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिवाली के दूसरे दिन बुधवार को भी दिल्ली और आसपास के इलाकों में प्रदूषण की धुंध छाई हुई है। एयर क्वालिटी अब भी जहरीली बनी है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की वेबसाइट के अनुसार, सुबह 7 बजे दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 345 दर्ज किया गया, जो गंभीर कैटेगरी में आता है।

राजधानी के कुछ इलाकों में एक्यूआई 400 पार भी बना हुआ है। पंजाबी बाग में एक्यूआई 433 और वजीरपुर में 401 रिकॉर्ड हुआ है। वहीं, दिल्ली के 38 में से 34 मॉनिटरिंग स्टेशनों पर पॉल्यूशन का लेवल अब भी रेड जोन में है। यानी हवा की क्वालिटी बहुत खराब से गंभीर स्तर पर है। दिवाली के बाद देश में हरियाणा की हवा सबसे प्रदूषित हुई है। सीपीसीबी के अनुसार, सबसे ज्यादा प्रदूषित हवा वाले 10 शहरों में हरियाणा के 8 और राजस्थान का एक शहर है। वहीं दिल्ली 10वें नंबर पर है। दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में दिवाली के अगले दिन बुधवार को भी प्रदूषण का स्तर 300 पार है। बुधवार सुबह दिल्ली में अक्षरधाम के आसपास 350 से ज्यादा एक्यूआई दर्ज किया गया है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 15 अक्टूबर को दिल्ली-एनसीआर में 18 से 21 अक्टूबर तक ग्रीन पटाखे बेचने और फोड़ने की इजाजत दी थी। कोर्ट ने कहा था कि 4 दिनों के दौरान, लोग सुबह 6 बजे से 7 बजे तक और रात में 8 बजे से 10 बजे तक, यानी कुल तीन घंटे ही ग्रीन पटाखे फोड़ सकेंगे। हालांकि, दिल्ली-एनसीआर में दिवाली पर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ीं। लोगों ने सुबह से लेकर देर रात तक पटाखे फोड़े।



■ हरियाणा रहा देश का सबसे प्रदूषित राज्य
■ राजधानी के कुछ इलाकों में एक्यूआई 400 पार बना हुआ है, दिल्ली-एनसीआर में दिवाली पर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की खुलेआम उड़ीं धज्जियां

# रेल हादसे में पति की मौत, दो दशक बाद मिला इंसाफ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** 23 साल लंबी कानूनी लड़ाई के बाद एक पीड़ित विधवा को आखिर न्याय मिल ही गया। सुप्रीम कोर्ट ने विशेष पहल करते हुए यह सुनिश्चित किया कि महिला को रेलवे से मुआवजा राशि पूरी तरह मिल सके।

दरअसल, सयनोक्ता देवी के पति विजय सिंह की 21 मार्च 2002 को भारतीय रेलवे की भागलपुर-दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन से पटना जाने के दौरान हादसे में मौत हो गई थी। उन्होंने बख्तियारपुर स्टेशन से पटना के लिए वैध टिकट लिया था, लेकिन भीड़भाड़ के कारण ट्रेन से गिर पड़े और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद सयनोक्ता देवी ने रेलवे से मुआवजा मांगा, लेकिन रेलवे क्लेम्स ट्रिब्यूनल और पटना हाई कोर्ट ने यह कहते हुए मुआवजा देने से इन्कार कर दिया कि मृतक मानसिक रूप से अस्वस्थ था। महिला ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। सुप्रीम कोर्ट ने फरवरी 2023 में हाईकोर्ट और ट्रिब्यूनल के आदेशों को बेतुका और कल्पनाशील बताते हुए रद्द कर दिया। अदालत ने कहा कि यदि मृतक मानसिक रूप से अस्वस्थ होता, तो वह न टिकट खरीद पाता, न ट्रेन में चढ़ने की कोशिश करता। कोर्ट ने रेलवे को दो महीने के अंदर चार लाख रुपये मुआवजा और छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज देने का आदेश दिया, लेकिन समस्या यहीं खत्म नहीं हुई। इस फैसले के बाद महिला के स्थानीय वकील का निधन हो गया और रेलवे की तरफ से भेजे गए पत्र गलत पते पर चले गए। सयनोक्ता देवी भी पारिवारिक परिस्थितियों में अपना ठिकाना बदल चुकी थीं।

सुप्रीम कोर्ट ने ढूंढ निकाली पीड़िता, अब मिलेगा मुआवजा



### अमेरिका जा रहा एयर इंडिया विमान रास्ते से मुंबई लौटा, पायलट को खराबी का हुआ था शक

**मुंबई।** मुंबई से अमेरिका के नेवार्क जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-191 को उड़ान के 3 घंटे बाद तकनीकी खराबी के बाद बुधवार को लौटना पड़ा। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि यह खराबी क्या थी। फ्लाइट रडार-24 के मुताबिक विमान ने मुंबई एयरपोर्ट से देर रात 1:15 बजे उड़ान भरी थी। करीब तीन घंटे बाद क्रू को खराबी की आशंका हुई। इसके बाद इसे मुंबई लैंड कराने का फैसला लिया गया। लैंडिंग के बाद विमान को जांच के लिए सर्विस से बाहर कर दिया गया।


Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067


# भारत एस-400 के लिए 10 हजार करोड़ की करेगा डील

**नई दिल्ली।** भारत अपने मौजूदा एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम के लिए रूस से 10,000 करोड़ की मिसाइलें खरीदने वाला है। इसके लिए रूसी अधिकारियों के साथ बातचीत जारी है।

■ रूस से और मिसाइलें खरीदेगा

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रक्षा मंत्रालय ने इस प्रस्ताव को 23 अक्टूबर को होने वाली डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल की बैठक में मंजूरी दे सकता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना के एस-400 सिस्टम ने अहम भूमिका निभाई थी। बताया गया कि इसने पाकिस्तान के 5-6 लड़ाकू विमानों और एक जासूसी विमान को 300 किलोमीटर से ज्यादा दूरी पर मार गिराया। वायु सेना ने एस-400 को भारत की हवाई सुरक्षा रणनीति का गेम चेंजर बताया है। भारत रूस से कुछ और एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम खरीद सकता है।


सभी मुज़फ्फरनगर वासियों के लिए
HONDA
अंश हौंडा का दिवाली धमाका
ऑफर अब
31 अक्टूबर तक





अब Honda Shine100
मात्र ₹60000*
(रजिस्ट्रेशन & इन्शुरेन्स सहित)
घर ले जाए
कैश बैक ₹5000/-*
एक्सचेंज* सुविधा उपलब्ध
हाईपोथीकेसन* के बिना
CSD सुविधा उपलब्ध
स्कूटरों का बादशाह होण्डा एक्टिवा
मात्र ₹80000*
(इन्शुरेन्स & एक्सेसरीज सहित)
घर ले जाए
आधार कार्ड लाये 0 रु की डाउन पेमेंट पर Honda Shine100 घर ले जाये
आधार कार्ड लाये मात्र 3000 रु की डाउन पेमेंट पर स्कूटरों का बादशाह Honda Activa घर ले जाये
T&C Apply
अंश होण्डा जानसठ रोड मुजफ्फरनगर 7060922671

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी जो छुपाते हैं ट्रम्प उजागर कर जाते हैं: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति से हुई बात को भले ही छुपा रहे हो लेकिन राष्ट्रपति ट्रम्प ने स्पष्ट कहा है कि श्री मोदी ने उन्हें रूस से तेल नहीं खरीदने का आश्वासन दिया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को यहां सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि श्री मोदी ने सार्वजनिक रूप से आखिरकार स्वीकार किया है कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने उन्हें फोन किया था और दोनों के बीच बातचीत हुई। लेकिन प्रधानमंत्री ने सिर्फ इतना बताया कि अमे. रिकी राष्ट्रपति ने उन्हें दीवाली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा ष्जहां प्रधानमंत्री मोदी बातों को छुपा जाते हैं, वहीं राष्ट्रपति ट्रम्प उन्हें उजागर कर देते हैं।

### दुबई इस्लामिक बैंक का एआई नवाचार को एचसीएल से करार

**नई दिल्ली।** दुबई इस्लामिक बैंक (डीआईबी) ने अपने कार्यप्रणाली में कृत्रिम बु( मत्ता (एआई) को शामिल करने के लिए भारत की अग्रणी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज के साथ करार किया है। एचसीएल टेक्नोलॉजीज ने बुधवार को शेयर बाजार को बताया कि दुनिया के पहले इस्लामिक बैंक ने जीआईटेक्स ग्लोबल 2025 में इस साझेदारी की घोषणा की है। इसका लक्ष्य अपने ग्राहकों को व्यक्तिगत स्तर पर खास अनुभव प्रदान करना, निर्णय लेने की प्रक्रिया को बेहतर बनाना, प्रक्रियाओं में सुधार और जोखिम तथा अनुपालना ढांचे को मजबूती प्रदान करना है।डीआईबी के मुख्य परिचालन अधिकारी ओबैद अल शमसी ने कहा कि बैंक के लिए नवाचार हमेशा से उसके उद्देश्य और जिम्मेदारी का हिस्सा रहा है।

# वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण की सीमा बढ़ाएं

## शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सैयद अली जैदी ने उठाई मांग

शाह टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ/सहारनपुर।** यूपी में वक्फ संपत्तियों की संख्या सर्वाधिक है। लगभग 2 लाख से अधिक संपत्तियां सुन्नी वक्फ बोर्ड और 25 हजार से अधिक संपत्तियां शिया वक्फ बोर्ड में दर्ज होनी हैं।

इसके बावजूद केंद्र सरकार द्वारा तय समय सीमा 5 दिसंबर 2025 के मुकाबले अब तक मात्र 500 से अधिक ही वक्फ संपत्तियों का ही रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर हो पाया है। वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण को लेकर शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सैयद अली जैदी ने केंद्र सरकार से समय सीमा बढ़ाने की मांग की है। शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सैयद अली जैदी का कहना है कि उम्मीद पोर्टल तकनीकी जटिलताओं और जागरूकता के अभाव के कारण मुतवल्लियों के लिए बड़ी चुनौती है। पोर्टल नया है, ट्रेनिंग, आईटी सपोर्ट और दस्तावेजों की डिजिटल प्रक्रिया को समझने में समय लगता है। हमने ट्रेनर नियुक्त कर दिए हैं, टोल फ्री नंबर भी जारी किया है। अब प्रदेशव्यापी अभियान चलाया जाएगा, लेकिन निर्धारित समय बहुत कम है, इसलिए हम केंद्र सरकार से कम से कम दो वर्ष की अतिरिक्त अवधि देने की मांग कर रहे हैं। सैयद अली जैदी के मुताबिक अगर वक्फ संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन तय सीमा तक नहीं हुआ, तो उन्हें वक्फ की श्रेणी से ही बाहर कर दिया जाएगा, जो समुदाय के धार्मिक, सामाजिक और आर्थिक अधिकारों के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सैयद अली जैदी का कहना है कि उत्तर प्रदेश में वक्फ संपत्तियां समुदाय की धार्मिक, शैक्षिक और सामा. जिक विरासत की आधारशिला हैं। यह सिर्फ एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि समुदाय के अस्तित्व और धार्मिक अधिकारों की सुरक्षा का प्रश्न है।

# यूपी पिछड़ा वर्ग आयोग के अफसरों का कार्यकाल बढ़ा

## अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ाने का निर्णय लिया

शाह टाइम्स ब्यूरो




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, अनुभाग-1 की ओर से शासनादेश जारी किया गया है।

आदेश के तहत आयोग के वर्तमान पदाधिकारियों को पुनः उनके पदों पर एक वर्ष तक बने रहने की स्वीकृति प्रदान की गई है। गौरतलब है कि पिछड़ा वर्ग आयोग राज्य सरकार को अन्य पिछड़ा वर्गों के कल्याण, उनके अधिकारों की रक्षा और नीतिगत निर्णयों में सलाह देने का कार्य करता है। आयोग के गठन का उद्देश्य पिछड़े वर्गों की सामा. जिक, आर्थिक और शैक्षिक प्रगति सुनिश्चित करना है। सरकार ने आयोग की निरंतरता बनाए रखने के उद्देश्य से यह कदम उठाया है ताकि प्रदेश में चल रही कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और उन पर प्रभावी अमल जारी रह सके। जारी आदेश के अनुसार, पूर्व सांसद राजेश कुमार वर्मा को पुनः आयोग का अध्यक्ष नामित किया गया है। सोहनलाल श्रीमाली (मीरजापुर), सूर्य प्रकाश पाल (रामपुर) को उपाध्यक्ष पद पर पुनः नियुक्त किया गया है। वहीं, आयोग में 16 सदस्यों को भी पुनः नामित किया गया है। इनमें प्रमुख रूप से सतएंद्र कुमार (चंदौली), मेवा राम (सहारनपुर), वासुदेव मौर्य (अयोध्या), फूलबदन कुशवाहा (कुशीनगर), विनोद कुमार यादव (मऊ), शिवमंगल (चंदौली), अशोक कुमार (कानपुर), चिरंजीवी चौसरिया (गोरखपुर), कुलदीप शर्मा (झांसी), चौधरी लक्ष्मण सिंह (लखनऊ), मुरहू राजभर (गाजीपुर), चन्द्रशेखर चौहान (सुल्तानपुर), रामदरस (गोरखपुर), जनार्दन प्रसाद गुप्ता (महराजगंज) और बालकदास (झांसी) शामिल हैं। राज्य सरकार की तरफ से यह कार्यकाल विस्तार उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग अधिनियम, 1996 (संशोधित अधिनियम 2007 एवं 2014) के प्रावधानों के तहत दिया है। आदेश में उल्लेख है कि आयोग के वर्तमान अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य 10 अक्टूबर 2024 से ही अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं और अब उन्हें 2026 तक का विस्तार दिया गया है।

## आरएसएस के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में बोले सीएम योगी

# सपा-कांग्रेस रामद्रोही ही नहीं, कृष्णदोही भी

गोखरपुर, वार्ता



■ श्रीराम के अस्तित्व पर खड़ा किया था सवाल, दीये जलाने से भी हो रही परेशानी जनता माफ नहीं करेगी

मुख्यमंत्री योगी ने सपा और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला और कहा कि सपा और कांग्रेस को राम भक्त नहीं माफ करेंगे। वे श्रीराम द्रोही ही नहीं श्रीकृष्ण द्रोही और सनातन पर्व और त्योहारों के द्रोही हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ इन दिनों गोरखपुर प्रवास पर हैं। यहां उन्होंने बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षा गृह में आरएसएस के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और सपा पर भी जमकर तंज कसा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा और कांग्रेस को राम भक्त कभी माफ नहीं करेंगे। वे श्रीराम द्रोही ही नहीं श्रीकृष्ण द्रोही और सनातन पर्व और त्योहारों के द्रोही हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा का भी जिक्र करते हुए कहा कि हलाल सर्टिफिकेशन जो पैसा आता है, वो आतंकवाद के लिए ,लव जेहाद के लिए और धर्मांतरण में भी दुरपयोग होता है। उन्होंने अपील की कि कोई भी सामान खरीदते समय वस्तु पर हलाल सर्टिफिकेट न हो। सपा प्रमुख कहते हैं कि दीया जलाने की आवश्यकता क्या है। इससे अच्छा मोमबत्ती जला लेते। ऐसा कहकर वे अन्नदाता किसानों का अपमान कर रहे हैं। तिलहन की पैदावार कर दीयों को तेल देने वाले अन्नदाता किसानों और मिट्टी के दीये बनाने वाले कुम्हारों का अपमान है। सीएम योगी ने अखिलेश यादव को कहा कि आप को कंस और दुर्योधन प्यारे हैं, आप उनकी मूर्ति लगाइए। वो रामद्रोही ही नहीं, कृष्णद्रोही भी हैं और सनातन पर्व व त्योहारों के द्रोही भी हैं। कांग्रेस श्रीराम, श्रीकृष्ण को नकारती थी और दुनिया अयोध्या में आ करके अभिभूत हो रही है। कांग्रेस ने अदालत में एफिडेविट देकर कहा था कि भगवान राम और कृष्ण मिथक हैं, यह कहकर हिंदू आस्था को अपमानित किया था।

### योगी ने दी गोवर्धन पूजा की बधाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोवर्धन पूजा के अवसर पर सभी प्रदेश वासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गोवंश के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और इसको कुपोषण से सुपोषण की तरफ ले जाने के लिए सरकार कई तरह की योजनाएं चला रही है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर मुख्यमंत्री ने लिखा कि गोवंश संवर्धन और प्रकृति संरक्षण के लोक-मंगलकारी संकल्प की पावन अभिव्यक्ति गोवर्धन पूजा की सभी श्रद्धालुओं एवं प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। प्रभु श्रीकृष्ण की कृपा से सभी का जीवन सुख, समृद्धि और आरोग्यता के आलोक से आलोकित हो, यही प्रार्थना है।

### जन समस्याओं का कराएं त्वरित समाधान

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री ने बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सबकी समस्या सुनते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। समस्या से जुड़ी शिकायत पर तेजी से कार्रवाई करते हुए गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपरक समाधान सुनिश्चित कराएं। समस्या लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा कि चिंता मत करिए। सरकार हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएगी। दीपावली के दिन से गोरखपुर प्रवास कर रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 300 लोगों से मिले।

# सरकार के हर विभाग में भ्रष्टाचार: अखिलेश यादव

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ बीजेपी को घेरने में लगातार जुटे हैं सपा नेता

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार में हर विभाग में भ्रष्टाचार का पहाड़ खड़ा हो रहा है।

यादव ने एक वीडियो जारी करते हुए लिखा कि भाजपा सरकार में हर विभाग में भ्रष्टाचार का जो पहाड़ खड़ा हो रहा है उसका मूल कारण वसूली करन. वाले नहीं हैं बल्कि वो 'मुख्य सत्ताधारी' लोग हैं जो वसूली करवा रहे हैं क्योंकि उनकी आपस की लड़ाई बहुत बड़ी है और पद की प्रधान महत्वाकांक्षा भी। उन्होंने कहा कि वसूली, घूस, कमीशन और चंदे से जमा किए जा रहे अकूत धन से दरअसल 'महापद' की तैयारी हो रही है। मुख्यकोष को प्रधानकोष से बड़ा किया जा रहा है क्योंकि भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों की यही परंपरा रही है कि जिसके पास 'महाकोष' की व्यवस्था होगी, उस की ही प्रधान दावेदारी होगी। महापद की इस प्रतिस्पर्धा में वसूली के कारण हर चीज़ का दाम बढ़ रहा है और आखिर में इस रस्साकशी में आम जनता को सब खामियाज़ा भुगतना पड़ रहा है। गौरतलब है कि सपा मुखिया अखिलेश यादव भ्रष्टाचार पर भाजपा को घेरने में लगातार जुटे हैं। इससे पहले भी कई मौकों पर वह सवाल उठा चुके हैं। अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी समेत कई जिलों में भाजपा समर्थकों ने अवैध रजिस्ट्रियां कर करोड़ों रुपये का मुनाफा कमाया है।



सेंसेक्स 83952.17
निफ्टी 25709.00



सोना रु. 123907
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 152501
प्रति किलो



# पांच महानगरों में खुलेंगे 'इन्वेस्ट यूपी' के सैटेलाइट ऑफिस

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश सरकार ने निवेशकों को आकर्षित करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। अब देश के पांच प्रमुख महानगरों मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई और नई दिल्ली में 'इन्वेस्ट यूपी' के सैटेलाइट इन्वेस्टमेंट प्रमोशन ऑफिस खोले जाएंगे। इसका उद्देश्य देश के बड़े औद्योगिक केंद्रों से पूंजी निवेश को सीधे उत्तर प्रदेश तक लाना और निवेशकों को राज्य की नीतियों एवं संभावनाओं से जोड़ना है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही इन्वेस्ट यूपी के पुनर्गठन प्रस्ताव को हरी झंडी दे चुके हैं। इसी क्रम में इन सैटेलाइट ऑफिसों की स्थापना किए जाने का प्रस्ताव है, जो राज्य में औद्योगिक विकास को नई रफ्तार देंगे। प्रत्येक ऑफिस में एक जनरल मैनेजर, एक असिस्टेंट जनरल मैनेजर, दो उद्यमी मित्र, दो एग्जिक्यूटिव और दो ऑफिस असिस्टेंट की टीम कार्य करेगी। सभी पांचों कार्यालयों पर कुल 12 करोड़ रुपये से अधिक की वार्षिक धनराशि व्यय होने का अनुमान है। सरकार की योजना के अनुसार, प्रत्येक शहर का सैटेलाइट ऑफिस अपनी भौगोलिक और औद्योगिक विशेषता के अनुरूप रणनीतिक क्षेत्रों पर कें. द्रित रहेगा।

मुंबई ऑफिस वित्तीय सेवाओं, इंफ्रास्ट्रक्चर, फिनटेक और ईएसजी फंड पर ध्यान देगा। बेंगलुरु ऑफिस जीसीसी, एयरोस्पेस, सेमीकंडक्टर, ईवी और डीपटेक सेक्टर पर फोकस करेगा। हैदराबाद ऑफिस फार्मा, डेटा सेंटर, हेल्थटेक और एंटरप्राइज उद्योगों पर केंद्रित रहेगा। चेन्नई ऑफिस ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक्सटाइल और हार्डवेयर निर्माण उद्योगों में निवेश आकर्षित करेगा। नई दिल्ली ऑफिस समर्पित इन्वेस्ट यूपी एवं एशिया-यूरोपीय संघ सुविधा कार्यालय के रूप में कार्य करेगा।

## 200 गीगावाट से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का होगा विकास

**नई दिल्ली।** बिजली पारेषण व्यवस्था के मोर्चे पर सुधार की 2-4 लाख करोड़ रुपये की योजना के माध्यम से सरकार देश में पांच लाख मेगावाट बिजली के लिए मजबूत पारेषण नेटवर्क की कल्पना कर रही है। पारेषण प्रणाली में सुधार के जरिये नवीकरणीय ऊर्जा-समृ( राज्यों को बिजली की बड़ी मांग वाली जगहों से जोड़ा जायेगा। नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने बुधवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि सरकार हरित ऊर्जा गलियारों और राजस्थान, गुजरात और लद्दाख से नई उच्च क्षमता वाली पारेषण लाइनों के माध्यम से पारेषण बुनियादी ढांचे में निवेश को प्राथमिकता दे रही है। उल्लेखनीय है कि सरकार ने 2030 तक पांच लाख मेगावाट स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन क्षमता का लक्ष्य रखा है। मंत्रालय का कहना है कि ट्रांसमिशन में सुधार की ये परियोजनाएं कई वर्षों में पूरी होंगी, लेकिन एक बार चालू होने पर ये दो लाख मेगावाट से अधिक नई नवीकरणीय क्षमता जोड़ेंगी। इस प्रकार वर्तमान चरण अस्थायी है - एक संक्रमणकालीन अंतराल है, न कि एक संरचनात्मक सीमा है। मंत्रालय के अनुसार, साल 2030 स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को कार्यनीति स्तर पर स्थायित्व के साथ आगे बढ़ाने के लिए ग्रिड, वित्तीय प्रणालियों और बाजार डिजाइन के साथ नवीकरणीय ऊर्जा का समन्वयन किया जा रहा है।

### सोना गिरकर 1.24 लाख पर आया, चांदी भी सस्ती

**नई दिल्ली।** दिवाली के बाद बुधवार को सोना-चांदी के दाम में भारी गिरावट आई है। सोना अपने ऑल टाइम हाई से 5,677 रुपए और चांदी भी रिकॉर्ड हाई से 25,599 रुपए सस्ती हो गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार बुधवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 3,726 रुपए घटकर 1,23,907 रुपए के स्तर पर आ गया है।

चांदी के दाम आज 10,549 रुपए घटकर 1,52,501 रुपए प्रति किलो पर आ गए हैं। इससे पहले चांदी 1,63,050 रुपए प्रति किलो थी। दीवाली जैसे फेस्टिवल के बाद भारत में सोने-चांदी की खरीदारी का सिल. सिला थम गया। इससे सोना-चांदी की डिमांड में कमी आई है। सोना-चांदी को सेफ-हेवन माना जाता है, यानी मुश्किल समय में लोग इन्हें खरीदते हैं, लेकिन अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के शी जिनपिंग के बीच अगले हफ्ते मीटिंग होने वाली है। इससे ट्रेड वॉर की चिंता कम हुई है। टेक्निकल इंडिकेटर्स जैसे रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स दिखा रहे थे कि कीमतें ओवरबॉट जोन में पहुंच चुकी थीं।

# गेहूं, चीनी में तेजी, चावल नरम दालों-खाद्य तेलों में रही घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव घट गये। वहीं गेहूं और चीनी में तेजी रही जबकि दालों तथा खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा 51 रिंगिट टूटकर 4,454 रिंगिट प्रति टन रह गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 50.80 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत चार रुपये घटकर 3,882.74 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। वहीं, गेहूं 24 रुपये की मजबूती के साथ 2,884. 67 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। आटे की कीमत 22 रुपये बढ़कर 3,346.82 रुपये प्रति क्विंटल रही। खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव रहा। मूंगफली तेल की औसत कीमत 101 रुपये और सूरजमुखी तेल की 82 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। पाम ऑयल में भी 31 रुपये और सोया तेल में 35 रुपये प्रति क्विंटल की मजबूती देखी गई। सरसों तेल 20 रुपये और वनस्पति 29 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत 17 रुपये और उड़द दाल की 64 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मसूर दाल भी 12 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। तुअर दाल 25 रुपये और मूंग दाल चार रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत तीन रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। हालांकि चीनी चार रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मुकदमा हारा...**
खराब सेहत का भी हवाला दिया, लेकिन अदालत ने चोकसी की दलीलों को अपर्याप्त बताया और कहा कि वह भारत में किसी तरह के अमानवीय व्यवहार की आशंका या इंसाफ नहीं मिलने के 'वास्तविक जोखिम' को साबित नहीं कर सका है। इस कानूनी लड़ाई में चोकसी ने राष्ट्रीयता की दलील का भी सहारा लिया। उसके वकीलों ने कहा कि प्रत्यर्पण का अनुरोध ही गलत है क्योंकि भारतीय अधिकारियों ने एंटीगुआ और बारबुडा की उसकी नागरिकता के बारे में अदालत को पूरी जानकारी नहीं दी थी। लेकिन अदालत ने इस तर्क को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि बेल्जियम से प्रत्यर्पण के उद्देश्य के लिए, एकमात्र प्रासंगिक तथ्य यह है कि चोकसी के पास बेल्जियम की नागरिकता नहीं है,। यह बात उसे बेल्जियम के कानून के तहत विदेशी करार देती है। अदालत के फैसले में इस बात पर ज़ोर दिया गया कि उसकी भारतीय या एंटीगुआ की नागरिकता अप्रासंगिक है और चूंकि सभी कानूनी शर्तें पूरी हो चुकी हैं, इसलिए उसका प्रत्यर्पण हो सकता है। गौरतलब है कि चो. कसी और उसका भतीजा नीरव मोदी भारत के सबसे बड़े बैंकिंग घोटालों में से एक को अंजाम देने के मुख्य आरोपी हैं। इन पर आरोप है कि इन्होंने फर्जी ऋण गारंटी का इस्तेमाल करके पीएनबी बैंक से धोखाधड़ी की। मामला सामने आने पर ये लोग 2018 में देश छोड़कर भाग गए। नीरव मोदी ब्रिटेन की जेल में प्रत्यर्पण की लड़ाई लड़ रहा है, वहीं चोकसी ने एंटीगुआ और बारबुडा की नागरिकता हासिल कर ली है। इस अपील के खारिज होने के बाद, बेल्जियम में चोकसी के पास देश के सर्वोच्च न्यायालय में अपील करने का अंतिम कानूनी विकल्प है। अगर वह भी विफल हो जाता है, तो बेल्जियम सरकार के लिए उसे भारत प्रत्यर्पित करने का रास्ता साफ हो जाएगा। इसके बाद उस पर कानूनी कार्रवाई हो सकेगी। यह फैसला चोकसी को मुकदमे का सामना करने के लिए वापस लाने की मांग कर रही भारतीय एजेंसियों के लिए एक बड़ी जीत है। इससे बेल्जियम से उसे भारत वापस लाने की लंबे समय से चल रही कानूनी कवायद का अंत हो गया है।

**राष्ट्रपति की...** वापसी यात्रा के लिए उस हेलीकॉप्टर का उपयोग नहीं किया जाएगा। इसके बजाय, भारतीय वायुसेना निलक्कल से एक अन्य हेलीकॉप्टर तैनात करेगी, जहां पूरी तरह से संरचनात्मक और सुरक्षा जांच की जा चुकी है। राष्ट्रपति बुधवार सुबह 8:40 बजे प्रमादम पहुंचीं। यहां उनका स्वागत देवस्वओम मंत्री वीएन वासवन, सांसद एंटो एंटनी, विधायक केयू जिनेश कुमार और प्रमोद नारायणन, ज़िला कलेक्टर एस. प्रेम कृष्णन और जिला पुलिस प्रमुख आर. आनंद ने किया। इसके बाद राष्ट्रपति सड़क मार्ग से पम्पा के लिए रवाना हुईं, जहां से उन्होंने सबरीमाला स्थित भगवान अयप्पा मंदिर की अपनी तीर्थयात्रा शुरू की। पंपा गणपति मंदिर में पारंपरिक केट्टुनिरा (पवित्र बंडल बांधना) अनुष्ठान मंदिर के पुजारी विष्णु नंबूदरी और शंकरन नंबूदरी करेंगे। सुरक्षा एजेंसियों ने सबरीमाला में राष्ट्रपति के साथ आने वाले लोगों की सही संख्या का खुलासा नहीं किया है, लेकिन केट्टुनिरा करने के लिए दल के 50 सदस्यों के लिए व्यवस्था की गई है। श्रीमती मुर्मू पूजा-अर्चना करने के बाद सन्निधानम प्रशासनिक परिसर के अंदर विशेष रूप से तैयार किए गए सुइट में दो घंटे आराम करेंगी। श्रीमती मुर्मू अपराह्न 3:10 बजे सन्निधानम से रवाना होंगी और निलक्कल से शाम 4:20 बजे तिरुवनंतपुरम वापसी कर सकती हैं। निलक्कल हेलीपैड की पूरी सुरक्षा जांच के बाद वापसी यात्रा के लिए वायु सेना द्वारा एक नया हेलीकॉप्टर तैनात किया जाएगा। राष्ट्रपति की ऐतिहासिक सबरीमाला यात्रा के दौरान हुई इस घटना पर सुरक्षा विशेषज्ञों और राजनीतिक हलकों में तीखी प्रतिक्रियाएं आई हैं। कई लोगों ने इसे एक 'गंभीर चूक' बताया है जिसने स्थानीय अधिकारियों और केंद्रीय एजेंसियों के बीच समन्वय में स्पष्ट कमियों को उजागर किया है। सूत्रों के अनुसार, इस घटना के कारणों की जांच जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है।

# दलित बुजुर्ग से पेशाब चटवाने की घटना पर सियासत गरम

**लखनऊ।** लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र में दलित बुजुर्ग से मंदिर परिसर में पेशाब चटवाने की अमानवीय घटना से उत्तर प्रदेश की सियासत गर्म हो गई है। मामले को लेकर विपक्ष सरकार को घेरने में जुटा हुआ है।

इस मामले में आम आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि भाजपा राज में दलित होना अपराध है। पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल आज शाम को पीड़ित के घर जाएगा। इसमें निवर्तमान प्रदेश महासचिव दिनेश पटेल, प्रान्त अध्यक्ष इमरान लतीफ, अयोध्या के प्रांत प्रभारी कैप्टन सरबजीत सिंह, जनक प्रसाद, इरम रिजवी शामिल हैं। वहीं आजाद समाज पार्टी के संस्थापक व सांसद चंद्रशेखर आज़ाद ने कहा कि यह सिर्फ एक अपराध नहीं, बल्कि दलित विरोधी मानसि. कता का नंगा प्रदर्शन है। यह मानवता और संविधान की आत्मा पर प्रहार है। गौरतलब है कि बीती सोमवार रात बीमार बुजुर्ग रामपाल (70) शीतला माता मंदिर के सामने से गुजर रहे थे। अचानक तबीयत खराब होने पर वे मंदिर की सीढ़ियों पर बैठ गए। इसी दौरान पेशाब छूट गई। यह देखकर मंदिर के सामने स्थित दुकान का मालिक स्वामीकांत उर्फ पम्मू गुस्से में वहां पहुंचा। उसने बुजुर्ग से अभद्रता की, गालियां दीं और जबरन पेशाब चटवा दी। इतना ही नहीं, आरोपी ने बुजुर्ग से पूरा मंदिर धुलवाया और लात मारकर भगा दिया। रामपाल ने बताया, मैं सांस का मरीज हूं, तबीयत खराब थी इसलिए मंदिर की सीढ़ियों पर बैठा। गलती से पेशाब हो गई। पम्मू ने कहा इसे चाटो, मैंने डर के मारे चाट लिया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# इंजीनियरों के तबादले में मनमानी नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली : लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) सचिवालय ने एक आदेश जारी कर इंजीनियरों को चेतावनी दी है कि भविष्य में किसी भी तबादले के आदेश में बदलाव करने का अधिकार केवल पीडब्ल्यूडी सचिवालय के पास होगा।

अब इंजीनियर स्तर पर तबादलों के आदेशों में बदलाव नहीं होगा। कुछ तबादलों में वरिष्ठ इंजीनियरों ने सचिवालय की लिखित अनुमति के बिना ही तबादले के आदेश बदल दिए, जिसके बाद पीडब्ल्यूडी सचिवालय ने यह आदेश जारी किया। इससे पहले, विभाग ने जूनियर इंजीनियरों को तबादलों और नियुक्तियों के संबंध में किसी भी तरह का दबाव डालने से भी आगाह किया था और स्पष्ट रूप से चेतावनी दी थी कि ऐसा करने पर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। पीडब्ल्यूडी दिल्ली सरकार की प्राथमिक विकास एजेंसी है। पीडब्ल्यूडी में ३,००० से ज्यादा इंजीनियर और कर्मचारी कार्यरत हैं। लोक निर्माण विभाग विकास कार्यों के साथ-साथ तबादलों और नियुक्तियों को लेकर भी चर्चा में रहता है।

दरअसल, यह विभाग केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरों और कर्मचारियों को नियुक्त करता है और तबादलों में नियुक्तियाँ एक बड़ा मुद्दा है, क्योंकि दिल्ली में तीन से पाँच साल काम करने के बाद, उनका देश भर के विभिन्न राज्यों में तबादला हो जाता है।

कई इंजीनियर दिल्ली में ही रहना पसंद करते हैं। नतीजतन, तबादलों का मुद्दा बहस का विषय बना हुआ है। भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद से यह तीसरी बार है जब विभाग को इस मामले में आदेश जारी करना पड़ा है। अब, विभाग में एक ऐसा मामला सामने आया है जहाँ इंजीनियरों ने अपने अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण करते हुए तबादलों में बदलाव किया है।

इसके बाद, विभाग सचिवालय ने एक आदेश जारी कर इंजीनियरों को चेतावनी दी है कि तबादलों में किसी भी तरह का हस्तक्षेप उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर है और यह अधिकार पूरी तरह से लोक निर्माण विभाग सचिवालय के पास है। इसलिए, उन्हें ऐसी कार्रवाई से बचना चाहिए। आदेश में कहा गया है कि किसी इंजीनियर से जुड़ी आपात स्थिति में, विभाग सचिवालय को सूचित किया जाना चाहिए।

इससे पहले अप्रैल में, विभाग ने एक आदेश जारी कर इंजीनियरों को तुरंत अपने स्थानांतरित पदों पर कार्यभार ग्रहण करने की चेतावनी दी थी, ऐसा न करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# मुरथल से लौट रहे तीन दोस्तों की सड़क एक्सीडेंट में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुरथल से डिनर करके लौट रहे तीन दोस्तों की मंगलवार देर रात जीटी रोड पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। स्वरूप नगर इलाके में लिबासपुर फ्लाईओवर पर यह हादसा उस समय हुआ जब उनकी तेज रफ्तार बुलेट बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर (जर्सी बैरियर) से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने तीनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए जहाँगीरपुरी स्थित बीजेआरएम अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है।

पुलिस के अनुसार, मंगलवार तड़के करीब १:३३ बजे हादसे की सूचना मिलने पर स्वरूप नगर थाना पुलिस मौके पर पहुँची और सड़क पर एक क्षतिग्रस्त बुलेट और तीन युवक पड़े मिले। प्रारंभिक जाँच में पता चला है कि तीनों बिना हेलमेट के मुरथल गए थे और लौटते समय उनकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई।घटना के समय सड़क पर कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं मिला। पुलिस टीम घायलों को तुरंत बुराड़ी के सरकारी अस्पताल ले गई, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान २७ वर्षीय सुमित, २६ वर्षीय मोहित और २३ वर्षीय अनुराग के रूप में हुई है। तीनों नांगलोई इलाके के रहने वाले थे और दोस्त बताए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, दुर्घटना तेज गति और हेलमेट न पहनने के कारण हुई। बुलेट के अगले हिस्से का पूरी तरह क्षतिग्रस्त होना टक्कर की गंभीरता को दर्शाता है। प्रारंभिक जाँच के आधार पर, पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जाँच शुरू कर दी है। परिजनों को दुर्घटना की सूचना दे दी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय लिबासपुर फ्लाईओवर पर तेज गति से चलने वाले वाहन अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। पुलिस ने लोगों से ऐसी घटनाओं से बचने के लिए गति सीमा का पालन करने और वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने की अपील की है।

# श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहादत दिवस के भव्य आयोजन की तैयारियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार में कला, संस्कृति एवं भाषा और पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा और मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा की उपस्थिति में दिल्ली सचिवालय में एक उच्च-स्तरीय बैठक आयोजित की गई जिसमें केंद्र सरकार के वरिष्ठ प्रतिनिधि, पंजाबी अकादमी और कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग और पर्यटन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य श्री गुरु तेग बहादुर जी के ३५०वें शहादत दिवस के उपलक्ष्य में दिल्ली सरकार द्वारा आयोजित किए जाने वाले भव्य एवं ऐतिहासिक कार्यक्रमों की रूपरेखा को अंतिम रूप देना था।बैठक के दौरान कपिल मिश्रा ने कहा कि दिल्ली गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान की साक्षी रही है और इस अवसर पर दिल्ली सरकार का दायित्व है कि यह आयोजन उनकी शिक्षाओं, त्याग और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाए।

उन्होंने आगे कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी ने न केवल सिख धर्म के लिए बल्कि संपूर्ण मानवता और धर्म की स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन समर्पित किया।।बैठक में यह निर्णय लिया गया कि गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय में श्री गुरु तेग बहादुर जी के नाम पर एक चेयर (Chair) स्थापित की जाएगी। यह चेयर उनके जीवन, दर्शन और मानवता के योगदान पर शोध को प्रोत्साहित करेगी। पूर्वी दिल्ली स्थित गुरु तेग बहादुर अस्पताल का नवीनीकरण कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा ताकि यह अस्पताल आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित होकर जनता की सेवा में समर्पित रहे।३५०वें शहादत दिवस पर हो रहे आयोजनों में से प्रमुख आकर्षण लाल किले पर आयोजित होने वाला लाइट एंड साउंड शो भी है। यह शो गुरु तेग बहादुर जी के जीवन, शिक्षाओं और बलिदान की गाथा को अत्याधुनिक तकनीक, दृश्य प्रभावों और भावनात्मक प्रस्तुति के माध्यम से जनसामान्य तक पहुँचाएगा। दिल्ली के सभी ११ जिलों में भी ११ मोबाइल वैनों के माध्यम से यह शो प्रदर्शित किए जाने का प्रस्ताव है, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इससे जुड़ सकें। इस शो का क्यूरेशन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा पहले ही किया जा चुका है।

# रोहिणी का झील वाला पार्क बने मॉडल छठ घाट: रविन्द्र इन्द्राज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने बवाना विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रोहिणी सेक्टर-२० स्थित डीडीए डिस्ट्रिक्ट पार्क (झील वाला पार्क) का निरीक्षण किया और छठ पूजा के अवसर पर भव्य एवं स्वच्छ आयोजन की तैयारियों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री ने उत्तर-पश्चिमी दिल्ली जिले के सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि रोहिणी का झील वाला पार्क दिल्ली का 'मॉडल छठ घाट' बने, इस दिशा में तैयारी करें। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभाग अपने कार्यों को २४ अक्टूबर की सुबह तक पूरा करें। समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि छठ महापर्व आस्था, स्वच्छता और अनुशासन का प्रतीक है, और दिल्ली सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने डीडीए अधिकारियों को निर्देश दिए कि पार्क से टूटे हुए पेड़ और झाड़ियां हटाई जाएं, घाट तक जाने वाले मार्गों की पूरी तरह सफाई की जाए और सबमर्सिबल की नियमित मेंटेनेंस के माध्यम से पर्याप्त जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग को घाटों की तैयारी और स्वच्छ जल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, वहीं एमसीडी को स्वच्छता एवं सैनिटेशन के विशेष इंतजाम करने और पर्याप्त स्टाफ की तैनाती बनाए रखने के निर्देश दिए गए। कैबिनेट मंत्री ने पीडब्ल्यूडी को निर्देश दिया कि छठ घाट तक जाने वाले मार्गों की सड़कों और फुटपाथों में किसी तरह के मरम्मत की आवश्यकता हो तो, पूरा कर लें। दिल्ली पुलिस को भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण और सुरक्षा की दृष्टि से विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से छठ महापर्व की पवित्रता व लोक संस्कृति को दर्शाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन और श्रद्धालुओं की आस्था में किसी तरह की बाधा न आये।



समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह रोहिणी सेक्टर-20 स्थित डीडीए डिस्ट्रिक्ट पार्क ( झील वाला पार्क ) का निरीक्षण करते हुए।

## एक नजर

### चार वर्षीय लड़के के अपहरण में आरोपी महिला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी जिला पुलिस के रोहिणी नॉर्थ थाने के स्टाफ ने चार वर्षीय लड़के के अपहरण का मामला सुलझा कर आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने अपहृत लड़के को सकुशल बरामद कर उसके माता-पिता से मिलवा दिया है। दिल्ली के रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त राजीव रंजन ने बताया कि २० अक्टूबर को सुबह ०६:३६ बजे, रोहिणी नॉर्थ थाने में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी जिसमें लगभग चार वर्षीय एक लड़के के अपहरण का आरोप लगाया गया था। शिकायतकर्ता के बयान पर रोहिणी नॉर्थ थाने में मामला दर्ज कर एसीपी रोहिणी अतुल सूद की देखरेख में एसएचओ रोहिणी नॉर्थ दलजीत के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की।जांच के दौरान टीम ने अस्पताल के अंदर और बाहर लगे कैमरों के सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया।

टीम को , एक सीसीटीवी फुटेज में, एक महिला शिकायतकर्ता के बेटे के साथ खेलती हुई दिखाई दी और लगभग ३:०० बजे, इस लड़के के साथ मुख्य द्वार से अस्पताल से बाहर निकल गई। एक अन्य सीसीटीवी फुटेज में, कथित महिला को ऑटो चालकों से बात करते हुए देखा गया और एक ऑटो में सवार हो गई। लगातार प्रयासों से टीम ने , ऑटो चालक का पता लगाया गया और जांच करने पर पता चला कि उसने आरोपी महिला को लिबासपुर में छोड़ दिया था इसके बाद टीम ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया और अपहृत लड़के को सुरक्षित बरामद कर किया।प्रारंभिक जाँच में पता चला कि आरोपी अस्थमा के इलाज के लिए नियमित रूप से बीएसए अस्पताल जाती थी। वह इस लड़के की ओर आकर्षित हुई और उसे अपने साथ ले जाने का फैसला किया क्योंकि न तो उसे और न ही उसके भाई को कोई लड़का है।

### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने वित्तीय परिणाम जारी किए

**नई दिल्ली।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने 30 सितंबर, 2025 को समाप्त हुई तिमाही और अर्धवार्षिक अवधि के लिए बगैर ऑडिट किए हुए वित्तीय परिणाम जारी किए। बैंक के ऋण और अग्रिमों में सालाना 94% वृद्धि आवास ऋण, वाहन ऋण, उपभोक्ता ऋण, बिजनेस बैंकिंग, एमएसएमई ऋण और थोक ऋण में हुई वृद्धि के कारण रही।

30 सितम्बर, 2025 तक माइक्रोफाइनेंस पोर्टफोलियो में सालाना 41.6% की कमी दर्ज की गई। परिणामों पर टिप्पणी करते हुए वी. वैद्यनाथन, प्रबंध निदेशक और सीईओ, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने कहा, एमएफआई व्यवसाय में जो दबाव था, वह पूरी तरह से एमएफआई उद्योग की समस्या थी और अब यह धीरे-धीरे कम होता दिख रहा है। एमएफआई को छोड़कर, आईडीएफसी बैंक की परिसंपत्ति गुणवत्ता दशकों से स्थिर रही है और 30 सितंबर, 2025 को सकल एनपीए 1.86% और शुद्ध एनपीए 0.52% के साथ यह स्थिर बनी हुई है।

### विधानसभाध्यक्ष ने विठ्ठलभाई पटेल की पुण्यतिथि पर अर्पित की पुष्पांजलि

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली विधान सभा परिसर में भारत के प्रथम केन्द्रीय विधान सभा अध्यक्ष, स्व. वीर विठ्ठलभाई झवेरीभाई पटेल (१८७३-१९३३) की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि "विठ्ठलभाई पटेल का दृष्टिकोण प्रतिनिधित्व को उत्तरदायित्व में बदलने वाला था , उन्होंने सिद्ध किया कि साहस, विवेक और विश्वास ही लोकतंत्र के सच्चे स्तंभ हैं।" विधानसभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए गुप्ता ने पटेल के सार्वजनिक जीवन को भारत की संसदीय परंपरा के प्रारंभिक स्थापकों में एक बताया। उन्होंने कहा कि पटेल जी की यात्रा, बंबई नगर निगम के मेयर (१९२३-१९२५) से लेकर केन्द्रीय विधान सभा के अध्यक्ष (१९२५) बनने तक, भारत की लोकतांत्रिक चेतना के उत्कर्ष का प्रतीक रही। यह यात्रा स्थानीय प्रशासन से राष्ट्रीय नेतृत्व तक भारत के राजनीतिक आत्मबोध के विकास की कहानी कहती है। गुप्ता ने कहा कि दिल्ली विधान सभा आज भी विठ्ठलभाई पटेल के उन लोकतांत्रिक आदर्शों से प्रेरणा लेती है, जो बताते हैं कि सशक्त लोकतंत्र संवाद, अनुशासन और कर्तव्य की नींव पर खड़ा होता है। उन्होंने कहा कि विठ्ठलभाई पटेल को श्रद्धांजलि देना दरअसल उस नैतिक साहस को नमन करना है जो संसदीय जीवन को अर्थ प्रदान करता है, जहाँ जनता की सेवा सभी व्यक्तिगत या राजनीतिक विचारों से ऊपर होती है।

# छठ पर्व दिव्यता से भरपूर होगा: रेखा गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इस बार दिल्ली की दीपावली भव्य थी तो श्रद्धा व आस्था का छठ पर्व दिव्यता से भरपूर होगा। सरकार ने छठ पर्व को व्यापक व विस्तृत बनाने की तैयारी पूरी कर ली है, ताकि श्रद्धालु इस पर्व को पूरी शुद्धता व आस्था से मना सकें। मुख्यमंत्री का कहना है कि इस बार पूरी दिल्ली में १००० से अधिक छठ घाट बनाए जा रहे हैं, जिसमें यमुना किनारे १७ विशेष व भव्य मॉडल घाट तैयार हो रहे हैं। सरकार की ओर से प्रत्येक उप जिले में भी कम से कम एक मॉडल घाट बनाया जा रहा है। करीब २०० घाटों पर छठ पूजा से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री का यह भी कहना है कि आज से दिल्ली के सभी सांसद, विधायक, पार्षद व जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में बन रहे छठ घाटों पर स्वच्छता अभियान शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री ने एक जानकारी यह भी दी कि कुछ साल पूर्व यमुना पर छठ पूजा कर रहे श्रद्धालुओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। सरकार ने इन मुकदमों को वापस लेने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज दिल्ली सचिवालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में छठ पूजा के आयोजन की विस्तृत जानकारी दी ओर बताया कि सरकार इस बार छठ पर्व को भव्य बनाने के लिए विशेष तैयारी कर रही है। इस कॉन्फ्रेंस में उनके साथ दिल्ली सरकार के विकास व पर्यटन मंत्री श्री कपिल मिश्रा व मुख्य सचेतक श्री अभय वर्मा भी थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ पूजा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि दिल्ली की आस्था, संस्कृति और श्रद्धा का उत्सव है। वर्षों से यमुना नदी पर छठ पूजा पर लगा सरकारी प्रतिबंध इस बार हटा दिया गया है।

### छठ व्रतियों पर मुकदमें वापस लिए जाएंगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यह भी बताया कि आज से एक विशेष स्वच्छता अभियान शुरू किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत दिल्ली के सभी सांसद, विधायक, पार्षद और अन्य जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों के घाटों पर जाकर सफाई-स्वच्छता अभियान चलाएंगे। कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि पिछली सरकार के समय वर्ष २०२१ में यमुना किनारे छठ पूजा करने गए श्रद्धालुओं के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए थे। अब दिल्ली सरकार उन सभी एफआईआर और मामलों को वापस लेगी। पूर्व सरकार द्वारा आस्था पर प्रतिबंध लगाए गए थे, जबकि वर्तमान सरकार आस्था का सम्मान करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार दीपावली के अवसर पर दिल्ली ने इतिहास रचा और पहली बार कर्तव्य पथ पर भव्य ड्रोन शो और दीपोत्सव का आयोजन हुआ, उसी प्रकार इस बार की छठ पूजा भी दिव्य और भव्य होगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली अब केवल राजनीति की राजधानी नहीं, बल्कि आस्था की भी राजधानी बनने जा रही है। जिस श्रद्धा के साथ दिल्लीवासियों ने दीप जलाए, उसी समर्पण के साथ यमुना तट पर सूर्य देव को अर्घ्य देंगे।

# निगम ने पूजन सामग्री का संग्रहण अभियान प्रारंभ किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह के नेतृत्व में त्योहारी सीजन के बाद उपयोग किए गए दीये और मूर्तियों/पूजन सामग्री के संग्रहण के लिए एक पर्यावरण-अनुकूल पहल शुरू की है। यह पहल व्हाय वेस्ट वेडनेसडे फाउंडेशन के सहयोग से स्वच्छ वाहनिनी, जो टीडब्ल्यूईपीएल का एक सीएसआर प्रोजेक्ट है, के माध्यम से चलाई जा रही है तथा दिल्ली के विभिन्न रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों के सहयोग से क्रियान्वित की जा रही है। महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने बताया कि २१ अक्टूबर २०२५ को एमसीडी ने इस अभियान के तहत शहर के विभिन्न इलाकों से लगभग ३ मीट्रिक टन दीपक एकत्र किए हैं। एकत्र किए गए दीपक और मूर्तियों को कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्रों में वैज्ञानिक तरीके से निस्तारित किया जा रहा है, ताकि त्योहारी अपशिष्ट का पर्यावरण के अनुकूल प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके।

राजा इकबाल सिंह ने कहा कि यह पहल राष्ट्रीय राजधानी में जिम्मेदार और सतत कचरा प्रबंधन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने त्योहारी अपशिष्ट को अलग करें और स्वच्छ वाहनिनी की संग्रहण टीमों को सौंपकर इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें।



निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा यमुना स्थित सोनिया विहार छठ घाट का निरीक्षण करते हुए।

# सत्या शर्मा ने किया सोनिया विहार छठ घाट का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने यमुना स्थित सोनिया विहार छठ घाट का निरीक्षण किया। इस अवसर पर सांसद मनोज तिवारी एवं दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने भी छठ घाट पर चल रही तैयारियों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान स्थानीय पार्षद सोनी पांडे व निगम के अधिकारी भी उपस्थित थे। सत्या शर्मा ने बताया कि दिल्ली ।नगर निगम, दिल्ली सरकार के साथ समन्वय बनाकर सभी छठ घाटों पर स्वच्छता और अन्य सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कर रहा है। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा सभी घाटों पर समुचित सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट एवं फॉगिंग की व्यवस्था की जाएगी

**सभी घाटों पर कचरा उठाने, प्रकाश व्यवस्था तथा फॉगिंग पर विशेष ध्यान दिया जाएगा**

ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।उन्होंने कहा कि इस बार दिल्ली में भाजपा की सरकार होने के कारण नगर निगम और दिल्ली सरकार मिलकर छठ पर्व को भव्यता और श्रद्धा के साथ मनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। श्रीमती शर्मा ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का भी आभार व्यक्त किया कि उन्होंने दिल्लीवासियों के लिए इस बार छठ पर्व को इतने व्यापक स्तर पर आयोजित कराने का निर्णय लिया है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं एवं नागरिकों को छठ पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि दिल्ली नगर निगम यह सुनिश्चित करेगा कि सभी छठ घाट स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक रहें। दिल्ली नगर निगम ने छठ पूजा के सफल आयोजन के लिए सफाई कर्मचारियों को विशेष रूप से तैनात कर रहा है और सभी घाटों पर कचरा उठाने, प्रकाश व्यवस्था तथा फॉगिंग पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# जो कहा, वो किया: सचदेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की छठ पूजा को लेकर जो कहा वो किया है, रेखा गुप्ता सरकार ने भाजपा का एक ओर चुनाव संकल्प पूरा किया है और यमुना तट सहित दिल्ली में १५०० घाटों पर होगी छठ पूजा। २३ विशाल प्रकृतिक घाट यमुना तट पर रहेंगे तो वहीं लगभग १३०० कृत्रिम घाट विकसित किए जा रहे हैं और जनता की मांग पर लगभग २०० अन्य स्थान भी कृत्रिम घाट बनाने के लिए चिन्हित हुए हैं।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की जहां भाजपा की दिल्ली सरकार ने पूर्ववर्ती अरविंद केजरीवाल सरकार द्वारा अनैतिक रूप से यमुना तट पर पूजा पर रोक लगाये जाने की पोल खोली है तो वहीं यह गत अनेक वर्षों में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदर्शन आदि कर उठाए गई मांग की पूर्ति है।हमने गत वर्ष छठ पूजा से पूर्व जो मैली यमुना एवं अरविंद केजरीवाल की निष्क्रियता उजागर की थी उसी का परिणाम है छठ मैया की कृपा से आज दिल्ली में हमारी सरकार है।

सचदेवा ने कहा है जहाँ दिल्ली सरकार पूरी शिद्दत के साथ छठ की तैयारी कर रही है वहीं हमारे दिल्ली नगर निगम के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह स्वच्छता सफाई सुनिश्चित करेंगे।हम छठ पूजा की तैयारी एवं स्वच्छता को केवल दिल्ली सरकार या दिल्ली नगर निगम पर नही छोड़ेंगे।

पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष संतोष ओझा के नेतृत्व में कार्यकर्ता महा सफाई अभियान सभी प्रकृतिक एवं कृत्रिम घाटों पर चलायेंगे।पार्टी के सभी सांसद, विधायक, पार्षद, वरिष्ठ पदाधिकारी विभिन्न घाटों पर निरंतर दौरा कर रेखा गुप्ता सरकार के सर्वोत्तम छठ पूजा आयोजन के प्रयासों को सफल बनाने में सहयोग देंगे।

# जमना बाजार हनुमान मंदिर में रोशनी न होने से भक्तों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दीपावली के पांच दिनों के त्यौहार के अवसर पर आम सनातनी नागरिक अपने अपने घरों पर आस्था पूर्वक बिजली की लाईटें लगाकर अपने घरों को जगमगाते है, लेकिन राजधानी दिल्ली के ही जमना बाजार स्थित मरघट वाले हनुमान मंदिर के मंदिर की बुर्जियों और मंदिर के आसपास लाईटिंग व्यवस्था ना होने दर्शन करने आए श्रद्धालुओं ने भारी रोष दिखाई दिया।

इतना ही नहीं भक्तों ने मंदिर के प्रबंधकों से यहां तक कहां,कि यदि आप लोगों में बाबा के पवित्र स्थान को जगमगाने की क्षमता नही है,तो आपको भक्तों से कहकर ही लाईटें लगवानी थी, इतना चढावा आने के



बावजूद यहां के ट्रस्टी अपना घर भरते हैं। यमुना पार से आई बाबा के भक्तों की एक टोली ने दीपावली के त्यौहार पर हनुमान बाबा के मंदिर के सूनेपन पर रोष जताया। भक्तों की टोली हनुमान मंदिर प्रदीप शर्मा, सुनील कश्यप, अधिवक्ता अभिषेक परिहार हेमंत निखिल, नितिन आदि ने इस संदर्भ में मंदिर के सेवादारों के पास जाकर रोष प्रकट किया।,

# खरीदारी के बहाने सोने की अंगूठी बदली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लक्ष्मी नगर स्थित एक नाम ज्वैलरी शोरूम में धनतेरस के दिन खरीदारी के बहाने महिला चोरों ने सोने की अंगूठी को बदल दिया गहने। आरोपी महिलाओं ने शोरूम में खरीदारी के दौरान असली अंगूठी उठाकर उसकी जगह नकली अंगूठी रख दीं। उनकी ये करतूत दुकान के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई और बुधवार को इनकी यह फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। फिलहाल मामले में पीड़ित की ओर से चोरी की शिकायत देकर मामला दर्ज करवा दिया गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज में दिख रही महिलाओं की पहचान व पकड़ने की कोशिश कर रही है।वायरल सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि धनतेरस वाले दिन खरीदारी के लिए दुकान पर पहुंची आरोपी महिलाएं अंगूठी देखने के बहाने अपने सामने अंगूठी का पूरा बॉक्स रखवाती हैं।

इसके बाद शोरूम कर्मचारी के दूसरे ओर देखते ही उसमें से एक अंगूठी निकालकर उसकी जगह नकली अंगूठी रख देती हैं। उस समय तो खरीदारी की भीड़ के चलते इन महिला चोरों की करतूत कर्मचारियों की नजर में आने से बच गई। गहनों की जांच के दौरान नकली अंगूठी मिलने पर सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई तो आरोपी महिलाएं अंगूठी चुराकर उसे नकली अंगूठी से बदलती दिखाई दीं।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# गाली देने का विरोध करने पर छात्र की चाकू मारकर की हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कटघर थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां गाली देने का विरोध करने पर 17 वर्षीय छात्र की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें जुट गई हैं।घटना थाना कटघर क्षेत्र के मोहल्ला कटघर बीच छोटा छत्ता की है।

यहां रहने वाला विनायक सिंह (17 वर्ष) पुत्र पवन कुमार सिंह इंटरमीडिएट (कक्षा 12) का छात्र था। मंगलवार शाम करीब सात बजे विनायक अपने घर के पास खड़ा था। उसी दौरान पड़ोसी फूले कौशिक नशे की हालत में वहां पहुंचा और बिना वजह विनायक को गालियां देने लगा। विनायक ने इसका विरोध करते हुए उसे वहां से जाने को कहा।आरोप है कि इससे गुस्साए फूले ने विवाद शुरू कर दिया और आवाज




लगाकर अपने भाई अनंग कौशिक, पिता मनोज और चाचा अनिल कौशिक को भी बुला लिया।आरोप है कि चारों ने मिलकर विनायक के साथ मारपीट शुरू कर दी। झगड़े के दौरान फूले कौशिक ने चाकू निकालकर विनायक के पेट में वार कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल विनायक मौके पर ही गिर पड़ा। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। शोरगुल सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और लहुलुहान हालत में विनायक को कांठ रोड स्थित एक निजी अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना मिलते ही कटघर थाना पुलिस और उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि पुलिस ने घटना स्थल की जांच कर साक्ष्य जुटाए हैं। मृतक के परिजनों से पूछताछ की जा रही है। आरोपियों की तलाश में पुलिस की कई टीमें गठित की गई हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# विधवा महिला से दुष्कर्म व ब्लैकमेलिंग के आरोप में न्यायालय के आदेश पर छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बनियाठेर।** न्यायालय के आदेश पर थाना बनियाठेर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग के गंभीर आरोप में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह मामला एक विधवा महिला से जबरन संबंध बनाकर उसका वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने से संबंधित है। पीडिघ्ता ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई थी, जिसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

सूत्रों के अनुसार, मुकदमे में नामजद मुख्य अभियुक्त शरवेन्द्र उर्फ अंशु गौड़ का आपराधिक इतिहास रहा है। वह पहले चन्दौसी क्षेत्र में डकैती और अन्य गंभीर अपराधों में वांछित रह चुका है। पुलिस और जनता के विरोध से बचने के लिए वह अलीगढ़ जाकर बस गया, जहां अधिकारियों और नेताओं से संबंध बनाकर खुद को 'पर्यावरणविद' बताने लगा। इसी आड़ में उसने एक गिरोह तैयार किया, जो संभ्रांत परिवारों से मित्रता कर उनके निजी वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग करता था।

सूत्र बताते हैं कि आरोपी ने अलीगढ़ में भी कुछ अधिकारियों से धन वसूली की थी। उसके तथाकथित पर्यावरण कार्य केवल दिखावा थे, कई जगहों से ठेके लेने के बाद उसने कोई काम पूरा नहीं किया। चन्दौसी में भी उसने कई संभ्रांत परिवारों में फूट डालकर उन्हें ब्लैकमेल करने का प्रयास किया।

पीडिघ्ता, जो चुन्नी मोहल्ला चन्दौसी की निवासी है, ने अपनी तहरीर में बताया कि 20 अप्रैल 2025 को दोपहर लगभग 12 बजे वह बिलारी जाने के लिए वाईपास के पास खड़ी थी। तभी अंकुश की पत्नी ने उसे बुलाकर कार (नंबर यूपी 81 डीबी 1000) में बैठा लिया। कार में बैठने के बाद उसे रुमाल सूंघाकर बेहोश कर दिया गया और उसके साथ बलात्कार किया गया। इस दौरान अंकुश की पत्नी ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया।महिला ने कहा कि वह अंकुश की पत्नी को पहले से जानती थी, इसलिए बिना संदेह के कार में बैठ गई। घटना के बाद आरोपियों ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उससे पैसे की मांग शुरू कर दी। पैसे न देने पर उसे झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी गई।फिलहाल न्यायालय के आदेश पर थाना बनियाठेर पुलिस ने अंकुश वार्ष्णेय, उसकी पत्नी, श्रवण कुमार, शरवेन्द्र उर्फ अंशु गौड़, शरवेन्द्र के पुत्र और अन्य के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को सुरक्षा और अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**श ाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0)' के अंतर्गत रविवार को जनपद सम्भल में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा के निर्देशन में जनपद के सभी थानों पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत चौपालों एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया।



इन कार्यक्रमों में महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी अधिकारों, सरकारी योजनाओं एवं हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी गई। महिला पुलिसकर्मियों ने बालिकाओं को आत्मरक्षा, असामाजिक तत्वों से बचाव एवं महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण की प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया। साथ ही बताया गया कि शासन एवं पुलिस विभाग महिलाओं को सशक्त, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। 'मिशन शक्ति-5.0' अभियान के तहत महिला पुलिसकर्मियों ने जनपद के प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, स्कूलों, कॉलेजों, धार्मिक स्थलों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पंपलेट वितरित कर विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इनमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, यूपी राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, पीएम स्वनिधि योजना, आयुष्मान भारत योजना, महिला शक्ति केंद्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना आदि शामिल हैं। इसके साथ ही महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जिनमें वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस 108, महिला हेल्पलाइन 181, और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 प्रमुख हैं। मोबाइल पर 'पैनिक बटन' और 'इमरजेंसी कॉल' का भी डेमो प्रस्तुत किया गया। महिला पुलिसकर्मियों ने कहा कि यह अभियान न केवल सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ा रहा है, बल्कि महिलाओं को आत्मविश्वास एवं सशक्तिकरण की दिशा में प्रेरित भी कर रहा है।

# लाइनपार क्षेत्र में बिजली के खंभे में लगी आग, इलाके में छाया अंधेरा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के मझोला थाना क्षेत्र स्थित मझोला चौक साई मंडप के सामने अचानक बिजली के खंभे में आग लग गई। देखते ही देखते खंभे पर लगी तारें धधक उठीं और कुछ ही मिनटों में पूरी तरह जलकर राख हो गईं। आग लगते ही इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों ने शोर मचाकर एक-दूसरे को सचेत किया और मौके पर भीड़ जुट गई।बिजली की तारें जल जाने से पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई, जिससे आसपास के घरों और दुकानों में अंधेरा छा गया। लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। वहीं, कुछ लोगों ने आग बुझाने का प्रयास भी किया, लेकिन बिजली का करंट होने के कारण कोई पास नहीं जा सका।स्थानीय लोगों ने तत्काल घटना की सूचना बिजली विभाग और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बिजली विभाग की टीम मौके पर रवाना हो गई और आपूर्ति लाइन को बंद कराया गया। अधिकारियों का कहना है कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। टीम द्वारा मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है और जल्द ही बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

घटना से क्षेत्र में लगभग एक घंटे तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# शक्तिनगर मंदिर में हुआ अन्नकूट भंडारा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** दीपावली के उपरांत बुधवार को शक्तिनगर स्थित कायस्थ समाज के मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के साथ गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। बता दें कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल अन्नकूट भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ धार्मिक मंत्रोच्चारण और गोवर्धन पूजा के साथ हुआ। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ प्राप्त किया। मंदिर परिसर में भक्ति संगीत और भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान सुशील सक्सैना, राजीव सक्सैना, दिलीप सक्सैना, मुकेश सक्सैना, नीरज सक्सैना, नरेन्द्र सक्सैना, विपिन सक्सैना, चुन्नू सक्सैना, एस.के. सक्सैना, गिरीश सक्सैना, सुरेश सक्सैना, मुकेश सक्सैना, उपासना सक्सैना, मिथलेश सक्सैना, सीमा सक्सैना, रश्मि हर्षवर्धन आदि मौजूद रहे।

# हाजी अकबर हुसैन के पुत्र वसीम अकबर के चुनाव लड़ने की चर्चाएं तेज, समर्थकों में खुशी

■ बिलारी से सपा की परंपरागत सीट पर मंडरा सकता है खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** जिले की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। पूर्व मंत्री हाजी अकबर हुसैन के पुत्र वसीम अकबर के बिलारी विधानसभा से चुनाव लड़ने की चर्चाओं ने सियासी गलियारों में नई सरगर्मी ला दी है।



जानकारों के अनुसार, जब कुन्दरकी और बिलारी एक ही विधानसभा हुआ करती थी, उस समय हाजी अकबर हुसैन कई बार विधायक रहे और उन्होंने क्षेत्र में विकास कार्यों से मजबूत राजनीतिक पकड़ बनाई थी। उनकी लोकप्रियता आज भी क्षेत्र में कायम है। अब उनके पुत्र वसीम अकबर के चुनावी मैदान में उतरने की संभावनाओं से राजनीतिक समीकरणों में बदलाव देखने को मिल सकता है। माना जा रहा है कि अगर वसीम अकबर बिलारी से चुनाव लड़ते हैं, तो समाजवादी पार्टी की परंपरागत सीट पर खतरा मंडरा सकता है, क्योंकि हाजी अकबर हुसैन का परिवार क्षेत्र की जनता से गहरे जुड़ा रहा है।

दूसरी ओर, कई लोगों का मानना है कि वसीम अकबर के आने से पुराने समर्थक फिर से सक्रिय हो सकते हैं।

फिलहाल, सियासी चर्चाओं का बाजार गर्म है और सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि वसीम अकबर वास्तव में चुनावी मैदान में उतरते हैं या नहीं।

# भोजपुर में मारपीट का मामला, दी तहरीर

**भोजपुर।** पुलिस ने गांव चकबेगमपुर निवासी कमल सैनी की तहरीर पर गांव के ही सुरजपाल, उसकी पत्नी बीना, नौबत सिंह और उसके बेटे प्रवेंद्र सिंह के खिलाफ मां और भाई के साथ मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विवाद की वजह पुरानी रंजिश बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

# समर्पण वेलफेयर सोसाइटी ने वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों संग मनाई दीपावली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** समर्पण वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में दीपावली के पावन अवसर पर कैथल गेट स्थित वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों के साथ दीपावली उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें संस्था के सदस्यों ने बुजुर्गों के साथ मिलकर दीपक जलाए और परिसर को रंगोली, झालर एवं दीपों से सजाया। इस अवसर पर मिठाई और फल वितरित किए गए।

वृद्ध आश्रम के बुजुर्गों व कर्मचारियों ने मिलकर उत्सव का आनंद लिया, जिससे पूरे कार्यक्रम में प्रेम, सौहार्द और अपनत्व का वातावरण बना रहा। संस्था के सदस्यों ने वरिष्ठ नागरिकों से संवाद करते हुए उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। संस्था की सचिव अभिलाषा प्रजापति ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य उन बुजुर्गों के साथ खुशियां साझा करना था जो अकेलेपन से जूझ रहे हैं।

संस्था के सदस्यों ने वरिष्ठ नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं के बारे में जानकारी एकत्र की और भविष्य में यथासंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के चेहरों पर आई मुस्कान ही कार्यक्रम की सार्थकता का प्रमाण है। कोषाध्यक्ष काजल अरोड़ा ने कहा कि दीपक केवल सजावट के लिए नहीं जलाए जाते, बल्कि यह अंधकार, अज्ञानता और नकारात्मकता को दूर करने का प्रतीक है।

दीपक का प्रकाश हमें जीवन में सकारात्मकता और ज्ञान की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है। ग्रुप सदस्य रश्मि वर्मा ने चार्ट के माध्यम से दीपावली पर्व का भावपूर्ण चित्रण प्रस्तुत किया, जिसे सभी ने सराहा।

इस अवसर पर वृद्ध आश्रम की निदेशक, कर्मचारीगण और संस्था की सदस्याएं काजल अरोड़ा, अभिलाषा प्रजापति, सपना गुप्ता, मीनू अग्रवाल, रश्मि वर्मा, रंजना शर्मा, रीना सिंह तथा माला मिश्रा आदि उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मीनू अग्रवाल ने की तथा संचालन सचिव अभिलाषा प्रजापति द्वारा किया गया।






# जिलाधिकारी ने गोवर्धन पर्व पर की गो पूजा, दिया संरक्षण का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** गोवर्धन पर्व के अवसर पर बुधवार को जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने विकासखंड बहजोई के घासीपुर स्थित गो आश्रय स्थल पहुंचकर विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना कर गौ पूजन किया। उन्होंने इस अवसर पर गौसंरक्षण, संवर्धन एवं सेवा का संदेश दिया। जिलाधिकारी ने गोमाता की आरती उतारकर समाज में गौसेवा के महत्व को रेखांकित किया।



उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गाय को माता का स्थान दिया गया है और गोसेवा से न केवल धार्मिक पुण्य की प्राप्ति होती है बल्कि पर्यावरण संतुलन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलती है।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने संयुक्त रूप से गौशाला परिसर में दीप प्रज्वलित कर गोवर्धन पर्व की शुभकामनाएं दीं।

# पुलिस ने मारपीट के मामले में घायलों का कराया मेडिकल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** पुलिस ने गांव जहांगीरपुर निवासी विशाल की तहरीर पर भाई विकास, भाभी इंदुबाला, भतीजी अंजलि और भाभी के पिता नन्हे के खिलाफ बहन बैशाली और मां कमलेश को मारपीट कर घायल करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का प्रयास करेगी। पीड़ित परिवार ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

# ओएलएफ में हुआ अन्नकूट भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** दीपावली के उपरांत बुधवार को गोवर्धन पूजा की की गई जहां महिलाओं एवं पुरुषों ने गौशालाओं में जाकर गायों को चारा खिलाया तो वहीं घरों में गाय के गोबर से गोवर्धन बनाकर विधि-विधान से पूजा की गई। बुधवार को ओएलएफ के स्वामी कपिल वार्ष्णेय द्वारा विशाल अन्नकूट भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में नगर के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। यहां बताते चलें कि ओमीलाला फार्म हाउस वाले समाजसेवी ओमप्रकाश वार्ष्णेय एवं उनके पुत्र कपिल वार्ष्णेय प्रतिवर्ष अन्नकूट का भंडारे का आयोजन किया जाता है। समाजसेवी ओमप्रकाश वार्ष्णेय ने बताया कि अन्नकूट भंडारा प्रेम, सेवा और एकता का प्रतीक है। इस आयोजन का उद्देश्य लोगों में सहयोग और सांस्कृतिक एकता की भावना को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि इस दिन भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत की पूजा का विशेष महत्व होता है, जो प्रकृति और गौसेवा के प्रति आभार का प्रतीक है। बुधवार को भंडारे में कपिल वार्ष्णेय, सचिन अग्रवाल, बबलू सिंघानिया, सुनीता अग्रवाल, मुकुल अग्रवाल, रुपांशी अग्रवाल, रवि पत्थरवाले, अमित कुमार, गिरीश बन्धु आदि मौजूद रहे।

# छठ पर्व को लेकर सीएम ने घाटों की तैयारियों का किया निरीक्षण

**सरकार का संकल्प है कि छठ व्रतधारियों को पूरा सम्मान और अपनापन मिले।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने छठ पर्व की तैयारियों के तहत आज वजीराबाद स्थित सूर घाट और उत्तरी दिल्ली स्थित प्रेमबाड़ी पुल से एयू ब्लॉक तक मुनक नहर के किनारे बन रहे छठ घाटों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए।

मुख्यमंत्री ने वहां घाट निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, सफाई- स्वच्छता आदि की प्रगति की जानकारी भी ली। मुख्यमंत्री का कहना है श्रद्धा, आस्था और शुचिता के इस पर्व को लेकर दिल्ली सरकार उत्साहित है। सरकार का संकल्प है कि छठ व्रतधारियों को पूरा सम्मान और अपनापन मिले। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पर्व के दौरान सरकार की ओर से श्रद्धालुओं को पूरी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि छठ पर्व पर प्रकृति के प्रति समर्पण हमें पर्यावरण की सुरक्षा का भी संदेश देता है। मुख्यमंत्री सबसे पहले सूर घाट पहुंची। वहां निरीक्षण के दौरान उनके साथ दिल्ली सरकार के विकास मंत्री कपिल मिश्रा व विधायक अभय वर्मा सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से सभी व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देशा था कि घाट पर स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम और भीड़ प्रबंधन की सभी तैयारियाँ समयबद्ध और व्यवस्थित ढंग से पूरी की जाएं, ताकि छठ पर्व के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा चूंकि इस घाट पर लाखों श्रद्धालु आएंगे, इसलिए यहां यातायात व्यवस्था के लिए भी व्यापक इंतजाम किए जाएं।

मुख्यमंत्री इसके बाद मुनक नहर पहुंची, जहां छठ व्रतधारियों के लिए बड़े स्तर पर घाटों का निर्माण किया जा रहा है। इस दौरे में उनके साथ स्थानीय पार्षद डॉ. अमित नागपाल, समाजसेवी सहित आला अधिकारी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने वहां बन रहे घाटों के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि इनका निर्माण इस तरह से किया जाए कि किसी भी व्रतधारी को परेशानी न हो। घाटों पर सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने स्थानीय निवासियों और श्रद्धालुओं से संवाद भी किया। मुख्यमंत्री के अनुसार हरियाणा से निकलकर दिल्ली से गुजरने वाली मुनक नहर पर छठ पूजा के दौरान लाखों की संख्या में श्रद्धालु एकत्र होते हैं, जिससे पहले भारी भीड़ और अव्यवस्था की स्थिति बन जाती थी। लेकिन इस वर्ष, सरकार ने समय रहते सफाई अभियान, डिसिल्टिंग कार्य और घाट निर्माण प्रारंभ कर दिया है। अब तक यहां से ट्रकों के माध्यम से सिल्ट हटाई जा चुकी है और यह कार्य तेजी से जारी है ताकि छठ पर्व पर कोई असुविधा न हो।

## छठ पूर्व नहाय खाय पूजन के दिन से होगी नए कार्यालय में काम की औपचारिक शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा ने आज १९९१ से १४ पंत मार्ग पर चल रहे कार्यालय को अलविदा कहते हुए अपने दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित नये कार्यालय में सथांतरण प्रक्रिया प्रारम्भ कर दिया।

पवित्र छठ पर्व के पूर्व नहाय खाय दिवस २५ अक्टूबर से नया कार्यालय पार्टी का दिल्ली का स्थाई कार्यालय पता बन जायेगा, प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा एवं सभी पदाधिकारी और पूरा स्टाफ यहीं से काम करेंगे।

आज प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा नये कार्यालय में अपने चौथी मंजिल कार्यालय में बैठे और कार्यकर्ताओं से मिले। प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल एवं कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग भी आज अपने दूसरी मंजिल स्थित कक्षों में बैठे। कार्यालय मंत्री बृजेश राय एवं मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने भूतल पर अपने कक्षों में बैठे और आगंतुकों से मिले।

## दोस्त के साथ चलाई थी गोली आरोपी पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने चांदनी महल थाने के तहत हुए हत्या के प्रयास के मामले में वांछित सीसीएल को पकड़ा है।पुलिस ने उसके पास से गोलीबारी में प्रयुक्त हथियार बरामद किया है।आरोपी पहले भी गोलीबारी और हत्या के प्रयास मामले में शामिल रहा है। दिल्ली पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि २१.अक्टूबर को चांदनी महल थाना क्षेत्र में गोलीबारी की एक घटना घटी।इस सूचना के आधार पर एसीपी राजबीर मालिक की देखरेख में इंस्पेक्टर गौरव चौधरी के नेतृत्व में टीम ने कई सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया और आरोपी व्यक्ति और सीसीएल द्वारा इस्तेमाल किए गए मार्ग का पता लगाने के लिए तकनीकी निगरानी विकसित की। इसके बाद टीम ने, प्रेस क्लब रोड, कमला मार्केट, में अपना जाल बिछाकर एक सीसीएल को पकड़ लिया।

## दिल्ली-आगरा सेक्शन पर रेल यातायात बाधित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हजरत निजाम. द्दीन-खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस (२२४७०/२२४६९), नई दिल्ली-रानी कमलापति शताब्दी एक्सप्रेस (१२००२/१२००१), नई दिल्ली-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी ताज एक्सप्रेस (१२२८०/१२२७९), नई दिल्ली-सोगरिया इंटरसिटी एक्सप्रेस (२०४५२/२०४५१), हजरत निजाम. द्दीन-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी गतिमान एक्सप्रेस (१२०५०/१२०४९) और अलीगढ़-पुरानीदिल्ली पैसेंजर समेत कई ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। कई अन्य ट्रेनों के रूट में बदलाव किया गया है।

नईदिल्ली-ग्वालियर (१४२१२) का रूट कोसी कलां कर दिया गया है। वापसी यात्रा में, ग्वालियर-नई दिल्ली (१४२११) कोसी कलां और नई दिल्ली के बीच चलेगी। इन ट्रेनों के रूट बदले गए बांद्रा टर्मिनस-हजरत निजामुद्दीन गरीब रथ एक्सप्रेस (१२९०९), मुंबई सेंट्रल-अमृतसर गोल्डन टेंपल एक्सप्रेस (१२९०३), और मडगांव- चंडीगढ़ गोवा संपर्क क्रांति एक्सप्रेस (१२४४९) रतलाम, चंदेरिया, अजमेर, फुलेरा, रींगस, रेवाड़ी और पुरानी दिल्ली होकर चलेंगी।

बांद्रा टर्मिनस-लालकुआं सुपर फास्ट (२२५४३) मथुरा, कासगंज और बरेली होकर चलेगी। वलसाड-हरिद्वार सुपरफास्ट (१२९११) बयाना-आगरा फोर्ट, मितावली, खुर्जा और मेरठ सिटी होकर चलेगी। क्रांतिवीर संघोली रैना-हजरत निजाम. द्दीन (२२६९१) आगरा कैंट, मित. ावली और चिपियाना बुजुर्ग के रास्ते चलेगी। विशाखा पत्तनम-नई दिल्ली (२०८०५) आगरा कैंट, मितावली, चिपियाना बुजुर्ग के रास्ते चलेगी।

## कृषि भूमि का सर्किल रेट फिर से निर्धारित करने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार १७ साल बाद दिल्ली में कृषि भूमि के सर्किल रेट को फिर से निर्धारित करने की तैयारी कर रही है। इसके जवाब में, दिल्ली के किसानों ने ८.५ करोड़ से १० करोड़ प्रति एकड़ तक का सर्किल रेट सुझाया है।

कई गाँवों ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर किसानों की भूमि अधिग्रहण के संबंध में १७ अक्टूबर को उत्तरी दिल्ली के जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय में हुई बैठक में उठाए गए मुद्दों पर विचार करने का अनुरोध किया है। दिल्ली में कृषि भूमि का सर्किल रेट वर्तमान में रु ५३ लाख प्रति एकड़ है, जो २००८ से नहीं बढ़ा है। दिल्ली के २०० से ज्यादा गांवों में अभी भी खेती हो रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि ५०,००० एकड़ से ज्यादा जमीन पर खेती हो रही है। ये किसान पिछले कई सालों से सरकार पर उनकी उपेक्षा का आरोप लगा रहे हैं।

सरकार द्वारा सब-सर्किल रेट बढ़ाने के संबंध में सुझाव मांगे जाने के बाद, विभिन्न क्षेत्रों के निवासियों ने सुझाव दिए हैं। दिल्ली सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि सुझाव ५ करोड़ एकड़ से लेकर १० करोड़ एकड़ कृषि योग्य भूमि तक के हैं। दिल्ली पंचायत संघ ने सर्कल रेट संबंधी अपने प्रस्तावों में अनुरोध किया है कि दिल्ली के ग्रामीण इलाकों में किसानों की कृषि भूमि का सर्कल रेट बढ़ाकर १० करोड़ रुपये प्रति एकड़ किया जाए।



छठ पर्व को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता घाट पर हो रही तैयारियों का जायजा लेती हुईं।

## डीटीसी बसों की कोई कमी नहीं: परिवहन मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन विभाग ने साफ किया है कि परिवहन विभाग राजधानी में लगातार बस यात्रियों की सुविधाएं बढ़ाने और बसों के फ्लीट के लिए सक्रिय और कई ठोस कदम उठाएं जा रहे हैं।

परिवहन विभाग ने कहा है कि दिल्ली में बसों की कोई कमी नहीं है और यात्रियों से भी अपील है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं दें।

त्योहारी सीजन के दौरान बसों की बढ़ी हुई मांग के चलते हो सकता है कि कुछ यात्रियों को मामूली असुविधाओं का सामना करना पड़ा हो, लेकिन राजधानी दिल्ली के सभी रूटों पर बसों का संचालन सुचारू रूप से जारी है। विशेष रूप से रूट रेशनलाइजेशन के माध्यम से बेहतर कनेक्टिविटी और बसों की फ्रीक्वेंसी सुधार पर विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा है। दिल्ली परिवहन विभाग राजधानी दिल्ली में यात्रियों के वेटिंग टाइम को और कम करने और कुशल सेवा सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयासरत है। परिवहन विभाग ने वर्तमान में कई प्रमुख कदम उठाए जा रहे हैं।

आईआईटी दिल्ली द्वारा किए गए विस्तृत विश्लेषण के आधार पर मार्गों का पुनर्निर्धारण किया जा रहा है, ताकि सेवाएं यात्रियों की मांग के अनुरूप हों और प्रतीक्षा समय न्यूनतम किया जा सके। यह कार्य परिवहन मंत्री के निर्देशानुसार किया जा रहा है। ९ मीटर लंबी इलेक्ट्रिक देवी बसों १२ मीटर वाले मौजूदा मार्गों पर चलाई जा रही हैं ताकि चरणबद्ध रूप से हटाई गई सीएनजी बसों से बनी कमी को पूरा किया जा सके। इससे विशेषकर बाहरी और सुदूर इलाकों में बस कवरेज को मजबूती मिली है। वर्तमान में परिवहन विभाग के पास लगभग ४,००० बसों का सक्रिय बेड़ा है, जिसमें सीएनजी बसें, बड़ी इलेक्ट्रिक बसें और ९ मीटर लंबी देवी इलेक्ट्रिक बसें शामिल हैं। ये बसें आईआईटी दिल्ली द्वारा तैयार संशोधित योजना के अनुसार ४२६ सिटी रूट्स, १२ एनसीआर रूट्स और ७० देवी बस रूट पर संचालित हो रही हैं।अगले वर्ष तक बसों की संख्या बढ़ाकर ७,००० की जाएगी, जिससे दिल्ली और एनसीआर में परिचालन क्षमता तथा सेवा कवरेज और अधिक सुदृढ़ होगा।नए बस क्यू शेल्टरों का निर्माण डीटीआईडीसीएल द्वारा किया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट में जिस मुद्दे का उल्लेख किया गया है, उसे डीटीआईडीसीएल को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया है।

## व्यक्तिगत विवाद को लेकर किया हमला, धरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस के स्पेशल स्टाफ ने अशोक विहार में हुए हत्या के प्रयास मामले के वांछित को गिरफ्तार किया है।आरोपी ने व्यक्तिगत विवाद को लेकर पीड़ित के साथ तीखी बहस, गाली-गलौज और शारीरिक हमला किया था। आरोपी पहले भी अपराधिक मामले में शामिल रहा है। दिल्ली के उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि २ अप्रैल को एक शिकायत प्राप्त हुई। अपने बयान में शिकायतकर्ता ने बताया कि, उसने चार व्यक्तियों - साहिल उर्फ चिकना, दिनेश उर्फ घ्घ्नंगा, राहुल उर्फ मतड़ (२५) और कृष्ण झा - को अपने चाचा पके साथ एक तीखी बहस के बाद गाली-गलौज और मारपीट करते देखा।

## गोवर्धन पूजा व अन्नकूट महोत्सव मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दीवाली के बाद आज दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश सहित देशभर में गोवर्धन पूजा बड़े ही धूमधाम से मनाई गई।

श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण को 56 भोग अर्पित किए और गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाकर विधि-विधान से पूजा संपन्न की। इसी क्रम में दिल्ली के चांदनी चौक से संसद सदस्य एवं कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने भी अपने निवास पर गोवर्धन पूजा का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में दिल्ली के प्रमुख लोगों ने भाग लिया।

इस अवसर पर 'कैट वेद एवं ज्योतिष कमेटी के संयोजक तथा उज्जैन के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य आचार्य श्री दुर्गेश तारे एवं अन्य प्रकांड विद्वान पंडितों ने' ने गाय के गोबर से भगवान श्रीकृष्ण और गोवर्धन पर्वत की प्रतिमाएं बनाकर मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की।



गोवर्धन पूजा प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण की भावना से जुड़ी है। इस वर्ष देशभर में इसे अत्यंत उत्साह के साथ मनाया गया, 'जिससे पूजा थाल, मिट्टी के दीये, देसी घी, दूध-दही, चंदन, फूल-माला, मिठाइयां, सजावटी कलश, पूजा वस्त्र और स्टील के बर्तनों की बिक्री में जबरदस्त बढ़ोतरी देखी गई'। इसी क्रम में अन्नकूट उत्सव भी उल्लास के साथ मसंसद सदस्य प्रवीन खंडेलवाल' ने कहा दीवाली पर रिकॉर्डतोड़ बिक्री के बाद भी देशभर के बाजारों में ग्राहकों की जबरदस्त आवाजाही जारी है। यह दर्शाता है कि भारतीय त्योहारों के प्रति लोगों का उत्साह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन 'वोकल फॉर लोकल' भावना के तहत घरेलू उत्पादों में विश्वास दोनों ही निरंतर बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि दीवाली से लेकर अब तक के सभी प्रमुख त्योहारों के दौरान 'पूजा सामग्री, मिठाइयां, परिधान, गिफ्ट आइटम्स, बर्तन और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं की बिक्री में २५ से 30 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है'। अब व्यापारी वर्ग की निगाहें 'शादी सीजन' पर टिकी हैं, जो 1 नवंबर से देवउठनी एकादशी के बाद शुरू होकर 14 दिसंबर' तक चलेगा।कैट का अनुमान है कि इस अवधि में देशभर में लाखों शादियां होंगी, जिससे बाजारों में दीवाली जैसी ही चहल-पहल देखने को मिलेगी। नाया गया, जो देवी अन्नपूर्णा के प्रति आभार और कृतज्ञता व्यक्त करने का पर्व है।

## दो स्नेचरों को धर-दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहदरा डिस्ट्रिक के सीमापुरी थानांतर्गत दिलशाद गार्डन ई-पॉकेट से पुलिस को मोबा. इल फोन छीनने की एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी।

शिकायत कर्ता के बयान पर, थाना सीमापुरी अंतर्गत एफआईआर संख्या ७४६/२५, धारा ३०४(२)/३(५) के तहत मामला दर्ज किया गया,और आरोपियों की तलाश शुरू की गयी।

घटना की गंभीरता को देखते हुए एसीपी सीमापुरी मुकेश कुमार, एसएचओ सीमापुरी इंस्पेक्टर सतविंदर राणा के नेतृत्व में एएसआई नेत्रपाल, एचसी चंदन, एचसी सचिन राणा, एचसी जयवीर सिंह, एचसी प्रवेश, कांस्टेबल सुनील, कांस्टेबल विनीत, कांस्टेबल नितिन पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी कई सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई, जहां सीसीटीवी कैमरे में दो संदिग्ध दिखाई दिए सीसीटीवी फुटेज की मदद से संदिग्ध व्यक्ति का पीछा किया गया।

सभी संदिग्ध व्यक्तियों को कलंदर कॉलोनी दिलशाद गार्डन दिल्ली में प्रवेश कराया गया। गुप्त मुखबिर द्वारा आरोपियों की पहचान देव कुमार उर्फ देवा (२७) और अजय उर्फ छोटी (३०) के रूप में की गई।

दोनों को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से दो छीने गए, एक चोरी का मोबाइल फोन और एक चोरी की मोटर साइकिल बरामद की गई पकड़े गए दोनों आरोपियों पर पहले से ही कई मामले दर्ज है।

## हत्या मामले में भगोड़ा मुठभेद के बाद गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका जिला पुलिस के एंटी-नारकोटिक्स सेल और एएटीएस की संयुक्त टीम ने बिंदापुर में हुए हत्या के मामले में वांछित को एक्सचेंज ऑफ फायर के बाद गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से एक सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और दो खाली कारतूस बरामद किए है।आरोपी हत्या करने के बाद, गवाहों को खत्म करने के लिए स्थानीय अपराधियों के संपर्क में आया था।इस कार्रवाई में, इंस्पेक्टर के बाएँ हाथ में भी गोली लगी थी।दिल्ली के द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि १७- अगस्त की मध्य रात्रि को बिंदापुर थाने में कुलदीप नामक व्यक्ति की चाकू मारने की सूचना मिली थी।



उप महापौर जय भगवान यादव शाहबाद डेयरी का निरीक्षण करते हुए।

## उप महापौर ने छठ महापर्व की तैयारियों का जायजा लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उप महापौर जय भगवान यादव ने नरेला क्षेत्र के वार्ड नंबर २८ शाहबाद डेयरी का निरीक्षण किया।

इस दौरान उप महापौर ने छठ पूजा से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर निगम की शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा,शाहबाद डेयरी वार्ड के पार्षद श्री रामचंद्र,नरेला क्षेत्र के उपायुक्त राजीव सिंह,दिल्ली नगर निगम के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण एवं स्थानीय नागरिक भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।उप महापौर जयभगवान यादव ने कहा कि दिल्ली की माननीय मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में इस बार छठ महापर्व के सफल आयोजन के लिए साफ सफाई,रोशनी एवं व्रतियों की सुविधा के लिए अभूतपूर्व इंतजाम किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही इलाके में साफ सफाई की स्थिति का अवलोकन करने के लिए आज शाहबाद डेयरी वार्ड का निरीक्षण किया गया। श्री जयभगवान यादव ने कहा कि आने वाली छठ पूजा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए छठ घाटों का भी निरीक्षण किया गया। घाटों पर साफ सफाई, बिजली,लाइट और आने जाने की सुगमता संबंधी इंतजामों को देखा गया। जयभगवान यादव ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री महोदया के निर्देशन में हम छठ पूजा के आयोजन के लिए कोई भी कसर नहीं छोड़ेंगे।

## पर्यावरण मंत्री ने की आईटीओ घाट पर सफाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने छठ पूजा २०२५ को भव्य, स्वच्छ और सुरक्षित रूप से मनाने के लिए पूरे शहर में व्यापक सफाई एवं छठ पूजा तैयारी अभियान शुरू किया है।

पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने आईटीओ छठ घाट का दौरा कर सफाई एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्वयं फावड़ा उठाकर घाट के एक हिस्से की सफाई कर सरकार की सेवा भावना का परिचय दिया।इस मौके पर मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि "यह सफाई अभियान केवल यमुना घाटों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे दिल्ली के अंदर चल रहा है। जहां-जहां छठ पूजा के आयोजन हैं, वहां भव्य इंतजाम किए गए हैं और दिल्ली की सीएम शरेखा गुप्ता खुद उनकी मॉनिटरिंग कर रही हैं,"

उन्होंने बताया कि सभी घाटों पर सफाई, सुरक्षा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के भव्य आयोजन की तैयारी पूरी लगन से की जा रही है।"यह छठ पूजा उतनी ही भव्य होगी जितनी भव्य इस बार की दिवाली थी।

२७ साल बाद जब दिल्ली में भाजपा की सरकार आई है, तो दिल्लीवासियों को भी यह महसूस होना चाहिए कि यह छठ पूजा उतनी ही खूबसूरत और श्रद्धा से भरी है।सिरसा ने बताया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार का हर जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता इस तैयारी में शामिल है।आज सभी मंत्री, सांसद, विधायक, पार्षद, पार्टी के अध्यक्ष से लेकर मंडल अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष तक सड़कों पर हैं। उद्देश्य साफ है ख्र जहां भी छठ पूजा होनी है, वहां सफाई खुद अपने हाथों से करनी है, छठ पूजा के प्रति अपने आप को समर्पित करना है," उन्होंने कहा।दिल्ली सरकार ने सभी निर्धारित छठ पूजा स्थलों पर सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन कर रही है ताकि श्रद्धालु इस पर्व को शांति, स्वच्छता और श्रद्धा के साथ मना सकें। सिरसा ने कहा कि यह सफाई अभियान दिल्ली सरकार का संकल्प है ख्र छठ मैया की पूजा में स्वयं को भावना और भव्यता के साथ समर्पित करने का,है।उन्होंने कहा कि सरकार का यह संकल्प है कि छठ पर्व को पूरी भव्यता और श्रद्धा के साथ मनाया जाए।

## दिल्ली-एनसीआर की हवा में जहर, आसमान में धुंध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिवाली के दूसरे दिन आज दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण बरकरार है। हवा दमघोंटू बनी हुई है। हवा की गुणवत्ता श्बहुत खराबश श्रेणी में है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने आंकड़े जारी किए हैं। दिल्ली का औसत एक्यूआई ३४५-३८० के बीच है। वहीं दूसरी तरफ ग्रेप-२ पूरी तरह से लागू है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के आरके पुरम क्षेत्र में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) ३८० दर्ज किया गया, जो श्बहुत खराबश श्रेणी के अंतर्गत आता है। दिवाली के बाद, पटाखों के धुएं और अन्य मौसमी कारकों के कारण धुंध और स्मॉग की स्थिति और गंभीर हो गई है। यह स्थिति न केवल दिल्ली बल्कि पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में चिंता का विषय बनी हुई है। दिल्ली के आईटीओ पर बुधवार सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक (Һ९) ३६१ दर्ज किया गया। वहीं अक्षरधाम के आसपास एक्यूआई ३६० दर्ज किया गया, जो बहुत खराब श्रेणी में है। वहीं

जानें दिल्ली में प्रदूषण को लेकर क्या बोलीं सीएम रेखा गुप्ता

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने एक्यूआई को लेकर कहा कि हम सभी ने आंकड़े देखे हैं। अगर हम दिवाली के अगले दिन के आंकड़ों की तुलना पिछली सरकारों से करें, तो संख्या में कमी आई है। हालांकि पटाखे फोड़ने की अनुमति दी गई थी, लेकिन दिवाली और अगले दिन के बीच का अंतर कम हुआ है, जो प्रदूषण में कमी का संकेत है। सरकार दिल्ली के लिए जो भी संभव है। वो हमारी सरकार कर रही है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने एक इंटरव्यू के दौरान प्रदूषण को लेकर कहा कि विपक्ष दोषारोपण का खेल खेलेगा। उन्होंने १० साल तक शासन किया। राजधानी को बर्बाद और लूटा है। अब, जब दिल्ली उभर रही है, तो उनके पेट में दर्द होना स्वाभाविक है। रेखा गुप्ता की सरकार के सात महीनों में दिल्ली से २.५ मिलियन मीट्रिक टन कचरा हटाया गया। आज दिल्ली भर में चलने वाली सभी बसों को इलेक्ट्रिक पब्लिक ट्रांसपोर्ट में बदल दिया गया है। लास्ट-माइल कनेक्टिविटी के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले सभी ऑटो अब ई-ऑटो हैं। आगे कहा कि डीपीसीसी के माध्यम से ५०० से अधिक श्गज्जोंश के निर्माण स्थलों की निगरानी की जा रही है और सख्त अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है। निर्माण की निगरानी भी शुरू हो गई है। लगभग १५ हजार पुनर्स्थापित उद्योगों को नियमित किया गया। उनमें से ६ हजार को मानदंडों के तहत लाया गया।

## शिव मंदिर रेलवे रोडपर हुआ अन्नकूट प्रसाद वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** आनंदेश्वर महादेव शिव मंदिर रेलवे रोड (सेठजी का मंदिर), मोदीनगर में गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर अन्नकूट प्रसाद वितरण व विशाल भंडारे के कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं को स्नेहपूर्वक प्रसाद वितरित किया गया। नगर के सैकड़ों भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण जी की पूजा-अर्चना कर बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर में भक्ति, सौहार्द और आनंद का मनोहारी वातावरण देखने को मिला।



कार्यक्रम की सफलता में समाजसेवी शिक्षाविद विनोद कुमार माहेश्वरी, नरेंद्र माहेश्वरी, कुमोद माहेश्वरी, गौरव माहेश्व. री, अंकुर माहेश्वरी एवं आशीष माहेश्वरी, अजय माहेश्वरी, पवन वर्मा, प्रियंका वर्मा, डॉ. अंकिता माहेश्वरी, सुलेख गुप्ता आदि गणमान्य लोगो का इस पावन अवसर पर विशेष योगदान रहा। यह आयोजन समाज में सेवा, संस्कार, सहयोग एवं एकता के पवित्र संदेश को समर्पित रहा।

## पुलिस कांस्टेबल के 7565 पदों के लिए आवेदन को 31 तक बढ़ाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल (कार्यकारी) पुरुष और महिला परीक्षा २०२५ के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। आयोग ने निर्णय लिया है कि ऑनलाइन आवेदन की नई अंतिम तिथि ३१ अक्तूबर २०२५ (रात ११ बजे तक) होगी। पहले उम्मीदवारों को २२ सितंबर २०२५ से २१ अक्टूबर २०२५ की अवधि में आवेदन करने के लिए आमंत्रित किया गया था। इस भर्ती के तहत से कुल ७,५६५ पदों पर कांस्टेबल (ऋम.) पुरुष व महिला तथा पूर्व सैनिक श्रेणियों में भर्तियां होंगी। एसएससी कॉन्स्टेबल पदों के लिए आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या संस्था से १०+२ (इंटरमीडिएट) पास होना अनिवार्य है। विशेष पदों के लिए (बैंड्समैन, बुगलर, माउंटेड कांस्टेबल, ड्राइवर, डिस्पैच राइडर) और दिल्ली पुलिसकर्मियों के पुत्रों के लिए ११वीं पास भी मान्य है।

**Name change**

I, Shruti Tiwari W/o- Brij Kishore Tiwari R/o- B- 6, Krishna enclave modal towon west U.P 201001 Ghaziabad have changed my husband name from Brij Kishor Tiwari to Brij Kishore Tiwari Henceforth he would be known by the name of Brij Kishore Tiwari for all future purposes.

# विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दी

## पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** विवाह के दस माह बाद एक विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगा कर जीवनलीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ग्राम मधुपुरा में उस समय सनसनी फैल गई जब पूजा (20 वर्ष) पुत्री नौबहार सिंह निवासी ग्राम मुस्सेपुर थाना नूरपुर ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

पूजा का विवाह लगभग 10 माह पूर्व मधुपुरा निवासी प्रिंस पुत्र दयाराम सिंह के साथ हुआ था। घटना के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। हालांकि पुलिस इसे गंभीरता से लेकर जांच में जुट गई है। घटना मंगलवार रात की है। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्राधिकारी धामपुर अभय कुमार पांडे एवं थाना प्रभारी निरीक्षक स्योहारा सत्येंद्र कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिजनों से पूछताछ शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार पूजा और उसके ससुराल पक्ष के बीच पिछले कुछ दिनों से घरेलू विवाद की बातें सुनने में आई थीं। हालांकि पुलिस ने कहा कि पूरी सच्चाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। वर्तमान में पूरे क्षेत्र में घटना को लेकर शोक का माहौल है।

# धामपुर में धूमधाम से मनाया गया गोवर्धन पूजन का पर्व

## घर-घर सजे गोवर्धन श्रद्धा और भक्ति के रंग में रंगे श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दीपावली के बाद गोवर्धन पूजन का पर्व बड़े धूमधाम और पारंपरिक आस्था के साथ मनाया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और भक्ति का माहौल देखने को मिला। लोगों ने अपने घरों में गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत का प्रतीकात्मक रूप बनाकर उसकी विधिवत पूजा-अर्चना की।

भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण की आराधना करते हुए अन्नकूट का भोग लगाया और परिवार सहित गोवर्धन पूजा की। महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाते हुए गोवर्धन की परिक्रमा की तथा परिवार की सुख-समृद्धि और वर्षा की कृपा के लिए प्रार्थना की। मंदिरों में भी पूरे दिन भक्ति संगीत, आरती और प्रसाद वितरण का दौर चलता रहा।

धार्मिक मान्यता के अनुसार द्वापर युग में जब इंद्र देव अत्यधिक वर्षा कर रहे थे और गोकुल में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई थी, तब भगवान श्रीकृष्ण ने अपने छोटे से बाल रूप में गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठा लिया था। उन्होंने सात दिनों तक पूरे गोकुल वासियों और गौधन को शरण दी। इससे इंद्र देव का घमंड टूट गया और उन्होंने श्रीकृष्ण से क्षमा मांगी। तभी से यह पर्व भगवान श्रीकृष्ण की गौ-सेवा, पर्यावरण संरक्षण और अहंकार पर विजय का प्रतीक बन गया। इस पावन अवसर पर नगर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय दिखाई दिया। जगह-जगह श्रद्धालु गोवर्धन पर्व की कथा सुनते नजर आए। छोटे बच्चों ने भी इस पर्व की झांकियां बनाकर हिस्सा लिया। घर-घर में गोवर्धन पूजा के बाद प्रसाद का वितरण किया गया और एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दी गईं। गोवर्धन पूजा के इस पर्व ने नगर में आस्था, एकता और भक्ति का अनोखा संदेश दिया।

## एक नजर

### एक दीप देश के नाम कार्यक्रम



**धामपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ की ओर से प्राचीन एवं ऐतिहासिक दीपावली पर्व एक दीप देश के नाम कार्यक्रम तथा सामूहिक कार सेवा के रूप में आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत कार्यक्रम स्थल दीपों से जगमगा उठा। उपस्थित नागरिकों ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए मिष्ठान प्रसाद वितरित किया। आरएसएम डिग्री कॉलेज के निकट वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप प्रतिमा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम मे संघ के अध्यक्ष एवं शिक्षाविद दीपेंद्र सिंह चौहान तथा महामंत्री प्रधानाचार्य भूपेंद्र सिंह चौहान, कुंवर आशीष कुमार सिंह, नागेश्वर दयाल गहलोत, धनंजय सिंह, मास्टर श्याम सिंह आदि ने समसामयिक विचारों के माध्यम से जहां राष्ट्र की एकता समृद्धि और सुरक्षा की कामना हेतु एक दीप देश के नाम शीर्षक की विशेषता पर विस्तार से चर्चा की। वहीं राजपूत बंधुओं द्वारा महाराणा प्रताप प्रतिमा स्थल पर की गई सामूहिक कार सेवा के माध्यम से प्रदान की गई। स्वच्छता की सराहना करते हुए इसकी नियमितता बनाए रखने तथा देश की एकता अखंडता के प्रति जन जागरूकता बनाए रखने का संदेश दिया। इस दौरान प्रतिमा स्थल को बल्बों की रंगीन झालरों से सजाया गया था।

### बंदी छोड़ दिवस उत्साह से मनाया



**धामपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में छठी पातशाही साहिब श्री गुरु हर गोविंद साहिब जी का बंदी छोड़ दिवस उमंग एवं उत्साह के वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा परिसर में स्थापित निशान साहिब जी के समक्ष दीपमाला कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत गुरमुख परिवारों के पुरुषों महिलाओं और बच्चों ने निशान साहिब जी के सामने बड़ी संख्या में मोमबत्तियां प्रज्वलित करते हुए पिछले कई दशकों से चली आ रही परंपरा को निरंतर आगे बढाते रहने का सामूहिक संकल्प लिया। गुरुद्वारा के दीवान हाल में आयोजित इस कार्यक्रम के अंतर्गत गुरु महाराज के वजीर ज्ञानी रघुवीर सिंह तथा गुरुद्वारा की प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट एवं सचिव सरदार गुरुचरण सिंह चावला ने गुरबाणी विचारों के माध्यम से बताया कि यह बंदी छोड़ दिवस छठी पातशाही साहिब श्री गुरु हरगोविंद साहिब जी महाराज की ग्वालियर की जेल से 2 वर्ष के बाद अन्य 52 राजाओं की भी रिहाई की शर्त के साथ की गई। जसनीत कौर, सिमर कौर, अमनदीप कौर, सगल कौर ने भी गुरु घर की अन्य समर्पित सेविकाओं के साथ समूचे कार्यक्रम में अपनी हाजिरी लगाते हुए सच्चे पातशाह वाहेगुरु के चरणों से सभी गुरमुख परिवारों को चढ़दी कला में बनाए रखने की अरदास की। इस दौरान कार्यक्रम स्थल बोले सो निहाल, सत श्री अकाल तथा वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम का समापन गुरमुख परिवारों की ओर से आयोजित मिष्ठान प्रसाद के लंगर से किया गया।

### पुलिस स्मृति दिवस मनाया




**नूरपुर।** थाना रोड स्थित शहीद परवीन सिंह के स्थल पर पुलिस स्मृति दिवस बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें भारी संख्या में पुलिस के साथ पीएसी के जवानों को थाना प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह के नेतृत्व में मुरादाबाद पीएसी बटालियन के प्रभारी हरिप्रसाद वर्मा के साथ पीएसी बैंड ने देश भक्ति गीत प्रस्तुत कर हर किसी का दिल जीत लिया। पीएसी के जवानों ने एक से एक देशभक्ति गीत व राष्ट्रीय गान प्रस्तुत किये। इस मौके पर नगर पालिका चेयरमैन डॉ. एमपी सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह, पीएसी के प्रभारी हरिप्रसाद वर्मा, कस्बा इंचार्ज श्रीकांत, सब इंस्पेक्टर वर्षा यादव, सभासद मौ. युसुफ आदि मौजूद रहे।

### गो आश्रय स्थल में गोवर्धन पूजा



**नहटौर।** मौहल्ला नौधा में स्थित कान्हा गौ आश्रय स्थल में नगर पालि. का की ओर से गोवर्धन पूजा के उपलक्ष में पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने पूजा अर्चना में भाग लिया। इसके अलावा कान्हा गौ आश्रय स्थल में उन्होंने गोवंशों को गुड़ आदि का भोग लगाया। इस मौके पर ईओ ओम गिरी ने कहा कि यह पूजा अहंकार पर भक्ति और प्रकृति की शक्ति की विजय का प्रतीक है। इस दिन गाय माता की विशेष पूजा होती है। इस मौके पर विशेष कुमार, अतुल कुमार, रमेश चंद्र, गौरव त्यागी, राजेश पवार, विपिन कुमार, नरेंद्र चैनवाल, मौहम्मद अकरम, सलीम अहमद आदि मौजूद रहे।

### पुलिस से कार्रवाई की मांग

**नूरपुर।** ग्राम कन्हडी निवासी अर्चना पत्नी शंकर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरा जेठ रतिमान पुत्र मंगत सिंह व इसकी पत्नी आय दिन शराब पीकर मुझे गाली देते रहते हैं। गाली देने से मना करती हूं तो मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। बीती शाम रतिभान के ससुराल वाले निपेन्दर पुत्र दारा सिंह ने शंकर व मेरे साथ मारपीट की। रतिमान ने मेरे साथ गाली-गलौच करते हुए लात घूसों से मारपीट कर गंदी नियत से मेरे कपड़े तक फाड़ दिए। दबंगों ने पीड़ित को धमकाया है कि अगर पुलिस से कोई शिकायत की तो तेरा अंजाम बहुत बुरा होगा। पीड़ित परिवार ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

### पिता-पुत्र को लाठी-डंडों से पीटा

**शेरकोट।** थाना क्षेत्र के गांव नन्दगांव निवासी ओमपाल पुत्र सुख्खन सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह और उसका पुत्र अमित बीती शाम अपने घर के बाहर पटाखे पटका रहे थे। तो गांव के ही भूपेंद्र, योगेंद्र, गौरव व बलवीर सिंह हाथों में लाठी-डंडे व लोहे का सरिया लेकर आये तथा पटाखे पटकाये जाने का विरोध करते हुए उनके साथ गाली-गलौच करते हुए उन पर हमला बोल दिया। जिससे उन दोनों को गम्भीर चोटे आई। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने मुकदमा दर्ज किए जाने की पुष्टि की है।

# न्याय और समानता के लिए समाज को जागरूक होना होगा: विजयपाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के मौहल्ला शेखान निवासी समाजसेवी एवं शिक्षक मास्टर विजयपाल सिंह ने देशभर में दलितों पर हो रहे अत्याचारों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि आज भी समाज के निचले तबके पर हो रहे अपराध रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। विभिन्न राज्यों से आने वाली खबरें यह दर्शाती हैं कि संविधान में दिए गए समानता के अधिकार का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है।

मास्टर विजयपाल सिंह ने कहा कि हाल ही में रायबरेली में एक दलित युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई, जो मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है। इसी तरह सुप्रीम कोर्ट के जज बी.आर. गवाई के ऊपर जूता फेंकना न्याय व्यवस्था पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग को इन घटनाओं की निंदा करनी चाहिए ताकि ऐसी मानसिकता को समाप्त किया जा सके। मास्टर विजयपाल सिंह ने कहा कि हरियाणा में आईपीएस सुरेश कुमार द्वारा आत्महत्या की घटना बेहद दुखद है और यह इस बात का संकेत है कि प्रशासनिक तंत्र के भीतर भी न्याय और समानता का अभाव महसूस किया जा रहा है। मास्टर विजयपाल सिंह ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि रिपोर्ट के अनुसार देशभर में दलितों पर अत्याचार के मामलों में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है जो अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि सरकार को इन घटनाओं पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके और समाज में भय का वातावरण समाप्त हो। मास्टर विजयपाल सिंह ने समाज के सभी वर्गों से अपील की कि वे जाति और धर्म के भेदभाव को मिटाकर एक समान और न्यायपूर्ण भारत के निर्माण में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जब तक समाज जागरूक नहीं होगा, तब तक दलितों पर अत्याचार जैसी घटनाएं रुकने वाली नहीं हैं। उन्होंने कहा कि देश की आत्मा तभी सुरक्षित रह सकती है, जब हर नागरिक को समान अधिकार सम्मान और सुरक्षा मिले।

# विद्या मंदिर में दीपावली स्नेह मिलन समारोह

## देश-विदेश से लौटे पूर्व छात्रों ने साझा की यादें और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** रामगोपाल रामचंद्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में इस दीपावली पर विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद द्वारा भव्य स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व छात्र, शिक्षकगण और नगर के प्रमुख नागरिक उपस्थित रहे। दीप प्रज्ज्वलन से शुरू हुए समारोह में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से शिक्षा और संस्कार की महत्ता को उजागर किया, जिससे उपस्थित सभी लोगों के चेहरे पर खुशी और गर्व झलक रहा था।

समारोह की सबसे खास बात यह रही कि इसमें देश और विदेश में प्रतिष्ठित रूप से कार्यरत कई पूर्व छात्र भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री कार्यालय में कार्यरत लवकुश कुमार, उत्तराखंड मुख्यमंत्री के सलाहकार मनु गौड़, सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता पंकज सिसोदिया, आयुष्मान हॉस्पिटल के डॉ. राघव प्रताप सिंह और सिंगापुर से विशेष रूप से आए रजत गहलोत ने अपने गुरुजनों के साथ पुरानी यादें ताजा कीं। उन्होंने वर्तमान छात्रों को मार्गदर्शन देते हुए शिक्षा और संस्कार के महत्व पर जोर दिया। पूर्व प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह ने समारोह में विद्यालय के इतिहास और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि चार कमरों से शुरू हुआ विद्या मंदिर स्कूल आज शिक्षा और संस्कार का प्रतिष्ठित केंद्र बन चुका है। उन्होंने 25 वर्षों के अनुभव के आधार पर बताया कि किस प्रकार कठिनाइयों के बावजूद विद्यालय का विस्तार किया गया और छात्रों को उनके भविष्य के लिए सशक्त बनाया गया। उन्होंने यह भी साझा किया कि पूर्व छात्रों के योगदान से ही विद्यालय ने शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय मुकाम हासिल किया। पूर्व छात्रों ने भी अपने-अपने विचार प्रकट किये। वर्तमान प्रधानाचार्य हेमेंद्र कुमार ने छात्रों और पूर्व छात्रों के बीच भविष्य की योजनाओं को साझा किया और विश्वास दिलाया कि ऐसे आयोजन भविष्य में भी निरंतर होते रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल पुरानी यादों को ताजा करने का अवसर नहीं है, बल्कि शिक्षा, संस्कार और सामाजिक संगठन को मजबूत करने का भी प्रतीक है।

कार्यक्रम के दौरान सभी पूर्व छात्रों ने विद्यालय के मुख्य भवन के सामने सामूहिक फोटो ली और इसे सोशल मीडिया पर 'विद्या मंदिर परिवार' के नाम से साझा किया। दीपों की चमक और समारोह में उपस्थित पूर्व छात्रों के मिलन ने यह संदेश दिया कि विद्या मंदिर केवल शिक्षा का केंद्र नहीं बल्कि संस्कार, संस्कृति और समाज सेवा का प्रतीक भी है। दीपावली के इस उत्सव ने न केवल पुराने छात्रों और वर्तमान विद्यार्थियों के बीच अपनापन और गर्व की भावना जगाई, बल्कि शिक्षा और संगठन के महत्व को भी उजागर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सलाहकार मनु गौड़ तथा संचालन अंकित राणा ने किया।

## एक नजर

### महिलाओं को किया जागरूक

**बढ़ापुर।** ग्राम चकउदयचंद में आयोजित मिशन शक्ति की गोष्ठी में थाना प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह, महिला पुलिसकर्मी अंजू रानी व प्रियंका ने महिलाओं व बालिकाओं को नारी सशक्तिकरण व नारी सुरक्षा के विषय में जागरुक करते हुए उनको सुरक्षा के टिप्स दिए। उन्होंने साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताते हुए सोशल मीडिया का सदुपयोग करने की सलाह दी। पुलिस सहायता के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जरुरत पड़ने पर इन हेल्पलाइन नंबरों से मदद लेने की सलाह दी गई।

### क्रिकेट टूनामेंट में सिकरौड़ा विजयी



**नांगल सोती।** ग्राम सौफतपुर में स्पोर्ट्स अकादमी के मैदान में बीती रात्रि खेले गए मैच में भोजपुर टीम का मुकाबला सिकरौड़ा टीम से हुआ, जिसमें भोजपुर टीम के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवर में पांच विकेट पर 40 रन बनाएं। जिसमें अक्की ने 14 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। गेंदबाज सुमित ने चार विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिकरौडा की टीम ने सातवें ओवर में दो विकेट खोकर 41 रन बनाकर मैच में जीत दर्ज की। आयोजकों की ओर से सुमित को मैन ऑफ द मैच प्लेयर घोषित किया गया। मैच के अंपायर विनीत और भीमपाल रहे। इस दौरान कपिल राणा, अरुण कुमार, मोहित, टीनू, हर्ष, अजय, अमित, नीरज आदि मौजूद रहे।

### गजेन्द्र सिंह टिकैत ने की गोवर्धन पूजा



**स्योहारा।** भारतीय किसान यूनियन के ब्लाक अध्यक्ष चौ. गजेन्द्र सिंह टिकैत ने अपने परिवार के साथ विधि विधान से गोवर्धन पूजा की। गोवर्धन पूजा की तैयारी में घर की महिलाएं और बच्चे सवेरे से ही लग गए थे। गांव देहात में गोबर का गोवर्धन का प्रतीक घर के आंगन में बनाया गया, जिसमें गोबर से पशुओं और पशुओं के बच्चे, चारे आदि के नाम बनाए गए। मान्यता है कि द्वापर युग में इंद्र देवता के क्रोधित होने पर गोकुल वासियों को आंधी और बारिश का सामना करना पड़ा था, तब भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठा लिया था। उसके बाद गोकुल वासियों ने पशुओं सहित गोवर्धन पर्वत के नीचे शरण ली थी। इसके बाद आंधी, बारिश और इंद्र का प्रकोप गोकुल वासियों का कुछ नहीं बिगाड़ पाया था। माना जाता है तभी से गोवर्धन पूजा होती है। गोवर्धन का प्रतीक बनाकर पशुओं आदि का स्वरूप बनाया जाता है। इसके अलावा खेती-बाड़ी के छोटे उपकरण पूजा में रखे जाते हैं। परिवार के सभी लोग पूजा में शामिल होते हैं। इस अवसर पर हुकम सिंह, रणवीर सिंह (राणा जी), अतुल कुमार, अमित चौधरी, दीशू चौधरी, सम्राट पुष्पा देवी, पूनम देवी स्वाती देवी आदि मौजूद रहे।

# अनुमति अवधि बीतने के बाद भी खुली रहीं आतिशबाजी की दुकानें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर संवाददाता।** नगर के सी.डी. इंटर कॉलेज मैदान में इस वर्ष भी दीपावली पर्व के अवसर पर अस्थायी आतिशबाजी की फुटकर दुकानों की अनुमति उपजिलाधिकारी की ओर से प्रदान की गई थी। यह अनुमति 18 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक सीमित थी। निर्धारित तिथि बीत जाने के बाद भी आतिशबाजी की दुकानें दो दिनों तक खुली रहीं, जिससे सुरक्षा मानकों की खुलेआम अनदेखी होती रही।

जानकारी के अनुसार आतिशबाजी की दुकानों को तीन दिन की अवधि के लिए ही अनुमति दी गई थी, ताकि सीमित समय में बिक्री कर दुकानें बंद की जा सकें। बावजूद इसके 20 अक्टूबर के पश्चात भी 21 व 22 अक्टूबर तक कुछ दुकानदारों ने आतिशबाजी की बिक्री जारी रखी। इस दौरान पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई न किए जाने से स्थानीय लोगों में नाराजगी व्याप्त है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि आतिशबाजी सामग्री अत्यधिक ज्वलनशील होती है और विद्यालय परिसर में दुकानें खुले रहने से किसी भी समय हादसा हो सकता था। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे मामलों में जिम्मेदार अधिकारियों की जांच कर कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोबारा न हो।

# पुरानी रंजिश को लेकर विवाद में पति-पत्नी व बच्चा घायल

## आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** ग्राम सराय आलम में पुरानी रंजिश के चलते कुछ लोगों ने एक पड़ोसी परिवार पर हमला कर दिया, जिससे पति-पत्नी व एक किशोर घायल हो गये।

नांगल थानांतर्गत ग्राम सराय आलम निवासी संजीव पुत्र स्व. बलवीर सिंह ने बताया कि वह हिमाचल प्रदेश में रहकर कार्य करता है, जबकि उसका भाई मुकेश राजस्थान में रहकर कार्य करता है। दीपावली पर वे दोनों भाई परिवार सहित घर आये थे। मंगलवार की रात्रि उनके बच्चे घर के सामने सड़क पर आतिशबाजी कर रहे थे। संजीव ने बताया कि उनकी पड़ोसी जोगेन्द्र उर्फ जोनी पुत्र घनश्याम से मुकदमेबाजी चल रही है। जिसकी रंजिश में उसने अपने परिवार के कार्तिक तथा हरदीप के साथ मिलकर उन लोगों पर हमला कर दिया। हमले में संजीव, उसकी पत्नी संजना तथा भतीजा अमर देव (13 वर्ष) पुत्र मुकेश घायल हो गये। संजीव गंभीर रूप से घायल हुआ था। रात्रि में पुलिस ने उन्हें मेडिकल परीक्षण व उपचार हेतु समीपुर (नजीबाबाद) स्थित सीएचसी भिजवा दिया था। वहां से संजीव को जिला अस्पताल के लिये रैफर कर दिया गया था। उसने बताया कि उसके सिर में 10 टांके आये हैं। बुधवार की शाम परिवार सहित थाने पहुंचकर उसने आरोपियों के विरुद्ध तहरीर देते हुए उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग की है।

# मदरसा इस्लामिया अरबिया में जलसा





## हाफिज-ए-कुरान की दस्तारबंदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** मदरसा इस्लामिया अरबिया इरशादिया फैजुल कुरान में पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मौहम्मद साहब की सीरत-ए-तैय्यिबा के विषय पर एक भव्य जलसे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर व आस-पास के क्षेत्रों के लोगों ने भी शिरकत की।

जलसे की सदारत मुफ्ती इफ्तिखार ने की जबकि संचालन मौलाना असजद रहमानी ने किया। इससे पूर्व कुरान की तिलावत कारी मौहम्मद सादिक ने पेश फरमाई और नात मुफ्ती तारिक जमील कन्नौजवी ने पढ़ी।

इस अवसर मुरादाबाद से तशरीफ लाए मुफ्ती अब्दुल रहमान ने नबी-ए-पाक की जिंदगी के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से रोशनी डाली। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पैगम्बर-ए-इस्लाम की सीरत इंसानियत के लिए एक बेहतरीन नमूना है। आपने पूरी इंसानियत के साथ इंसाफ, रहम, अमन और मौहब्बत का पैगाम दिया। आज के समय में अगर हमें अमन और सकून चाहिए, तो हमें नबी-ए-पाक की सीरत को अपनाना होगा।

कार्यक्रम में मदरसे से फारिग हुए तीन हाफिज-ए-कुरान को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उलमा-ए-किराम ने उन्हें दुआएं दीं कि वे कुरान के पैगाम को अमल में लाकर समाज में अच्छाई, इंसाफ और भाईचारे को फैलाएं।

देवबंद से आए मुफ्ती मुजम्मिल ने जलसे को संबोधित करते हुए कहा कि इस्लाम में इल्म (शिक्षा) को बहुत बड़ा दर्जा दिया गया है। उन्होंने कहा कि हर मुसलमान, चाहे वह मर्द हो या औरत, पर इल्म हासिल करना फर्ज है। शिक्षा ही वह जरिया है जो इंसान को अंधकार से निकालकर रोशनी की राह पर लाती है। उन्होंने बच्चों को दीनी और दुनियावी दोनों तरह की तालीम हासिल करने की नसीहत की।

जलसा पूरी कामयाबी के साथ संपन्न हुआ। जलसे के सरपरस्ती कारी मौहम्मद अकरम ने की व जेरे इंतेजाम मौलाना अब्दुल माजिद के रहा। अंत में कारी मौहम्मद जावेद मोहतमिम मदरसा हाजा ने आने वाले सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।

# पूजा-परिक्रमा कर गोवर्धन महाराज के जयकारे गूंजे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** शहर में बुधवार को विधि-विधान से गोवर्धन पूजा का उत्सव मनाया गया। इसको लेकर मंदि. रों में लेकर संस्थानों, आरडब्ल्यूए और देहात क्षेत्रों में बड़े स्तर पर विधि-विधान से गोवर्धन की आकृति बनाकर पूजा-अर्चना की गई। शहर में सबसे बड़ा अरावली अपार्टमेंट बी-3 सेक्टर-34 में 31 फीट लंबी गोवर्धन की आकृति बनाई गई। वहीं सेक्टर-33 इस्कॉन मंदिर में पके हुए चावल और हलवे से 20 फीट लंबी गोवर्धन की आकृति बनाई गई। कुछ इसी तरह सेक्टर-94 स्थित श्रीजी गौसदन में भी 15 फीट लंबी गोवर्धन की आकृति बनाई गई। शहर में सुबह से ही गोवर्धन पूजा की गई। शहर में हर वर्ष कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को गोवर्धन उत्सव मनाया जाता है।

इस मौके पर अलग-अलग समुदायों में बलि पूजा, अन्नकूट, मार्गपाली आदि उत्सव मनाए गए। अरावली अपार्टमेंट सेक्टर-34 के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि जेएसएस कॉलेज की आर्ट प्रोफेसर और सोसाइटी की महिलाओं द्वारा गोवर्धन की आकृति गई। उन्होंने बताया कि 31 फीट लंबा और 15 फीट चौड़ा गोवर्धन की आकृति बनाई गई। उन्होंने बताया कि बुधवार शाम साढ़े पांच बजे विधि-विधान से पूजा-अर्चाजा की गई। इसके बाद परिक्रमा करके लोग प्रसाद प्राप्त किया। वहीं सेक्टर-94 स्थित श्रीजी गौसदन में बुधवार सुबह 11 बजे गोवर्धन पूजा हुई। श्रीजी गौसदन के अध्यक्ष सीए विकास अग्रवाल ने बताया कि गौसदन में 15 फीट लंबा और 10 फीट चौड़ा गोवर्धन बनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान अक्षय कुमार गर्ग रहे। उन्होंने बताया कि 25 अक्तूबर से 27 अक्तूबर तक प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जिसमें लोग गौमाता की पूजा कर सकेंगे। शहर में तमाम स्थानों पर गोवर्धन की आकृति बनाकर पूजा-अर्चाना की गई। इस्कॉन मंदिर मं पके हुए चावल और हलवे से आकृति बनाई सेक्टर-33 स्थित इस्कॉन मंदिर में बुधवार को गिरिराज गोवर्धन पूजा उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर इस्कॉन नोएडा मन्दिर से जुड़े भक्तों ने पके हुए चावल और हलवे से करीब 20 फुट लम्बी गोवर्धन पर्वत की आकृति का निर्माण किया। भक्तों के साथ मधुर कीर्तन और गिरिराज गोवर्धन के जयकारों लगते रहे। मंदिर में सुबह आठ बजे से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया। मंदिर में मुख्य उत्सव सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक चला। मंदिर समिति के अनुसार भक्तों ने गिरिराज गोवर्धन की आकृति की पूजा और परिक्रमा की। फिर विभिन्न प्रकार की मिठाईयों, फलों, सूखे मेवे और पकवानों का भोग लगाया गया। वृन्दावन से पधारे परम पूज्य राधे श्यामानन्द स्वामी महाराज ने गिरिराज गोवर्धन के प्रकट होने और उनकी पूजा के महत्त्व पर विशेष प्रवचन दिया। फिर महा आरती की गई। गोशाला में गोवंशों की पूजा की शहर के सेक्टर-94 स्थित श्रीजी गौसदन और सेक्टर-100 स्थित वोडा महादेव मंदिर की गोशाला में बुधवार सुबह से ही पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालु आने शुरू हो गए थे। भक्तों ने गायों की पूजा-अर्चना की। इस बीच श्रीजी गौसदन में बनाए गए गोवर्धन की भी पूजा अर्चना भी की गई। भक्तों गोशाला में गायों को अपने हाथों से स्नान भी कराया। इसके बाद विधि-विधा से फूल माला, धूप, चंदन आदि से उनका पूजन किया। गोवर्धन पर सेक्टर, सोसाइटी व गांवों में भी उत्साह शहर के विभिन्न सेक्टरों, सोसाइटी व गांवों में भी पूरे उत्साह से गोवर्धन पूजा की गई। इस दौरान महिलाओं व पुरुषों ने परिवार के सभी सदस्यों के साथ मिलकर जल, रौली, मौली, चावल, फूल, दही व तेल का दीपक जलाकर पूजा अर्चाना की। सेक्टर-122 में भी लोगों ने परिवार के साथ मिलकर गोवर्धन की आकृति की पूजा की और परिक्रमा लगाई।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन पर सस्पेंस, शिफ्ट हो सकती है डेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** लंबे समय से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन का बेसब्री से इंतजार कर रहे लोगों को फिलहाल और इंतजार करना पड़ सकता है। जहां पहले यह उम्मीद जताई जा रही थी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 अक्टूबर को इस इंटरनेशनल प्रोजेक्ट का उद्घाटन करेंगे, अब वह डेट तय मानी नहीं जा रही. सूत्रों के हवाले से खबर है कि एयरपोर्ट का उद्घाटन अब नवंबर या फिर जनवरी तक टल सकता है। हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

बता दें कि केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किजरापु राममोहन नायडू ने सितंबर में हिंडन एयरपोर्ट पर आयोजित एक कार्यक्रम में 30 अक्टूबर को नोएडा एयरपोर्ट चालू होने की बात कही थी. इसके बाद से लगातार अटकलों का बाजार गर्म है, लेकिन अभी तक न तो केंद्र सरकार न ही राज्य सरकार और न ही नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने किसी निश्चित उद्घाटन तिथि की आधिकारिक घोषणा की है।

**डीजीसीए की मंजूरी अब तक बाकी:** सूत्रों की मानें तो उद्घाटन में देरी की एक अहम वजह डीजीसीए (नागर विमानन महानिदेशालय) से एयरपोर्ट लाइसेंस की मंजूरी का न मिलना भी है. बिना लाइसेंस के संचालन शुरू नहीं हो सकता। वहीं, हाल ही में हुई भारी बारिश और त्योहारों की छुट्टियों ने निर्माण कार्यों की रफ्तार को भी धीमा कर दिया है।

**मुख्यमंत्री कर सकते हैं निरीक्षण:** एयरपोर्ट से जुड़े अधिकारियों ने जानकारी दी कि निर्माण एजेंसी को 30 अक्टूबर तक सभी कार्य पूरे करने के निर्देश दिए गए हैं। अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार द्वारा हाल ही में किए गए निरीक्षण में एजेंसी ने समय पर कार्य पूरा करने का भरोसा दिलाया। लेकिन काम अभी पूरा नहीं हो सका है। नवंबर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं एयरपोर्ट का निरीक्षण कर सकते हैं, जिसके बाद प्रधानमंत्री से उद्घाटन के लिए समय मांगा जाएगा।

**जनवरी तक हर हाल में संचालन की तैयारी:** यदि नवंबर में किसी कारण उद्घाटन संभव नहीं हो पाता तो सरकार जनवरी में एयरपोर्ट का तोहफा देने की तैयारी में जुटी है। एयरपोर्ट का पहला चरण लगभग तैयार है, जिसमें एक रनवे और बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर पूरा किया जा चुका है। टर्मिनल बिल्डिंग का काम भी लगभग 90 फीसद पूरा हो चुका है।

# 7 एक्स सेक्टरों में बढ़ेगी गंगाजल की आपूर्ति



## ■ दूर होगी टीडीएस की समस्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर के 7 एक्स सेक्टरों (74-79) में नोएडा प्राधिकरण गंगाजल की आपूर्ति बढ़ाएगा। इससे छोटी-बड़ी 15 से ज्यादा सोसाइटियों में रहने वाले लोगों को अधिक टीडीएस वाले पानी से छुटकारा मिलेगा।

नोएडा प्राधिकरण के जल विभाग ने बताया कि सेक्टर-118 के मास्टर यूजीआर (अंडरग्राउंड पानी का टैंक) से 7 एक्स सेक्टरों के लिए पानी की दूसरी लाइन बिछा दी गई है। जब गंग नहर से गंगाजल शहर को मिलने लगेगा तब इस लाइन को चालू कर दिया जाएगा। इन सेक्टरों में अभी सेक्टर-65 के यूजीआर से अस्थायी तौर पर पानी की सप्लाई की जा रही है। यह लाइन भी चालू रहेगी।

प्राधिकरण ने सेक्टर-118 का यूजीआर 7 एक्स समेत अन्य सेक्टरों के लिए प्लानिंग के तहत बनवाया गया था। इसमें सीधे गाजियाबाद से गंगाजल की सप्लाई होती है। टैंक की क्षमता करीब 50 हजार किलो लीटर है। सेक्टर-74, 75, 76, 77, 78, 79 में नई पाइपलाइन से पानी का वितरण होगा।

नोएडा प्राधिकरण के जल विभाग प्रभारी जीएम आरपी सिंह ने बताया कि गंगाजल जैसे गाजियाबाद से मिलने की शुरुआत होगी वैसे ही 7 एक्स सेक्टरों को दूसरी लाइन से भी सप्लाई शुरू कराई जाएगी। पाइपलाइन का काम पूरा हो गया है।

**शहर में हैं चार मास्टर यूजीआर:** नोएडा में चार मास्टर यूजीआर बन चुके हैं। यह 80 क्यूसेक गंगाजल प्रोजेक्ट में शामिल हैं। पहला मास्टर यूजीआर एम है जो सेक्टर-65 में है। यह चालू हो चुका है। दूसरा मास्टर यूजीआर एम-1 सेक्टर-118 में है। यह पूरी क्षमता के साथ चालू होना है। मास्टर यूजीआर एम-2 और एम-3 सेक्टर-69 में हैं। इनको भी पूरी क्षमता के साथ चालू किया जाना है। इन सभी यूजीआर की क्षमता 50 से 55 हजार किलोलीटर है।

# सैंथली गांव मर्डर केसः नाली विवाद में ताऊ-भतीजे की हत्या, तीन दिन बाद भी पुलिस की गिरफ्त से दूर आरोपी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जारचा कोतवाली क्षेत्र के सैंथली गांव में दिवाली पर नाली के पानी को लेकर विवाद में ताऊ भतीजे के हत्यारों को पुलिस तीन दिन बाद भी नहीं पकड़ पाई है। हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मृतकों के परिजन जल्द पुलिस आयुक्त से मिलने के लिए जाएंगे। वहीं मृतक परिवार के घर रिश्तेदारों व आसपास के गांव के लोगों के अलावा राजनीतिक, सामाजिक लोग ढांढस बधाने के लिए पहुंच रहे हैं। सुरक्षा कारणों के मद्देनजर गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है।

दादरी के तुलसी विहार कॉलोनी निवासी धारा सिंह व अजय पाल सिंह परिवार के साथ दिवाली पर सैंथली गांव स्थित घर में साफ-सफाई और पूजा के लिए थे। तीसरे भाई दीपांशु के पिता अनूप भाटी गांव में ही रहते हैं। वहां पर पड़ोसी प्रिंस भाटी से 19 अक्तूबर की शाम को नाली के पानी निकालने को लेकर वाद विवाद हो गया था। किसी तरह ग्रामीणों ने मामला शांत कराया था। आरोप है कि प्रिंस भाटी ने उसी शाम को ही गांव में कुछ अन्य अपने साथी बदमाश भी बुलाए थे। अगले दिन 20 अक्तूबर को सुबह करीब साढ़े नौ बजे गाली-गलौज कर सबक सिखाने को शोर मचाया। जिसे सुनकर आसपास के लोग भी आ गए थे। आसपास के लोगों को आता देख दीपांशु को पहले हाथ में गोली मारी उसके बाद दूसरी गोली कनपटी पर मार दी थी। अजय पाल को भी गोली मारी गई। जिससे दोनों की मौत हो गई थी। जबकि दो लोग को गोली लगने से घायल हो गए थे।

**नामी व गैंगस्टर बनने के लिए घटना को अंजाम देने की चर्चा:** आरोपी प्रिंस भाटी गांव में आए दिन टशन दिखाता रहता था। लोगों को धमकाना, हथियार लहराना उसकी फितरत बन गई थी। गांव में उसके पास बदमाशों का आवागमन रहता था। जिसको लेकर कोई शिकायत करने की हिम्मत नहीं जुटाता था। पेशेवर बदमाशों का गांव में आवागमन को लेकर चर्चा रहती थी। लेकिन कोई मुंह खोलने को तैयार नहीं था। आरोपी ने करीब एक साल पूर्व सिकंदराबाद कोतवाली क्षेत्र के धनपुरा गांव में फायरिंग कर जमीन पर कब्जा करने का प्रयास भी किया गया था। पांच साल पूर्व गांव के ही छंगा को पेट में गोली मारकर घायल कर दिया गया था। जिससे वह उपचार के दौरान बच गया था। गांव में परिवार के आपसी बंटवारे को लेकर पिस्टल के बल पर मनमर्जी से हिस्सा लिया था। जिससे परिजन भी भयभीत रहते थे। नामी व गैंगस्टर बनने के लिए घटना को अंजाम दिया गया है। जिससे गांव में आसपास के लोग दहशत में आकर कुछ नहीं बोल सके।

**सांत्वना देने के लिए पहुंचे दादरी विधायक:** मृतक परिवार के घर पर सांत्वना देने के लिए बुधवार को विधायक तेजपाल सिंह नागर, सपा नेता राजकुमार भाटी, फकीर चंद नागर, जिला पंचायत सदस्य देवा भाटी पहुंचे। नेताओं के अलावा सामाजिक व आसपास के गांवों के लोगों का तांता लगा रहा। सभी ने हत्यारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग की। भरोसा दिलाया कि पुलिस आयुक्त से मिलकर आवश्यक कार्रवाई करवाएंगे।

**एसएससी की परीक्षा पास कर सरकारी नौकरी का देखा था सपना:** मृतक दीपांशु ने बीबीए स्नातक की पढ़ाई मेरठ के सुभारती कॉलेज से की थी। वह सरकारी नौकरी के लिए एसएससी सीजीएल की तैयारी दादरी के जीटी रोड स्थित मिहिर भोज कॉलेज के पास बनी लाइब्रेरी में कर रहा था। इंटरमीडिएट में 80 फीसदी अंक प्राप्त किए थे। सरक. ारी नौकरी में ऊंचे पद पर पहुंचने के सपने थे। गांव का नाम रोशन करने का लक्ष्य बना रखा था।

**शादी पर तेरवहीं के बाद निर्णय लेंगे परिजन:** मृतक की बहन सुरभि बीए की पढ़ाई कर रही हैं। उसकी शादी दो नवंबर को होनी है। उसकी शादी दादरी के तुलसी विहार में तय हो रखी है। मगर भाई की मौत का गम बहन नहीं भुला नहीं पा रही हैं। उसका रो-रो कर बुरा हाल है। अंतिम संस्कार में गांव रिश्तेदारों की भारी भीड़ को देख आंखें नाम थी। सभी के चेहरों पर चिंता की लकीरें खींची हुई थी। 26 अक्तूबर को शोक सभा व तेरहवीं का आयोजन होगा। इस आयोजन के बाद सुरभि की शादी के लिए निश्चित समय पर करने या अलग समय रखने की लेकर परिजन निर्णय लेंगे।

**ताऊ को बचाने में भतीजे ने गंवाई जान:** पुलिस जांच में पता चला है कि अजय पाल का परिवार गांव के मंदिर में पूजा करने गया था। जब दो कारें दरवाजे पर रुकीं, तो अजय पाल को शक हुआ कि प्रिंस परिवार पर हमला कर सकता है। जैसे ही वह घर पर बैठे लोगों के साथ कारों की ओर बढ़ा, अपराधियों ने हवा में पिस्तौल तान दी थी। फिर उन्होंने गोलियां चलाई थी। एक गोली अजय पाल के सीने में लगी। गोलियों की आवाज सुनकर अजय पाल का भतीजा दीपांशु अपने ताऊ को बचाने के लिए दौड़ा था। अपराधियों ने दीपांशु पर भी सीधी गोली चलाई, जो उसके सीने और कनपटी में लगी। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। अपराधी फायरिंग करते हुए फरार हो गए।

**जेल से बाहर आए बदमाशों से हो रही पूछताछ:** पुलिस की ओर से आरोपियों की तलाश में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलावा जेल से हाल ही बाहर आए बदमाशों से भी आरोपियों के बारे में पूछताछ की जा रही है। पुलिस की ओर से घटनास्थल के अलावा आरोपी के घर में लगे सीसीटीवी की फुटेज को कब्जे में लिया गया है। वहीं कार नंबर के आधार पर सीसीटीवी के जरिये उनकी तलाश की जा रही है। लेकिन घटना के बाद से आरोपियों ने मोबाइल बंद कर रखा है। पुलिस सूत्रों के मुता. बिक आरोपी वाट्सएप कॉलिंग के जरिये ही एक दूसरे से संपर्क कर रहे हैं। पुलिस की ओर से करीब एक दर्जन से अधिक सीसीटीवी के अलावा सर्विलांस के माध्यम से भी आरोपियों की तलाश की जा रही है। वहीं एसीपी ग्रेटर नोएडा अजीत कुमार का कहना है कि गौतमबुद्ध नगर के अलावा गाजियाबाद, हापुड़, बुलंदशहर आदि जगह पर रहने वाले आरोपियों की रिश्तेदारियों के यहां दबिश दी गई है। कई लोगों को हिरासत में लेकर जानक. ारी जुटाई जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## एक नजर

### घर बैठे भाइयों पर लाठी-डंडों से किया हमला, केस दर्ज

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जारचा कोतवाली क्षेत्र के कलौंदा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर घर पर बैठे चार भाइयों के साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली प्रभारी सुमनेश कुमार ने बताया कि कलौंदा गांव में मोनू परिवार के साथ रहते हैं। मोनू के परिवार में 20 अक्टूबर को उनकी ताई की मौत हो गई थी। जिसमें शामिल होने के लिए उनका साला नरेश गांव में आया था। 20 अक्टूबर की शाम को गांव के ही दुष्यंत ने नरेश के साथ गाली-गलौंज शुरू कर दी। नरेश ने उनका विरोध किया तो लात-घूसों से मारपीट का घायल कर दिया। उसके बाद दुष्यंत अपने घर से कृष्णा, सत्ते, परविंदर आदि को बुला लाया। मोनू के घर में घुसकर सरिया, लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी । बचाव में आए उनके भाई सोमवीर, दिनेश और अजय के साथ भी लाठी-डंडों से मारपीट की गई। घायल दिनेश निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती है। घायल मोनू ने चारों आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### दामाद पर पत्नी और बच्चे को बाइक से गिराने का आरोप

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-12 में पत्नी और बच्चे को बाइक से लेकर आ रहे व्यक्ति ने दोनों को गिराकर घायल कर दिया। पत्नी ने विरोध किया तो आरा. ेपी ने उसके साथ मारपीट की। महिला के पिता ने सेक्टर-24 थाने में दामाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर-22 निवासी राजेंद्र कुमार वर्मा ने पुलिस को बताया कि बेटी आशा वर्मा की शादी ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर निवासी अभिषेक वर्मा के साथ हुई है। आरोप है कि छह अक्तूबर को दामाद अभिषेक अपनी पत्नी आशा वर्मा और पुत्र लोकेश वर्मा को बाइक से नोएडा छोड़ने के लिए आ रहे थे। इसी दौरान रास्ते में सेक्टर-12 के पास बाइक फिसल गई और मां-बेटा गिरकर घायल हो गए।

इस पर दामाद अभिषेक और पुत्री आशा वर्मा के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि इस पर अभिषेक ने आशा की पिटाई कर दी। वहीं, राजेंद्र का आरोप है कि उनको सूचना मिली तो मौके पर पत्नी और बेटे के साथ मौके पर पहुंचे। जहां पर अभिषेक ने उन लोगों के साथ भी अभद्रता की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। मामले में पुलिस केस दर्ज जांच शुरू कर दी है।

### यमुना एक्सप्रेस-वे के किनारे बसेगा न्यू हाथरस शहर, मास्टर प्लान हो रहा तैयार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** यमुना एक्सप्रेस वे के नजदीक दो से चार हजार हेक्टेयर क्षेत्र में न्यू हाथरस शहर विकसित किया जाएगा। यह क्षेत्र ग्रेटर नोएडा और आसपास के विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। यमुना एक्सप्रेस वे की बेहतर कनेक्टिविटी को ध्यान में रखते हुए अधिसूचित क्षेत्र में मास्टर प्लान तैयार करने के लिए तैयारी शुरू हो गई है। यीडा ने मास्टर प्लान तैयार करने के लिए टेंडर प्रक्रिया को आगे बढ़ाया है। टेंडर डालने की तिथि अब 3 नवंबर तक बढ़ा दी गई है, जबकि बिड 6 नवंबर को खोली जाएगी। इसके लिए एक ही कंपनी ने आवेदन दिया है जो मास्टर प्लान की रूपरेखा तैयार करेगी। यमुना एक्सप्रेस वे से लगभग 45 किलोमीटर दूरी तक हाथरस जिले में अधिसूचित क्षेत्र है, जहां पर भविष्य में बड़े पैमाने पर विकास कार्य किए जाएंगे। एक्सप्रेस वे की निकटता को देखते हुए यह क्षेत्र नई आर्थिक और आवासीय परियोजनाओं के लिए कारगर माना जा रहा है।

**क्या बोले ओएसडी?:** इस संबंध में यमुना प्राधिकरण के ओएसडी शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि मास्टर प्लान तैयार करने के बाद विकास कार्य तेजी से शुरू किए जाएंगे, जिससे क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और पूरा विकास सुनिश्चित होगा।

### पटाखों की चिंगारी से जगह-जगह लगी आग, समय पर पाया काबू

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन (एओए) और बिल्डर प्रबंधन की चेतावनी के बाद भी सोसाइटियों में नियमों को तोड़ते हुए आतिशबा. जी की गई। इस वजह से फ्लैटों में आग लगी। मंगलवार रात भी ग्रेनो वेस्ट की कई सोसाइटियों के फ्लैटों की बालकनी में आग लगी। ग्रेनो वेस्ट की गौड़ सिटी-2 के 12 एवेन्यू सोसाइटी के फ्लैट की बालकनी में आग लग गई। आसपास के लोगों ने जानकारी होने पर मेंटेनेंस टीम को सूचना दी। टीम ने फायर उपकरण की मदद से आग पर काबू पा लिया। कई अन्य सोसाइटियों में भी आग की सूचना दमकल विभाग को मिली। अफसरों का कहना है कि दिवाली पर करीब 15 फ्लैटों में आग लगने की सूचना मिली। ज्यादातर जगह पटाखों के कारण आग लगी है। केवल दो फ्लैटों में दीये से आग लगी। सोसाइटियों में एओए और बिल्डर प्रबंधन की तरफ से जारी चेतावनी का भी लोगों ने पालन नहीं किया।

# करोड़ों का खरीदा आशियाना, सड़कों पर पसरी बदहाली से नोबिलिटी और गोल्फ होम्स के निवासी परेशान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में शाहबेरी से 130 मीटर रोड को जोड़ने वाली सड़क पर बनी सोसायटी में रहने वाले लोगों के सामने नया संकट खड़ा हो गया है। इस रोड पर हर तरफ ठेली-पटरी और शराबियों का जमावड़ा रहता है। इससे संबंधित कई शिकायत सोसायटी के लोगों की तरफ से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण व संबंधित विभाग में की गई, लेकिन कोई एक्शन नहीं हुआ है। लोग परेशान होकर सोशल मीडिया का सहारा ले रहे है। मुख्य रूप से ग्रेटर नोएडा वेस्ट में शाहबेरी के पास बनी एटीएस नोबिलिटी और गोल्फ होम्स सोसायटी के निवासी इस समस्या से परेशान है।

निवासियों की सबसे बड़ी शिकायत शाहबेरी की ओर जाने वाली सड़क को लेकर है। इस सड़क के किनारे खुले नाले की बदबू, जमा कचरे और गंदगी ने न केवल स्वच्छता पर प्रश्नचिह्न खड़े किए हैं, बल्कि वहां का वातावरण भी दूषित कर दिया है। रही-सही कसर सड़क किनारे अवैध रूप से लगे ठेले और फूड स्टॉल पूरी कर देते हैं। यह न केवल अतिक्रमण फैला रहे हैं, बल्कि ट्रैफिक जाम का स्थायी कारण बन चुके हैं। कई निवासियों ने यह भी बताया कि कुछ असामाजिक तत्व खुले में शराब का सेवन करते हैं, जिससे क्षेत्र की शांति और सुरक्षा पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। कई बार लोगों ने इसका विरोध किया है तो शराब पीने वाले झगड़ा करने पर उतारू हो जाते है। रात के समय लोग यहां से फैमिली के साथ निकलने से परहेज करते है।

**यू-टर्न बना महाजाम का कारण:** शाहबेरी वाला यू-टर्न लोगों की धैर्य की परीक्षा लेने लगा है। महज 200 मीटर की दूरी पार करने में यहां 30-40 मिनट तक लग जाता हैं। वैकल्पिक मार्ग जो एम्स साइट के बगल से होकर गुजरता है वो अपनी ही दुर्दशा की कहानी कहता है। यह सड़क पूरी तरह कच्ची है और बड़े-बड़े गड्ढों से भरी हुई है। यही रास्ता बच्चों की स्कूल बसों और हजारों गाड़ियों का मुख्य मार्ग बन गया है। दिनभर धूल उड़ती है और दुर्घटनाओं का खतरा मंडराता रहता है। प्रदूषण की गंभीर स्थिति को देखते हुए निवासियों ने इसकी शिकायत पर्यावरण विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से भी की है।

# दीपावली के बाद लगातार दूसरे दिन भी जहरीली है हवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** दिल्ली एनसीआर में दीपावाली के बाद प्रदूषण का स्तर ऐसा चढ़ा है कि दिल्ली-एनसीआर के शहरों में सांस लेना भी खतरे से खाली नहीं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के ताजा आंकड़े चौंकाने वाले हैं। गाजियाबाद, नोएडा, हापुड़, गुरुग्राम और बहादुरगढ़ जैसे शहरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बहुत खराब से लेकर गंभीर श्रेणी तक पहुंच गया है।

गाजियाबाद का एक्यूआई 324 दर्ज किया गया है, जो सीधे तौर पर 'बहुत खराब' स्थिति दर्शाता है। नोएडा 320 और हापुड़ 314 पर दर्ज किए गए हैं। हरियाणा के नारनौल की स्थिति और भी चिंताजनक है यहां एक्यूआई 390 पहुंच गया है। यह गंभीर श्रेणी को पार कर चुका है। वहीं गुरुग्राम (370) रो. हतक (376) और बहादुरगढ़ (368) भी इस सूची में शामिल हैं।

**स्वास्थ्य पर असर:** वायु गुणवत्ता के इस गिरते स्तर का सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी बीमा. रियों से जूझ रहे लोगों के लिए यह हालात जानलेवा साबित हो सकते हैं। डॉक्टरों की सलाह है कि इस मौसम में सुबह-शाम बाहर निकलने से बचें और एन-95 मास्क का प्रयोग करें।

**क्या है रास्ता ?:** सरकारी स्तर पर कई योजनाएं और नियम बनाए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि इनका प्रभाव सीमित है। विशेषज्ञों का मानना है कि जब तक स्थायी समाधान जैसे कि पराली प्रबंधन, प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर रोक और निर्माण कार्यों में सख्ती नहीं किया जाता, तब तक यह संकट हर साल यूं ही रहेगा।

# छठ महापर्व के लिए घाटों पर तैयारियां शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** शहर में 25 अक्तूबर नहाय-खाय से चार दिवसीय छठ महापर्व शुरू हो रहा है। छठ समितियों द्वारा पर्व की तैयारियां शुरू कर दी गई है। इसके लिए घाटों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके साथ ही बाजार में भी छठ पर्व को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है। अखिल भारतीय प्रवासी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि 25 अक्तूबर को कार्तिक शुक्ल चतुर्थी को नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व शुरू होगा। 26 अक्तूबर को खरना, 27 अक्तूबर को अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य और 28 अक्तूबर को उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य प्रदान दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि नहाय-खाय के दिन 25 अक्तूबर को छठव्रती और श्रद्धालु सुबह के समय सर्वप्रथम अपने घरों और आस-पास की सफाई करेंगे। स्नान करके छठव्रती चावल, चना दाल और लौकी की शब्जी का प्रसाद बनाएंगें। पूजा के उपरांत छठव्रती प्रसाद ग्रहण करेंगे और घर के सभी सदस्यों और पड़ोसियों को प्रसाद देंगे। इस दिन छठव्रती पूर्ण रूप से शुद्ध और स्वच्छ होकर सूर्योपासना के लिए पूर्ण रूप से समर्पित हो जाते हैं। उसके बाद उनका व्रत शुरू हो जाएगा। फिर 26 अक्टूबर को सुबह उठकर छठव्रती और श्रद्धालु सफाई करेंगे। फिर स्नान करके छठव्रती स्वयं रोटी, दाल, चावल, चावल का पिट्ठा, शक्कर का खीर आदि प्रसाद बनाएंगे। सभी प्रसाद मिट्टी के बर्तनों में बनाया जाएगा।

# होटल के बाहर महिला को अश्लील इशारा किया

## 12 से ज्यादा युवक लाठी-डंडे लेकर पहुंचे, वीडियो वायरल होने पर मुख्य आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में एक होटल के बाहर लाठी-डंडों से हंगामा और एक महिला को अश्लील इशारा किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है और मुख्य आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

यह घटना थाना सेक्टर 49 क्षेत्र के सेक्टर-51 स्थित एक होटल के बाहर की है। जानकारी के अनुसार, विवाद में शामिल दोनों पक्ष पहले से परिचित थे और कुछ दिन पहले भी उनके बीच झगड़ा हुआ था। दिवाली की रात करीब 2 बजे पीड़ित पक्ष का एक युवक अपनी महिला मित्र और दोस्त के साथ होटल में खाना खाने पहुंचा था। इसी दौरान दूसरा पक्ष भी वहां आ गया। शुरुआत में दोनों ने एक-दूसरे को दिवाली की बधाई दी, लेकिन कुछ ही देर में बात विवाद में बदल गई। इसके बाद पीड़ित युवक अपनी महिला मित्र और दोस्तों के साथ होटल के कमरे में चला गया।

तभी दूसरे पक्ष के दर्जनों युवक लाठी-डंडे लेकर होटल के बाहर पहुंच गए। उन्होंने होटल के बाहर गाली-गलौज की और बालकनी में खड़ी महिला को अश्लील इशारे करने शुरू कर दिए। वीडियो में युवक अपने चेहरे पर कपड़ा बांधे हुए नजर आ रहे हैं।

पीड़ित पक्ष ने इस पूरी घटना को अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मुख्य आरोपी को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच जारी है और अन्य युवकों की पहचान की जा रही है। जल्द ही बाकी आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# नवजात का हाथ काटने की नौबत, निजी अस्पताल की लापरवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी के रेलवे रोड स्थित निजी अस्पताल में नवजात बच्ची का इलाज के दौरान हाथ खराब होने का आरोप लगाने का वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में परिजन अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगा रहे है।

परिजनों का कहना है कि बच्ची को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन चिकित्सकों की लापरवाही के कारण बच्ची का हाथ नीला पड़ने लगा। जबकि डॉक्टर सुधार का आश्वासन देते रहे। लापरवाही छुपाने के लिए बच्ची को दूसरे अस्पताल में रेफर कर दिया गया।

सपा नेता मोहित नागर का कहना है कि निजी अस्पताल में पांच अक्तूबर को बच्ची को उपचार कराने के अस्पताल लाया गया। जहां पर डॉक्टरों के द्वारा लापरवाही बरतने व गलत उपचार करने से हाथ नीला पड़ने लगा। प्रबंधन ने मामले को छिपाने के लिए बच्ची को दूसरे अस्पताल में रेफर कर दिया गया। जहां स्थिति गंभीर होती जा रही है।

फिलहाल, बच्ची के हाथ की स्थिति काफी खराब हो चुकी है। जिससे परिजन बेहद परेशान है। घटना को लेकर परिजनों में आक्रोश है और प्रशासन से दोषी डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# जनपद में श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया गोवर्धन पर्व

## घरों व मंदिरों में की गई विशेष पूजा अर्चना, अन्नकूट का प्रसाद लेने के लिए उमड़े श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** गोवर्धन पर्व बुधवार को श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। लोगों ने घरों व मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की। भगवान श्रीकृष्ण ने दिया था। प्रकृति पूजा का संदेश आज घर-घर में की गई गोवर्धन महाराज की पूजा अर्चना डीजे कॉलेज के बी फील्ड, श्रीनीलकंठ महादेव प्राचीन मंदिर, इमली वाला मन्दिर, पंचवटी मंदिर परिसर में बनाए गए विशाल गोवर्धन की परिक्रमा कर श्रद्धालुओं ने अन्नकूट का प्रसाद भी ग्रहण किया।

गोवर्धन पूजा पर बुधवार को घर-घर में गोवर्धन बनाकर विधि-विधान के साथ पूजन किया गया। वहीं भगवान श्रीकृष्ण लीलाओं का गुणगान के साथ पंचवटी मंदिर परिसर में गोवर्धन मेले का भी आयोजन किया गया। डीजे इंटर कॉलेज के बी फील्ड में 51 फीट लंबाई का आकर्षक गोवर्धन गोबर से बना फूलों से



सजाया गया था। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री डा.संजीव बालियान, पालिका के पूर्व चेयरमैन डा.अमित राणा ने गोवर्धन पूजा की। श्रद्धालुओं ने पूजा कर गोवर्धन परिक्रमा कर प्रसाद ग्रहण किया। श्रीनीलकंठ महादेव प्राचीन मंदिर में बनाये गए गोवर्धन की पूजा अर्चना, परिक्रमा करने को श्रद्धालुओं की बड़ी भीड़ मौजूद रही। आरती के बाद अन्नकूट का प्रसाद लेने को श्रद्धालु उमड़ पड़े। पुजारी अनुज दीक्षित द्वारा विधि विधान से पूजा सम्पन्न कराई। इस दौरान अमित जैन, अनुज मित्तल, रोबिन गोयल, प्रताप, विशु, मोनू, रोहताश, डा. पारस जैन, सुमित, विशेष जैन आदि मौजूद रहे।
इम्लिवाला मन्दिर में भी मंदिर कमेटी के तत्वावधान में गाय के गोबर से 15 फीट लम्बाई का विशाल गोवर्धन तैयार किया गया था। शाम के समय पुजारी के निर्देशन में शुरू हुई पूजा अर्चना में श्रद्धालुओं ने गोवर्धन की परिक्रमा करते हुए धर्मलाभ उठाया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने अन्नकूट का प्रसाद ग्रहण किया। अन्नकूट प्रसाद लेने के लिए श्रद्धालुओं के बीच मारामारी तक मची हुई थी। इस दौरान नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी विद्वान पंडित आचार्य उमेश कौशिक ने श्रद्धालुओं को गोवर्धन महाराज का प्रसाद वितरण करते हुए यह जानकारी दी है।

उधर, जागौश गांव में भी गोवर्धन पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यहां पर ग्रामीणों ने विधि विधान से गोवर्धन को तैयार किया। शाम के समय श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना करते हुए गोवर्धन की परिक्रमा भी की। इस दौरान नरेश, शर्मा प्रधान प्रतिनिधि लवकुश शर्मा सुनील शर्मा सुरेश शर्मा अनिल मुखिया पूर्व प्रधान विजयपाल शर्मा मिंटू शास्त्री सुभाष शर्मा कपिल शर्मा शिव मंदिर के मुख्य पुजारी अनिल पांडे सचिन शर्मा गजेंद्र शर्मा आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# मारपीट व फायरिंग के मामले में पुलिस ने किया आठ लोगों पर मुकदमा दर्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**खेकड़ा।** कोतवाली क्षेत्र के घिटोरा गांव में बच्चों के विवाद के बाद हुई मारपीट और फायरिंग के मामले में पुलिस ने आठ लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने पीड़ित परिवार की शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की है और फरार आरो. पियों की तलाश शुरू कर दी है।

यह घटना घिटोरा गांव में हुई, जहां बच्चों के बीच हुए विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। विवाद के बाद एक परिवार पर हमला किया गया, जिसमें मारपीट के साथ फायरिंग भी हुई। इस घटना में एक व्यक्ति को गोली लगी थी। पीड़ित प्रवीण उर्फ कालू ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनके परिवार पर हमला किया गया और फायरिंग में उनके पैर में गोली लगी थी। उन्हें इलाज के लिए हायर सेंटर रफेर किया गया है। पुलिस ने प्रवीण की तहरीर के आधार पर भीम, रोहित, ऋतिक, कालू, प्रदीप, मोहित, धर्मी सहित एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस अब मारपीट और फायरिंग के बाद फरार हुए आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# बिजली की चिंगारी गन्ने की फसल में गिरने से लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** चंदायन के जंगल में मंगलवार देर शाम आजमपुर मुलसम के एक किसान की चार बीघा गन्ने की फसल जल गई। यह घटना खेत में लगे बिजली ट्रांसफॉर्मर से चिंगारी गिरने के कारण हुई।

किसान प्रमोद कुमार, जो आजमपुर मुलसम के निवासी हैं, उनकी जमीन चंदायन के जंगल में स्थित है। प्रमोद कुमार ने बताया कि खेत के पास लगे बिजली ट्रांसफॉर्मर का एक तार टूटकर दूसरे तार से छू गया, जिससे निकली चिंगारी नीचे खड़ी गन्ने की फसल पर गिरी और आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास के किसान मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत बिजली घर को सूचित कर बिजली आपूर्ति बंद करवाई और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। हालांकि, आग बुझने तक लगभग चार बीघा गन्ने की फसल पूरी तरह जल चुकी थी। पीड़ित किसान प्रमोद कुमार ने अपनी जली हुई फसल के संबंध में दोघट थाने में तहरीर दी है।



# कार सवार ने किया कोतवाली के निकट सजावट की दुकान से सामान चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** कोतवाली के निकट सजावट की दुकान से सामान चोरी करते कार सवार युवक को सोशल मीडियो पर वीडियो वायरल हो रहा है।

बुधवार को कोतवाली के निकट सजावट की दुकान से सामान चोरी करते कार सवार युवक को सोशल मीडियो पर वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल के आधार पता चला कि बागपत शहर की माता कालोनी निवासी सतीश ने कोतवाली के निकट सजावट की दुकान लगा रखी थी। 20 अक्टूबर की रात करीब साढे 12 बजे कार सवार युवक ने सजावट की दुकान से सामान चोरी किया और कार में सवार होकर फरार हो गया। पीडित ने कोतवाली पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। घटना ऊर्जा निगम कायार्लय बागपत पर लगे सीसीटीवी कैमर में कैद गई। उधर कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी का कहना है कि मामले की जाँच कर कार्रवाई की जाएगी




## एक नजर

### पुलिस ने अरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर की जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**छपरौली।** एक महिला से मारपीट, कपड़े फाड़ने और उसके डेढ़ माह के बच्चे को फेंकने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 16 अक्टूबर 2025 को दोपहर करीब 1 बजे उसके जेठ अंकुर घर लौट रहे थे। तभी गांव के आरोपी कालू पुत्र राजू जाट ने शराब के नशे में उनसे अभद्र व्यवहार किया। इसके बाद आरोपी कालू पीड़िता के घर में जबरन घुस गया। उसने महिला के साथ हाथापाई की। आरोपी ने पीड़िता के डेढ़ माह के बच्चे को छीनकर फेंक दिया और दोनों भाइयों को जातिसूचक शब्दों से अपमा. नित किया। पुलिस अधीक्षक बागपत के निर्देश पर थाना छपरौली में महिला की तहरीर पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने कालू पुत्र राजू जाट निवासी शेरपुर लुहारा के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कुछ युवकों ने घर में घुसकर युवती से की छेड़छाड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**छपरौली।** थाना क्षेत्र में छेड़छाड़ का विरोध करने पर मारपीट की घटना सामने आई है। आरोप है कि गांव के कुछ युवकों ने एक युवती के साथ घर में घुसकर छेड़छाड़ की और विरोध करने पर उसके परिजनों की पिटाई कर दी। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आ रहा है। जानकारी के अनुसार, पीड़ित युवती घर पर अकेली थी, तभी गांव के दो आरोपी जबरन उसके घर में घुस गए। युवती ने इसका विरोध किया और शोर मचाया, जिसके बाद उसकी बड़ी बहन और चाचा-चाची मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि युवकों ने उनके साथ भी मारपीट की। बाद में, जब युवती के पिता और चाचा घर लौट रहे थे, तो उन्हें भी लाठी-डंडों से पीटा गया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि उन्होंने घटना की शिकायत छपरौली थाने में की थी, लेकिन पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। इसके बाद, न्याय की गुहार लगाते हुए परिजन और पीड़िता उच्च अधिकारियों के कार्यालय पहुंचे। अधिकारियों ने इस पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# युवक ने की कार सवार पर फायरिंग, वीडियों वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बिनौली।** थाना क्षेत्र के बडावद गांव से लाइव फायरिंग का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि दो पक्षों के बीच चल रहे पुराने विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसके बाद एक कार सवार पर फायरिंग की गई।

घटना उस समय हुई जब एक कार और बाइक की टक्कर के बाद झगड़ा बढ़ गया। विवाद इतना गहराया कि खुलेआम तमंचे से फायरिंग कर दी गई। कार सवार पर हुई इस फायरिंग का मामला अब चर्चा का विषय बना हुआ है। सूत्रों के अनुसार, मोहित और कृष्णपाल पड़ोसी हैं और उनके बीच कई वर्षों से विवाद चल रहा है। कुछ दिन पहले मोहित ने कथित तौर पर कृष्णपाल पर कार चढ़ाने की को. शिश की थी, इसी रंजिश के चलते



दोनों पक्षों में फिर विवाद हुआ। विवाद के दौरान जब मोहित अपनी कार लेकर भागने लगा, तो कृष्णपाल के बेटे ने उस पर तमंचे से फायर कर दिया। गनीमत रही कि गोली मोहित को नहीं लगी, लेकिन इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस हरकत में आ गई है। दोनों पक्षों पर कार्रवाई शुरू की है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# तमंचा के साथ फोटो वीडियो वायरल होने पर आरोपित को किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** बालैनी थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर तमंचा के साथ फोटो वीडियो वायरल होने पर आरोपित युवक को गिरफ्तार किया। कब्जे एक अवैध तमंचा बरामद किया।

बुधवार को प्रेसनोट के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया गया कि सोशल मीडिया पर तमंचा के साथ एक युवक का फोटो वीडियो वायरल हो रहा था। बालैनी थाना पुलिस ने वायरल फोटो वीडियो के आधार पर आरोपित युवक खुशहाल निवासी नवादा को गिरफ्तार किया तथा आर्म्स एक्ट का मुकदमा कर वैधानिक कार्रवाई की गई। साथ ही आरोपित के कब्जे एक अवैध तमंचा बरामद किया गया। गिरफ्तार करने वालों में उप निरीक्षक रमेश चंद्रा व सोनू सिंह, कांस्टेबल अखिलेश मौजूद रहे।

# घर में चोरी के इरादे से घुसे चोर की धुनाई कर पुलिस को सौंपा



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बिनौली।** रंछाड गांव में मंगलवार रात चोरी के इरादे से एक घर में घुसे एक चोर को स्वजन ने पकड़ कर धुनाई कर दी। इसके बाद ग्रामीणों को बुलाकर पुलिस को सूचना दे दी। ग्रामीणों ने आरोपित को वहां पहुंची पुलिस को सुपुर्द कर दिया। रंछाड गांव निवासी सोनू पुत्र आनंद ने थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया रात में गांव का युवक देव पुत्र राकेश चोरी के इरादे उनके घर में आ घुसा, जिसको पता चलने पर पकड़ लिया गया। इसी ने एक दिन पूर्व घर में रखी बीस हजार की नकदी चोरी कर ली थी। इस दौरान मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने पकड़े गए युवक की धुनाई कर दी, जिससे वह चोटिल भी हो गया। ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर पहुंची पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया। हालांकि चोर से कोई बरामदगी नहीं हुई है। उधर गांव में इस घटना को लेकर कई तरह की चर्चा चल रही है। इंस्पेक्टर राकेश कुमार शर्मा का कहना था कि आरो. पित का चालान किया गया है।

# लाइब्रेरी बनाने की मांग को लेकर राज्यमंत्री को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** तहसील क्षेत्र के कोताना गांव के पूर्व प्रधान प्रतिनिधि बालेश्वर प्रजापत ने प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री केपी मालिक को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने यमुना नदी के किनारे बसे कोताना गांव में एक लाइब्रेरी बनाने की मांग की।

राज्य मंत्री केपी मलिक ने इस समस्या को ध्यान में रखते हुए जल्दी ही गांव में लाइब्रेरी का काम शुरू करने का आश्वासन दिलाया। इस मौके पर शबगा गांव के भोपाल भक्त स्वामी ने कहा कि कोताना गांव में लाइब्रेरी बनने से क्षेत्र की युवा पीढ़ी को बल मिलेगा क्योंकि हमारी युवा पीढ़ी पुरानी परंपराओं को भुलती जा रही है। हम सब समा. जसेवियों को अपनी युवा पीढ़ियों को जागरूक करना चाहिए। भोपाल



भक्त स्वामी ने कहा कि लाइब्रेरी बनने से क्षेत्र की जनता को भी लाभ होगा। पूर्व प्रधान प्रतिनिधि बालेश्वर प्रजापत ने कहा कि कोताना गांव का नाम जनपद बागपत के इतिहास से भी जुड़ा हुआ है। इस गांव में आज भी पुरानी परंपराओं से जुड़ी हवेली मोजूद है जो इस समय खंडरों में तब्दील हो गई है। कोताना गांव का इतिहास पुराने महापुरुषों की यादें भी समेटे हुए है। कोताना गांव का इतिहास महाभारत से भी जुड़ा हुआ है। इसीलिए गांव में लाइब्रेरी बननी चाहिए। राज्य मंत्री केपी मलिक ने जल्दी ही लाइब्रेरी का निर्माण शुरू करने की बात कही है। इस मौके पर प्रवेश कुमार सचिन कुमार विजय कुमार चिंटु कुमार गोलू अनिल कुमार वरिष्ठ भाजपा नेता डा.देवेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# मारपीट के मामले में दोनों पक्षो के नौ लोगों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**दोघट।** गांगनौली के जंगल में चार दिन पहले रमाला सहकारी चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्र को लेकर दो पक्षों में विवाद और मारपीट हुई। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

गांगनौली गांव के पूर्व प्रधान धर्मेंद्र राठी ने अपनी तहरीर में बताया कि वह गन्ना डायरेक्टर प्रवेंद्र राठी के साथ क्रय केंद्र को दूसरी जगह स्थानांतरित करने का प्रस्ताव लेकर आए थे। जब उन्होंने मौके पर पहुंचकर कांटे का विरोध किया, तो रविंद्र ने गांव से कुछ लोगों को बुला लिया। धर्मेंद्र राठी के अनुसार, रविंद्र, सतेंद्र, प्रद्युमन, वीरेंद्र और गौरव सहित अन्य लोगों ने उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। उन्होंने अपनी जान को खतरा भी बताया है। वहीं, गांगनौली निवासी दूसरे पक्ष के रविंद्र पुत्र ईश्वर ने दोघट थाने में तहरीर दी है। रविंद्र ने बताया कि उनके खेत में रमाला सहकारी चीनी मिल का गन्ना क्रय केंद्र लगा है। 17 अक्टूबर को जब वह खेत में कांटे की रखवाली कर रहे थे, तभी गांव के पूर्व प्रधान धर्मेंद्र राठी, पिंटू, ओम सिंह, अंकुश और आठ-दस अन्य लोग वहां पहुंचे। इन लोगों ने तोड़फोड़ कर कांटे को जबरन उखाड़ने का प्रयास किया। रविंद्र ने विरोध करने पर उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट का आरोप लगाया है। उन्होंने भी अपनी जान को खतरा बताते हुए सुरक्षा की मांग की है। थानाध्यक्ष दोघट सूर्यदीप सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर नौ नामजद और आठ-दस अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है।



# किसान मजदूर संगठन के जिला महासचिव बने गौरव

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**अग्रवाल मंडी टटीरी।** ग्राम मीतली के गौरव ठाकुर को किसान मजदूर संगठन बागपत के जिला महासचिव पद पर नियुक्त किया गया।

बुधवार को कस्बा टटीरी निवासी शांतुन राजपूत के मुताबिक ग्राम मीतली के गौरव ठाकुर को किसान मजदूर संगठन बागपत के जिला महासचिव के पद पर नियुक्त किया गया। इसी दौरान नवनियुक्त गौरव ठाकुर ने किसान मजदूर संगठन बागपत के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरन सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनू मलिक, सलाहकार अवध प्रताप, जिलाध्यक्ष आचार्य अजीत सिंह आदि पदाधिकारियों को आभार व्यक्त किया। इसी दौरान ठाकुर बाबा चौहल सिंह, विजयपाल पहलवान, वीरेंद्र, नरेश फौजी, वीरेंद्र, दिनेश कुमार, कार्तिक राजपूत, अभिषेक ठाकुर आदि मौजूद रहे।



# असामाजिक तत्वों ने हिंदू समुदाय की देवस्थान को किया खंडित

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** पुराने कस्बे में मंगलवार और बुधवार की मध्य रात्रि कुछ असामाजिक तत्वों ने हिंदू समुदाय की देवस्थान को खंडित कर दिया। बुधवार सुबह जब श्रद्धालु देवस्थान पहुंचे तो वहां का दृश्य देखकर लोगों में आक्रोश फैल गया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और ग्रामीण देवस्थान परिसर में एकत्र हो गए।

आक्रोशित लोगों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। देवस्थान के पास रहने वाले एक युवक ने आरोप लगाया कि विशेष समुदाय के कुछ युवकों ने देर रात इस घटना को अंजाम दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने भीड़ को शांत कराया और खंडित मूर्तियों को



पुनः स्थापित कराने की प्रक्रिया शुरू कराई। अधिकारियों ने लोगों से शांति बनाए रखने और किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने पूरे इलाके में गश्त बढ़ा दी है। साथ ही आसपास के इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है ताकि किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके। पुलिस ने देवस्थान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगालनी शुरू कर दी है और संदिग्धों की तलाश में दबिश दी जा रही है। कोतवाली प्रभारी दीक्षित त्यागी ने बताया कि घटना के पीछे की सच्चाई का पता लगाने के लिए एक टीम गठित कर दी गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और क्षेत्र में शांति बनी हुई है। प्रशासन ने लोगों से सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की है।

# गोवर्धन पर गौ सेवा का दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मंडी धनौरा।** गोवर्धन पूजा के पावन पर्व पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने बुधवार को ग्राम शहबाजपुर स्थित पालिका की कान्हा गौशाला में पहुंचकर श्रद्धा और भक्ति के साथ गोवर्धन महाराज की पूजा-अर्चना की।

उन्होंने विधिवत रीति से पूजा संपन्न कर गौवंश को माला पहनाई, उन्हें गुड़ का भोग लगाकर सभी के सुख-समृद्धि और नगर के कल्याण की कामना की।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि गोवर्धन पूजा भारतीय संस्कृति का प्रतीक है, जो हमें प्रकृति, पशु-पक्षियों और पर्यावरण के संरक्षण का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि गौवंश हमारी आस्था और कृषि दोनों का आधार हैं, इसलिए उनका संरक्षण हर नागरिक का नैतिक दायित्व है।

अध्यक्ष ने बताया कि कान्हा गौशाला में प्रतिदिन गौवंश की सेवा, भोजन और देखभाल की व्यवस्था नियमित रूप से की जा रही है, ताकि किसी भी पशु को कोई असुविधा न हो। इस अवसर पर डॉ. नेपाल सिंह, लेखाकार सोनू पिवाल, विशाल शर्मा, निशान्त कुमार सहित पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# राधना गांव में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष

**वर्तमान प्रधान और भाजपा नेता के बीच हुआ विवाद, कई लोग घायल**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना क्षेत्र के गांव राधना में बच्चों के बीच हुए विवाद में हुए दो पक्षों के बीच संघर्ष में कई लोग घायल हो गए। विवाद के बीच दोनों पक्षों की तरफ से जमकर पथराव व लाठी-डंडों समेत धारदार हथियार चलें, पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल को जिला अस्पताल में रेफर कर दिया गया।

बुधवार सुबह घायल अवस्था में थाने पहुंचे भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष संदीप सोम, संघ मेरठ से सेवा भारती से जुड़े रूपेन्द्र सोम ने थाने पहुंचकर आरोप लगाया कि प्रधान पक्ष से मंगलवार शाम को विवाद हो गया था, जिसके बाद गांव के जिम्मेदारों ने मामले को शांत करा दिया था। सुनील पक्ष का आरोप है कि बुधवार सुबह प्रधान पक्ष के लोगों ने उनके उपर लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर दिया, जिसकी चपेट में आकर सुनील, रूपेन्द्र, मुकुल सोम, जयकुमार, चन्द्रपाल आदि को चोंटे आई। दूसरे पक्ष से थाने पहुंचे प्रधान पक्ष की तरफ से आंशु सोम, सुनील कुमार, भूपेन्द्र कुमार ने भी दूसरे पक्ष के ऊपर हमला करने का आरोप लगाया। पुलिस ने घायल सभी 8 लोगों का सरधना सीएचसी पर उपचार कराया, जहां से गंभीर रूप से घायल कई लोगों को मेरठ अस्पताल में रेफर कर दिया गया। इस प्रकरण की सोशल मीडिया पर संघर्ष की वीडियों वायरल हो रही है, जिसमें दोनों पक्षों के लोग हाथों में लाठी-डंडें व हथियार लेते हुए नजर आ रहें, दोनों पक्षों के बीच जमकर पथराव भी हुआ। पुलिस ने इस मामलें में दोनों पक्षों की तरफ से तहरीर लेते हुए छानबीन शुरू कर दी है।

# गन्ने के खेत में मिला अजगर ग्रामीणों में मची अफरा-तफरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव मोडकला में बुधवार को गन्ने के खेत में एक विशालकाय अजगर मिलने से ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार गांव निवासी विकास देशवाल अपने खेत में पानी चलाने गया, तो उसने खेत में पड़े अजगर को देखा। अचानक अजगर को देख किसान के होश उड़ गये और उसने शोर मचा दिया। शोर सुनकर आसपास काम कर रहे अन्य किसान और ग्रामीण मौके पर पहुंच गये। ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वनरक्षक अतुल स्वामी, वाचर और डालचंद के साथ टीम मौके पर पहुंची। टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद अजगर को पकड़ लिया। वन विभाग की टीम ने अजगर को बोरे में भरकर अपने



साथ ले जाकर पांडव वन ब्लॉक के प्राकृतिक आवास क्षेत्र में सुरक्षित छोड़ दिया। ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और वन विभाग टीम के तत्पर कार्य की सराहना की।

# युवक पर ईंट से हमले का वीडियो वायरल, एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** थाना क्षेत्र में युवक पर ईंट से हमले का वीडियो सामने आया है। जिसमें एक युवक जमीन पर लिटाकर युवक पर ईंट से हमला करता दिखाई दे रहा है। वहीं पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। किठौर के गांव कासमपुर माछरा निवासी मुनेश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसका पुत्र सुंदर खेत से घर लौट रह रहा था।

इसी दौरान पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही रिंकू पुत्र मांगे, आदेश पुत्र प्रहलाद और नंगली अब्दुल्ला निवासी रॉबिन पुत्र महेंद्र ने गाली गलौज करते हुए ईंट और कसले से हमला कर दिया। जिसमें सुंदर गम्भीर रूप से घायल हो गया। इंस्पेक्टर किठौर प्रताप सिंह ने बताया कि तीनों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश जारी है। घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं पुलिस ने माछरा अंडर पास से गांव कासमपुर माछरा



निवासी आदेश पुत्र प्रहलाद को गिरफ्तार किया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया। पुलिस बाकी आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# भैंसाली मैदान में होगी श्रीमद्भागवत कथा



भैंसाली मैदान में कथा की जानकारी देते पदाधिकारी।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विश्व कल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा 25 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक एक कथा का आयोजन होने जा रहा है। 24 अक्टूबर को कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो बाबा औघड़नाथ मंदिर से शुरू होकर भैंसाली के कथा स्थल पर समाप्त होगी। यह जानकारी अध्यक्ष हर्ष गोयल ने दी। उन्होंने कहा कि संत श्री चिन्मयानंद बापू जी की श्री मुख से 595वीं कथा मेरठ में आयोजित होगी जिसमें अधिकतर बच्चों का सहयोग रहेगा। मेरठ के स्कूलों से बच्चे बुलाए गए हैं। कार्यक्रम में भोजन और प्रसाद की व्यवस्था समिति द्वारा की जाएगी इसके अलावा एक नवंबर को हवन और भंडारे के साथ कथा का समापन होगा। हर्ष गोयल के अलावा विक्रम शास्त्री, आलोक सिसोदिया, अमित गर्ग, अनिल मित्तल, अमन गुप्ता आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

### राज्यमंत्री ऊर्जा का नाम लेकर गुंडागर्दी करने का विरोध

# सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने खोला मोर्चा, आरोपी पर रासुका की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** समाजवादी के पूर्व जिला अध्यक्ष व वर्तमान प्रदेश सचिव विपिन चौधरी ने बुधवार को कमिश्नरी पर कहा कि उत्तर प्रदेश में व्यापारियों के उत्पीड़न और दलित पिछड़े अल्पसंख्यकों को और महिलाओं के सम्मान को बचाने में नाकाम साबित हो रही सरकार के खिलाफ एक ज्ञापन राज्यपाल के नाम डीएम को सौंपा गया है।

उनका कहना था कि राज्य मंत्री उर्जा सोमेंद्र तोमर के नाम पर गुंडागर्दी की गई है आरोपी विकुल चपराणा नाम के युवक ने एक व्यापारी सत्यम रस्तोगी की पिटाई



की और पुलिस के सामने ही सरेआम उसकी सड़क पर नाक रगड़ वाई यह पूरा प्रकरण पुलिस की मौजूदगी में हुआ और पुलिस मूकदर्शक बन तमाशा देखती रही उन्होंने आरोपी विकुल चपराणा पर रासुका की कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान हिमांशू सिद्धार्थ, निरंजन सिंह, डाक्टर रहमानी, मेराज महलका आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नानू फतेहपुर से किसान की भैंस चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** ब्लॉक के गांव नानु फतेहपुर में मंगलवार की देर रात को गांव निवासी हरवीर व पीतम की भैंस घर के बाहर आंगन में बंधी थी चोर दो भैंस खोलकर ले गए और सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। दिन निकलते ही जब हरवीर व पीतम ने जाकर देखा तो भैंस गायब थी तभी परिवार वालों ने जानी पुलिस को सूचना दी तभी मोके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और गांव में सीसीटीवी कैमरे चेक किए जहा तीन व्यक्तियों ने इस घटना को अंजाम दिया है वहीं पुलिस ने जांच पड़ताल में जुट गई, वहीं भाजपा नेता नरेंद्र गुर्जर ने कहा की इसकी शिकायत अधिकारियों से की जायेगी रात में पुलिस रात्रि गश्त नहीं करती ह आने वाले समय ठंड का है जिसमें चोरी की घटना बढ़ेंगी। उन्होंने रात में गश्त करने की मांग की है।

## एकतरफा कार्रवाई का विरोध, सीओ से मिले ग्रामीण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सरधना के गांव अटेरना में हुए दो पक्षों के विवाद के बाद हुई एक तरफा कार्रवाई के खिलाफ बुधवार को ठाकुर समाज के लोगों ने सीओ से मुलाकात करते हुए निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है। सीओ ने जांच कर निष्पक्ष कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया।


गौरतलब है की गांव अटेरना में सोमवार बच्चों के विवाद के बाद ठाकुर समाज और दलित समाज के बीच संघर्ष हो गया था। जिसकी चपेट में आकर कई लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दलित पक्ष की तरफ से मुकदमा दर्ज किया था। जिसमें एससी/ एसटी एक्ट समेत कई गंभीर धारा लगाई गई थी। बुधवार को ठाकुर समाज के पक्ष ने सीओ सरधना आशुतोष कुमार से मुलाकात करते हुए एक तरफा कार्रवाई करने पर सवाल उठाए। इसके साथ ही दूसरे पक्ष ने सीओ को विवाद की सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराते हुए निष्पक्ष कार्रवाई करने की मांग की। ठाकुर पक्ष के लोगों का कहना था कि पुलिस ने एक तरफा कार्रवाई की है। सीओ ने वीडियो के आधार पर जांच कर निष्पक्ष कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

# गोवर्धन पर की गई गोवंश की सेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** बुधवार को गोवर्धन के मौके पर सरधना मंडी स्थित गौशाला में गायों की सेवा की गयी। गोवर्धन पर्व के पावन दिवस नई मंडी परिसर स्थित गौशाला मे गौवंश एवं पशु पक्षी सेवा संस्थान ट्रस्ट अध्यक्ष आलोक जैन, संचालक पुरषोत्तम बंसल, धर्मबीर सिंह, राकेश गोयल द्वारा गौ माता का पूजन एवं कम्बल उड़ाकर गुड़ खिलाकर सेवा एवं पूजन किया, साथ ही गौ सेवको अकरम, राम जाने, बृजमोहन शर्मा को पटका व माला पहनाकर सम्मानित किया।

इस विशेष अवसर पर सभी को आशीर्वाद देने मानव उत्थान सेवा समिति सतगुरु श्री सतपाल महराज जी की सुशीष्य साध्वी दीपिका बाई जी एवं भजन कीर्तन मंडली के लिए कफसाड छाबरिया गोटका चांदना जुलहेड़ा व सरधना नगर से भक्त जन पहुंचे, अपने सम्बोदन में बाई जी ने गौ वंश की सेवा व संरक्षण का संकल्प दिलाया साथ ही ट्रस्ट मण्डल द्वारा किये जा रहे गौ सेवा के सुन्दर कार्य की सराहना की एवं मजबूती से दृढ संकल्प के साथ गौ सेवा के लिए सज्ज रहने का आह्वान किया चुनौतियां आएंगी ओर उनका मजबूती से सामना करते हुए गौसेवा में लगे रहना है, कार्यक्रम के बाद परसादी की व्यवस्था रही भक्त जनों ने कीर्तन का लाभ लिया गौशाला ट्रस्ट की ओर से



अध्यक्ष आलोक जैन, पुरषोत्तम बंसल ने सभी भक्तजनों का अभिनन्दन किया। इस अवसर पर अम्बुज कुमार, डॉ. प्रमोद अहमदाबाद, शुभम चौधरी, विवेक कुमार, लोकेश जैन, राजकुमार प्रजापति आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पेट्रोल बम बनाने वाले आरोपी जल्द होंगे सलाखों के पीछे, तलाश शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** पुलिस ने पेट्रोल बम फोड़ने के मामले में कड़ी कार्रवाई की है। वायरल वीडियो के आधार पर दो नामजद और तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ था। इसमें कुछ युवक एक पिन्नी में पेट्रोल भरकर आग लगाते हुए दिखाई दिए थे। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपियों की पहचान शुरू की। पेट्रोल बम फोड़ने वालों की पहचान हसनपुर कलां गांव निवासी देवेंद्र पुत्र रामसिंह गुर्जर और सुमित उर्फ काली पुत्र महेश कुमार के रूप में हुई। इनके अलावा तीन अज्ञात युवकों को भी आरोपी बनाया गया है।



किठौर थाने में इन सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# बहसूमा में धूमधाम से मनाई गई गोवर्धन पूजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र में गोवर्धन पूजा का पर्व बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों और घरों में पूजा-अर्चना के लिए तांता लग रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के स्वरूप में गोवर्धन पर्वत की पूजा कर पारंपरिक अन्नकूट भोग लगाया। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने अपने घरों के आंगन में गोबर से गोवर्धन पर्वत का निर्माण किया और तरह-तरह के व्यंजन बनाकर भगवान को अर्पित किए। जगह-जगह भक्तों ने कीर्तन, भजन और आरती का आयोजन किया, जिससे पूरा वातावरण भक्ति रस में डूब गया।



गोवर्धन पूजा भगवान श्रीकृष्ण की गोवर्धन पर्वत उठाने की लीला की याद में मनाई जाती है, जो प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा का प्रतीक भी है। यह दिन श्रद्धा, आस्था और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर है। यह दिन खासतौर पर भगवान श्रीकृष्ण की गोवर्धन पर्वत उठाने की अद्भुत लीला की याद में होता है। इस दिन लोग घरों में गाय के गोबर से गोवर्धन महाराज की आकृति बनाकर उनका पूजन करते हैं और उनके आशीर्वाद से सुख, समृद्धि और सुरक्षा की कामना करते हैं। मवाना, बहसूमा, रामराज, मोडकला, मोडखुर्द, सदरपुर, तखावली, अस्सा, रहमापुर, माखननगर, झुनझुनी, भंडोरा, करीमपुर, सैफपुर फिरोजपुर आदि गांवों में बच्चों और महिलाओं में इस पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने रंग-बिरंगी पोशाकें पहनकर भगवान श्रीकृष्ण की झांकियां सजाई। शाम होते ही मंदिरों में दीप सज्जा और भजन संध्या का आयोजन किया गया। भक्तों ने एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं और देश-प्रदेश में सुख-शांति की कामना की।

## लोकदल नेता रणबीर दहिया ने क्षेत्रीय ग्रामीणों के साथ मनाया त्योहार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता व सिवालखास विधान सभा प्रभारी रणबीर दहिया ने बुधवार को सिवालखास विधानसभा के लोगों के साथ गोवर्धन दीपावली का त्यौहार मनाया। इस दौरान वह कस्बा ग्राम हर्रा में लोगों से मिले और दीपावली की शुभकामनाएं दी। वहीं क्षेत्र के लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। लोगों का कहना था कि रणबीर दहिया जैसे वरिष्ठ नेता ने जो सदस्यता अभियान चलाया है उसमें राष्ट्रीय लोकदल की जड़े मजबूत हो रही है। युवा बड़ी संख्या में लोकदल की सदस्यता ग्रहण कर रहा है।

# पत्नी पर कमेंट करने के बाद दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट, तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** चौकी क्षेत्र के जलालपुर गांव में एक युवक अपनी पत्नी के साथ जा रहा था तभी वहां मौजूद एक युवक ने गलत कमेंट कर दिया। इसी बात को लेकर दो पक्ष आमने सामने आ गए और जमकर मारपीट हुई। इस दौरान दोनों पक्षों से एक महिला सहित तीन घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार जलालपुर गांव निवासी जॉनी पुत्र राजबीर अपनी पत्नी के साथ किसी काम से गया था। तभी वापिस घर जाते समय गांव के ही अनुज ने पत्नी पर गलत कमेंट कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच गाली गलौच हो गई। हालांकि अनुज का कहना है कि कमेंट उसने नहीं किया बल्कि किसी ओर ने किया था। गाली गलौच के बाद दोनों पक्षों के लोग लाठी डंडे लेकर आमने सामने आ गए और जमकर मारपीट हुई। इस दौरान जॉनी का सिर फट गया जिससे वह लहूलुहान होकर गिर गया। परिजन जॉनी को लेकर लावड़ चौकी पहुंच गए। वहीं दूसरे पक्ष से अनुज व उसकी मां कमलेश भी घायल हो गए। बताया जाता है कि कमलेश की हालत चिंताजनक बनी हुई है उसे इलाज के लिए प्यारेलाल शर्मा अस्पताल ले जाया गया था जहां से उसे गंभीर हालत के चलते मेडिकल के लिए रेफर कर दिया गया। देर शाम दोनों पक्षों के लोगों ने एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी। वहीं पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी।



मारपीट में घायल जॉनी व अनुज।

## कसेरूखेड़ा में गोवर्धन महाराज की पूजा-अर्चना के साथ हुई पदयात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कसेरू खेड़ा में गोवर्धन महाराज की पूजा-अर्चना के बाद रामलीला कमेटी के अध्यक्ष विनोद सोनकर के नेतृत्व में पदयात्रा निक. ाली गई। कंठी माता मंदिर दिग्गी मोहल्ला से शुरू हुई पदयात्रा में सदस्यों ने लाठी कौशल और करतब दिखाए। यात्रा क्षेत्र के विभिन्न घरों तक पहुंची, जहां एक-दूसरे का मुंह मीठा कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में खलीफा मनोज यादव, मुरारी, ओमप्रकाश कनौजिया, दामा. ेदर यादव, आनंद प्रकाश, गंगाराम और पूर्व पार्षद नरेंद्र यादव सहित अनेक लोगों का स्वागत हुआ। अंत में विनोद सोनकर ने कमेटी सदस्यों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# पूर्व विधायक यगेश वर्मा के जन्मदिवस को परिवार व समर्थकों ने मनाया यादगार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को हस्तिनापुर के पूर्व विधायक योगेश वर्मा का जन्म दिवस उनके परिवार वाले व समर्थकों ने यादगार बनाया। सुबह से लेकर देर रात तक उनके आवास पर बधाई देने वालों का जमावड़ा लगा रहा। इस दौरान राजनीतिक, सामाजिक, डॉक्टर व पत्रकारों ने भी उन्हें बधाई दी। उनके जन्मदिवस पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजन वर्मा ने योगेश वर्मा को केक खिलाया। इस दौरान मेरठ की पूर्व मेयर व योगेश वर्मा की पत्नी सुनीता वर्मा भी मौजूद रहीं। वहीं पत्रकार शाहवेज खान ने भी उनके आवास पहुंचकर पूर्व विधायक को जन्मदिन की बधाई दी। युवा

**देर रात तक चला केक काटने का सिलसिला, घर पर लगा रहा जमावड़ा**

एडवोकेट विजय बहादुर ने अपने साथियों के साथ पहुंचकर योगेश वर्मा से मुलाकात की। जन्मदिवस की बधाई देने वालों में हस्तिनापुर विस से सोनू प्रधान रानी नगला, सभासद प्रदीप नागर, हस्तिनापुर विधानसभा के किला परीक्षितगढ़ के गांव अगवानपुर से गौरव राणा, तस्लीम सहित चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी, मेरठ कॉलेज के छात्रों के साथ-साथ हस्तिनापुर, मवाना किठौर सरधना के गावों से आए लोगों का जमावड़ा लगा रहा।




# मां बगलामुखी मंदिर में गोवर्धन पूजा हवन के बाद हुआ भंडारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को मेरठ के साकेत स्थित मां बगलामुखी धाम यज्ञशाला दक्षिणेश्वरी काली पीठ, खंडेश्वर महादेव मंदिर में गोवर्धन पर विशेष पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर मंदिर में गोवर्धन महाराज की प्रतिमा बनाकर उसका विधि विधान से पूजन कराया ओर हवन के बाद अन्नकूट भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया।

मन्दिर पुजारी आचार्य प्रदीप गोस्वामी ने बताया कि यह परंपरा द्वापर युग से चली आ रही है। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रज के लोगों से गोवर्धन पर्वत की पूजा करने के लिए कहा था। आज भी मां बगलामुखी धाम यज्ञशाला मंदिर



साकेत में प्रतिवर्ष की भांति बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को विधि विधान से पूजन ओर हवन के उपरांत अन्नकूट प्रसाद बनाकर वितरित किया गया। आचार्य प्रदीप गोस्वामी ने कहा कि अन्नकूट की प्रथा तब से है जब इंद्र देवता ने वर्षा करके कहर बरसाया था। तभी भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत अपनी सबसे छोटी उंगली पर उठा लिया। सभी गांव के लोग उस पर्वत के नीचे आ गए। गांव वाले गोवर्धन पर्वत के नीचे आने से पहले अपने घर से अपने साथ साग, सब्जी, नमक, मिर्च भी लेकर आए। तब सभी गांव वालों ने सब कुछ मिलाकर सब्जी बनाई, उसे खाकर जीवन बचाया। उसी पर्व को आज भी मनाया जा रहा है।

# एडिलेड में बराबरी के इरादे से उतरेगी टीम इंडिया



**एडिलेड, वार्ता।** भारत के लिए कमर कसने का समय आ गया है। यह एडिलेड है, यह ऑस्ट्रेलिया है, और यह मेहमान टीम है जो पर्थ में मिली हार के बाद मुश्किल में है। सात विकेट गिरे, स्कोर पर मुश्किल से 136 रन, और पारी 30 ओवर से भी कम समय में समाप्त हो गई।

बहुत कम टीमें इस तरह क्रिकेट जीत पाती हैं। अब, चुनौती इस निराशा को भुलाकर कल एडिलेड ओवल में होने वाले दूसरे वनडे में मजबूत वापसी करने की है। पहले मैच में

**● पहले मैच में शानदार जीत के बाद, सीरीज का पलड़ा ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में**

शानदार जीत के बाद, सीरीज का पलड़ा ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में है, लेकिन यह पूरी तरह से ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में है। कप्तान मिचेल मार्श ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया, जबकि जोश हेजलवुड और मिशेल स्टार्क की तेज गेंदबाज जोड़ी ने शुरुआत में ही ऐसी बढ़त बना ली जिससे भारत कभी उबर नहीं पाया।

मेहमानों के लिए, समीकरण सरल है: शीर्ष क्रम - रोहित शर्मा, विराट कोहली और शुभमन गिल - को सीरीज को जिदा रखने के लिए अच्छा प्रदर्शन करना होगा। उनका सामूहिक रूप भारत के लिए इस सतह पर वापसी की कुंजी है, जहां से दूधिया रोशनी में बल्लेबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियों में आने से पहले शुरुआती मूवमेंट मिलने की उम्मीद है। रोहित के साथ स्टार्क की नई गेंद की जंग शुरुआती आकर्षण का केंद्र होगी, क्योंकि बाएं हाथ का यह तेज गेंदबाज़ एडिलेड की स्विंग के अनुकूल हवा का फ़ायदा उठाने की को. शिश करेगा। लंबे ब्रेक के बाद कोहली की सफ़ेद गेंद वाले क्रिकेट में वापसी से रोमांच और बढ़ गया है, जबकि गिल का संयम पारी को स्थिर करने में अहम भूमिका निभाएगा। एडिलेड ओवल में अपने पिछले सात वनडे मैचों में से पांच में जीत हासिल करने वाली ऑस्ट्रेलिया के बिना किसी बदलाव के मैदान पर उतरने की उम्मीद है। उनका संतुलन, गहराई और घरेलू फ़ायदा उन्हें स्पष्ट बढ़त प्रदान करता है। हालांकि, भारत विविधता लाने के लिए स्पिनर कुलदीप यादव को उतार सकता है, जबकि मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह नई गेंद की जोड़ी के रूप में बने रहेंगे। एडिलेड में पिछले पांच वनडे मैचों में से चार में लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों ने जीत हासिल की है, इसलिए टॉस निर्णायक साबित हो सकता है। क्रिकेट के लिए परिस्थितियां आदर्श बनी हुई हैं - आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे, तापमान लगभग 15 डिग्री रहेगा और बारिश का कोई पूर्वानुमान नहीं है। ऑस्ट्रेलिया को पसंदीदा माना जा रहा है। फिर भी, भारत के शीर्ष क्रम की मजबूत शुरुआत दूधिया रोशनी में होने वाले इस बेहद रोमांचक मुकाबले में गति बदल सकती है।

## एडिलेड वनडे से पहले गेंदबाजी संयोजन होगा भारत के लिए बड़ा सवाल

**एडिलेड, वार्ता।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पर्थ में खेला गया पहला वनडे बारिश के कारण काफ़ी प्रभावित हुआ था। कई बार मैच में व्यवधान पड़े थे और अंत में इसे 26 ओवर का करना पड़ा था। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली थी और भारत की बल्लेबाजी लड़खड़ाती हुई नजर आई थी। एडिलेड में होने वाले दूसरे मैच में जहां ऑस्ट्रेलिया सीरीज जीतने की कोशिश करेगा तो वहीं भारतीय टीम सीरीज में बने रहना चाहेगी। इस अहम मैच से पहले आइए जानते हैं दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग इलेवन और पिच रिपोर्ट के बारे में।

संभावित प्लेइंग इलेवन नियमित खिलाड़ी एलेक्स केरी और ऐडम जम्पा की टीम में वापसी हो रही है। संभवतः ये जॉश फ़िलिपे और मैथ्यू कुनमन की जगह प्लेइंग इलेवन में ले सकते हैं। केरी शुरुआती मैच से शील्ड क्रिकेट की व्यस्तता के कारण बाहर थे और अब वह विकेटकीलपग संभालेंगे क्योंकि लिमिटेड ओवर्स की क्रिकेट में पहली पसंद विकेटकीपर जॉश इंगलिस अभी भी लपडली की चोट से उबर रहे हैं। जम्पा पिता बनने के कारण पहले मैच में उपलब्ध नहीं थे और अब वह कुनमन की जगह लेंगे।

**ऑस्ट्रेलिया संभावित इलेविन:** 1 मिचेल मार्श (कप्तान), 2 ट्रैविस हेड, 3 मैथ्यू शॉर्ट, 4 एलेक्स केरी (विकेटकीपर), 5 मैथ्यू रेनशॉ, 6 कूपर कॉनली, 7 मिचेल ओवेन, 8 मिचेल स्टार्क, 9 नेथन एलिस, 10 जॉश हेजलवुड, 11 ऐडम जम्पा भारत के बल्लेबाजी क्रम में बदलाव की संभावना नहीं दिख रही है, लेकिन गेंदबाजी संयोजन को लेकर सवाल बने हुए हैं। बाएं हाथ के कलाई स्पिनर कुलदीप यादव पर्थ में टीम से बाहर रहे थे। हालांकि अक्षर पटेल और वॉलशगटन सुंदर जिन्हें ऑलराउंड क्षमता के कारण प्राथमिकता दी गई थी दोनों ने अच्छी गेंदबाजी की और तीन में से दो विकेट हासिल किए। एडिलेड ओवल की छोटी बाउंड्री के कारण स्पिनरों के लिए चुनौती भरा माहौल रहता है, जिससे भारतीय टीम प्रबंधन के लिए यह एक दिलचस्प फ़ैसला बन जाएगा। प्रसिद्ध कृष्णा की नई गेंद से स्विंग कराने की क्षमता उन्हें हर्षित राणा पर बढ़त दिला सकती है, जो पर्थ में संघर्षरत दिखे थे।

**भारत (संभावित इलेविन):** 1 शुभमन गिल (कप्तान), 2 रोहित शर्मा, 3 विराट कोहली, 4 श्रेयस अय्यर, 5 केएल राहुल (विकेटकीपर), 6 अक्षर पटेल, 7 वॉलशगटन सुंदर/कुलदीप यादव, 8 नीतीश कुमार रेड्डी, 9 हर्षित राणा/प्रसिद्ध कृष्णा, 10 अर्शदीप सिंह, 11 मोहम्मद सिराज

**पिच** और परिस्थितियां- मैच से पहले एडिलेड में बारिश हुई है और साका ग्राउंड स्टाफ ने विकेट को सुखाने के लिए यूवी लाइट्स का इस्तेमाल किया है। राहत की बात यह है कि गुरुवार को बारिश की कोई संभावना नहीं है।

## एशियाई युवा खेल में भारत तीन पदक के साथ छठे पायदान पर

**● पाकिस्तान से हुए मुकाबले में भारतीय कप्तान ईशांत राठी ने पाकिस्तानी कप्तान से हाथ नहीं मिलाया**

**बहरीन, वार्ता।** एशियाई युवा खेलों में भारतीय कबड्डी टीम ने पाकिस्तान को 81-26 से हराया। भारत एक रजत और दो कांस्य पदक के साथ पदक तालिका में छठे पायदान पर मौजूद है। इससे पहले भारतीय कबड्डी टीम ने बांग्लादेश को 83-19, जबकि श्रीलंका को 89-16 से हराया था। इस स्पर्धा में भारत तीन जीत के साथ शीर्ष पायदान पर मौजूद है। पाकिस्तान के हुए मुकाबले में भारतीय कप्तान ईशांत राठी ने पाकिस्तानी कप्तान से हाथ नहीं मिलाया। 22 से 31 अक्टूबर तक बहरीन में होने वाली इस प्रतियोगिता में भारत के एथलीट 119 महिलाएं और 103 पुरुष 21 खेलों में पदक के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। उज्बेकिस्तान पांच स्वर्ण और एक रजत के साथ पहले पायदान पर है, जबकि इंडोनेशिया एक स्वर्ण और एक रजत के साथ पदक तालिका में दूसरे स्थान, फिलीपींस एक स्वर्ण के साथ पदक तालिका में तीसरे स्थान पर है। इन खेलों में 15 वर्षीय खुशी ने महिलाओं की 70 किलोग्राम कुराश स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत के लिए पहला पदक जीता। महिलाओं की 52 किलोग्राम भारवर्ग के कुराश के फाइनल में कनिष्का बिधूड़ी ने उज्बेकिस्तान की मुबीनाबोनू करीमोवा को 3-0 से हराकर रजत पदक हासिल किया। वहीं पुरुषों के 83 किलोग्राम वर्ग में अरविंद ने ताजिकिस्तान के हिलोल पर 10-0 के अंतर से कांस्य पदक अपने नाम किया।

## महिला टीम का न्यूजीलैंड से निर्णायक मैच

**नवी मुंबई, वार्ता।** भारतीय महिला टीम और न्यूजीलैंड महिला टीम कल डा. डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में आईसीसी महिला विश्व कप 2025 के एक बेहद अहम मुक. ाबले में आमने-सामने होंगी, जिससे सेमीफाइनल में जगह पक्की हो सकती है। दोनों टीमों के चार-चार अंक बराबर हैं।

लेकिन भारत का नेट रन रेट 0-526 है, जबकि न्यूजीलैंड का -0-245 है। किसी भी टीम की जीत पूल स्टैंडिंग में नाटकीय बदलाव ला सकती है। भारतीय महिला टीम इस मुकाबले में उतार-चढ़ाव भरे सफर पर उतर रही है। श्रीलंका और पाकिस्तान पर शानदार जीत के साथ शानदार शुरुआत करने के बाद, उन्हें तीन मैचों में मामूली हार का सामना करना पड़ा, जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ एक दिल तोड़ने वाला मुकाबला भी



**● दोनों टीमों के चार-चार अंक बराबर है, लेकिन भारत का नेट रन रेट 0-526 है, जबकि न्यूजीलैंड का 0-245 है**

शामिल है, जहां स्मृति मंधाना के 88 और हरमनप्रीत कौर के 70 रनों ने उन्हें लगभग जीत दिला दी थी। गेंदबाजी स्टार दीप्ति शर्मा ने शानदार प्रदर्शन किया है।

उन्होंने पांच पारियों में 19-69 की औसत से 13 विकेट लिए हैं और भारत को बीच के ओवरों में अहम सफलताएं दिलाई हैं। इस बीच, न्यूज़ीलैंड का प्रदर्शन लगातार अच्छा नहीं रहा है, उसने सिर्फ़ एक जीत दर्ज की है, दो हारे हैं और दो मैच बेनतीजा रहे हैं, जो बारिश के कारण बाधित रहे हैं। कप्तान सोफी डिवाइन ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया है और 86.66 की औसत से 260 रन बनाए हैं, जिसमें एक शानदार शतक भी शामिल है, जबकि ली ताहुहु ने 12.33 की औसत से नौ विकेट लेकर गेंदबाजी की अगुवाई की है। अगर न्यूज़ीलैंड को घरेलू मैदान पर भारत को चुनौती देनी है, तो जेस केर की गेंद और मैदान दोनों में निरंतरता अहम होगी। हाल के इतिहास में, भारत ने अपने पिछले पांच मुक. ाबलों में न्यूजीलैंड पर 3-2 की बढ़त हासिल की है, जो इस अहम मैच से पहले एक छोटी मनोवैज्ञानिक बढ़त है।

पिच से शुरुआत में बल्लेबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है, और बाद में स्पिनरों के खेलने की संभावना है। दोपहर में बारिश हो सकती है, जिससे अनिश्चितता का माहौल बन सकता है जो खेल को नाटकीय रूप से प्रभावित कर सकता है। टॉस निर्णायक होने की संभावना है, क्योंकि टीमें इन परिस्थितियों में पहले गेंदबाजी करना पसंद करती हैं। भारत के लिए जीत न केवल वांछनीय है, बल्कि अनिवार्य भी है। सेमीफाइनल की उम्मीदें अधर में लटकी हैं।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### आचार संहिता के उल्लंघन पर मदारा को लगी फटकार

**दुबई, वार्ता।** श्रीलंका की मल्की मदारा को बांग्लादेश के खिलाफ महिला क्रिकेट विश्व कप लीग मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए फटकार लगाई गई है। आईसीसी ने मदारा को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी कर्मियों के लिए 'आक्रामक प्रतिक्रिया' आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-5 का उल्लंघन का दोषी पाया। इसके लिए मदारा को फटकार लगाई गई और उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। 24 महीने की अवधि में उनका यह पहला अपराध था। यह घटना सोमवार को नवी मुंबई में बांग्लादेश की पारी के 11वें ओवर में हुई, जब मदारा ने फरगाना होक को आउट करने के बाद बल्लेबाज के बहुत करीब आकर जश्न मनाया, जिससे बल्लेबाज की आक्रामक प्रतिक्रिया भड़क सकती थी।

#### विक्टोरिया म्बोको पैन पैसिफिक ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**टोक्यो, वार्ता।** कनाडाई किशोरी विक्टोरिया म्बोको ने बुधवार को जर्मनी की क्वालीफायर ईवा लिस को हराकर पैन पैसिफिक ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। अंतिम आठ में उनका सामना हमवतन लेयला फर्नांडीज या पूर्व लवबलडन चैंपियन एलेना रिबा. कना के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। यहां खेले गए मुकाबले में म्बोको ने जर्मन क्वालीफायर को 55 मिनट तक चले मुकाबले में 6-1, 6-1 से हरा दिया। इस वर्ष के फ्रेंच ओपन में दोनों खिलाड़ियों के बीच मुक. ाबला हुआ था जहां म्बोको ने भी जीत हासिल की थी। मैच के बाद म्बोको ने कहा कि मुझे लगता है कि आज का दिन काफी अच्छा रहा और मैच से पहले, मुझे पता था कि ईवा एक बहुत ही कड़ी प्रतिद्वंद्वी होने वाली है। वह पिछले कुछ हफ्तों से काफी अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

## विंडीज ने रोमांचक सुपर ओवर जीतकर सीरीज बराबर की



**ढाका, वार्ता।** रिशाद हुसैन का ऑलराउंड प्रदर्शन बेकार गया, क्योंकि वेस्टइंडीज ने ढाका में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा वनडे सुपर ओवर में जीतकर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली।

शाई होप की 67 गेंदों में नाबाद 53 रनों की पारी अहम साबित हुई और वेस्टइंडीज ने स्कोर बराबर कर दिया, लेकिन अकील हुसैन ने सुपर ओवर में 11 रनों का बचाव करते हुए धैर्य बनाए रखा। जीत के लिए 214 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, वेस्टइंडीज ने पहले ही ओवर में ब्रैंडन किंग को शून्य पर गंवा दिया। हालांकि, एलिक अथानाज़े और कीसी कार्टी के बीच धीमी लेकिन स्थिर अर्धशतकीय साझेदारी ने वेस्टइंडीज की पारी को संभाल लिया।

रिशाद ने दोनों बल्लेबाजों को पगबाधा आउट कर दिया और बीच के ओवरों में टीम का स्कोर 34वें ओवर तक 7 विकेट पर 133 रन हो गया। हालांकि, होप ने जस्टिन ग्रीव्स और होसेन के साथ मिलकर पारी को संभाला और दोनों के साथ क्रमशः 44 रनों की साझेदारी की, जिससे वेस्टइंडीज मैच के रोमांचक अंत की ओर बढ़ रहा था। आखिरी दो गेंदों पर तीन रनों की जरूरत थी, लेकिन सैफ हसन ने होसेन को बोल्ड कर दिया, जिससे खैरी पियरे ने वेस्टइंडीज को जीत दिलाई। 11वें नंबर के बल्लेबाज की गेंद पर ऊपरी किनारा लगा और विकेटकीपर, जो गेंद को कवर कर रहा था, ने उसे गिरा दिया, जबकि वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने दो रन लेकर स्कोर बराबर कर दिया।

सुपर ओवर में प्रवेश करते हुए, शेरफेन रदरफोर्ड ने मुस्तफिजुर रहमान की एक धीमी गेंद को कवर फील्डर के हाथों में मारा। मुस्तफिजुर ने अपनी कटर का अच्छा इस्तेमाल किया, इसलिए बल्लेबाजों पर गेंद को गति देने की जिम्मेदारी थी।

## फ्रेंच ओपन: लक्ष्य सेन शुरुआती दौर में ही बाहर

**● लक्ष्य सेन का सामना आयरलैंड के नहत गुयेन से सीधे गेम में हार गए है**

**सेसन-सेविग्ने, वार्ता।** भारत के लक्ष्य सेन को फ्रेंच ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में ही निराशाजनक हार का सामना करना पड़ा। वह मंगलवार को सेसन-सेविग्ने के ग्लेज एरिना में आयरलैंड के नहत गुयेन से सीधे गेम में हार गए। ओलंपिक्सडॉटकॉम वेबसाइट के अनुसार, सेसन-सेविग्ने के ग्लेज एरिना में विश्व के 29वें नंबर के आयरिश शटलर के खिलाफ बैडमिंटन रैंकिंग में 16वें स्थान पर काबिज लक्ष्य सेन को 43 मिनट में 21-7, 21-16 से हार का सामना करना पड़ा। गुयेन ने आक्रामक शुरुआत की और लगातार चार अंक लेकर 5-1 की बढ़त बना ली। सेन मध्यांतर तक 11-6 से पीछे थे, लेकिन केवल एक अंक ही जोड़ पाए और आयरिश खिलाड़ी ने पहला



गेम आसानी से जीत लिया। दूसरा गेम भी कुछ इसी तरह आगे बढ़ा।

गुयेन ने शुरुआत में 6-1 की बढ़त बना ली थी, लेकिन सेन ने वापसी करते हुए 7-5 की बढ़त बना ली। हालांकि, गुयेन ने फिर से चार अंकों की बढ़त बना ली और ब्रेक तक 11-7 की बढ़त बना ली। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने दूसरे हाफ में भी अपनी पकड़ बनाए रखने की कोशिश की, लेकिन गुयेन की शुरुआती बढ़त निर्णायक साबित हुई। दोनों बैडमिंटन खिलाड़ियों के बीच यह चौथी भिड़ंत थी और गुयेन की सेन पर पहली जीत थी। वेबसाइट के अनुसार, इस नतीजे के साथ ही सेन की बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर 2025 सीजन में 17 स्पर्धाओं में से 11वीं बार पहले दौर में हार हुई। हालांकि, लक्ष्य सेन पिछले महीने हांगकांग ओपन के फाइनल में पहुंचे थे और हाल ही में डेनमार्क ओपन के क्वार्टर फाइनल तक उनके सफर में गुयेन और दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी एंडर्स एंटनसन पर जीत शामिल थी। इस बीच, भारत की मिश्रित युगल जोड़ी, रोहन कपूर और रुथविका गाडे ने मिश्रित युगल के राउंड ऑफ 32 मुकाबले में यूक्रेन के ओलेक्सी टिटोव और येवहेनिया कांतेमिर को 21-12, 21-19 से हराया।

यह भारतीय जोड़ी गुरुवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में दुनिया की छठे नंबर की फ्रांसीसी जोड़ी थॉम गिक्वेल-डेल्फिन डेलरू से भिड़ेगी। इस बीच, शीर्ष भारतीय पुरुष युगल जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-जो पिछले महीने हांगकांग ओपन और चाइना मास्टर्स दोनों में फाइनलिस्ट रहे थे-बुधवार को अपने अभियान की शुरुआत करेंगे और पिछले हफ्ते डेनमार्क ओपन के छठे सेमीफाइनल में हार के बाद इस सीजन का अपना पहला खिताब हासिल करने के इरादे से उतरेंगे।

#### इस्मत को आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए लगी फटकार

**दुबई, वार्ता।** अफगानिस्तान के खिलाड़ी इस्मत आलम को हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए आधिकारिक फटकार लगाई गई और उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इस्मत को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-9 का उल्लंघन करते पाया गया, जो 'किसी अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान किसी खिलाड़ी पर या उसके पास अनुचित और/या खतरनाक तरीके से गेंद फेंकने' से संबंधित है। 24 महीने में उनका पहला अपराध देखते हुए उन्हें फटकार लगाई और उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। यह घटना मंगलवार को जिम्बाब्वे की पहली पारी के 90वें ओवर में उस समय हुई, जब इस्मत ने अपने फॉलो थ्रू पर गेंद को फील्ड किया।

## हरभजन सिंह, पोलार्ड पीयूष चावला अबू धाबी टी-10 में खेलेंगे

**● इस टूर्नामेंट में सभी आठ प्रतिभागी फ्रेंचाइजी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट सितारों और युवा प्रतिभाओं के साथ ट्रॉफी के लिए भिड़ेंगी**

**अबू धाबी, वार्ता।** क्रिकेट का सबसे तेज फॉर्मेट अबू धाबी टी-10 के 9वें संस्करण में हरभजन सिंह, आंद्रे रसेल, कीरोन पोलार्ड, शिमरोन हेटमायर, पीयूष चावला और फाफ डू प्लेसिस जैसे दिग्गज क्रिकेटर नई टीमों के साथ मैदान में उतरेंगे।

जायेद क्रिकेट स्टेडियम में 18 से 30 नवम्बर चलने वाले इस टूर्नामेंट में सभी आठ प्रतिभागी फ्रेंचाइजी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट सितारों और युवा प्रतिभाओं के साथ ट्रॉफी के लिए भिड़ेंगी। अजमान टाइटन्स ने इस सीजन में भारत के विश्व कप विजेता टीम के स्पिनर रहे पीयूष चावला को टीम में शामिल किया है। फ्रेंचाइजी ने मोईन अली, रिली रोसो और एलेक्स हेल्स को शामिल करके अपनी बल्लेबाजी लाइनअप को भी मजबूत किया है। शीर्ष क्रम में अनुभव और ताकत दोनों बढ़ी है। मोईन अली से टाइटन्स के लिए न केवल एक आक्रामक बल्लेबाज के रूप में, बल्कि स्पिन विभाग में एक महत्वपूर्ण विकल्प के रूप में भी अहम भूमिका निभाने की उम्मीद है। एस्पिन स्टैलियंस ने आगामी अबू धाबी टी-10 के लिए पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह को अपनी टीम में शामिल किया है। हरभजन की स्पिन, सैम बिलिंग्स की चतुर बल्लेबाजी है।

## बार्सिलोना ने चैंपियंस लीग में बड़ी जीत दर्ज की



**● लोपेज ने हैट्रिक लगाकर बार्सिलोना को ओलंपियाकोस के खिलाफ 6-1 से शानदार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई**

**मैड्रिड, वार्ता।** फर्मिन लोपेज की हैट्रिक से एफसी बार्सिलोना ने अपने घरेलू मैदान पर ओलंपियाकोस को 6-1 से हराकर इस सीजन की अपनी दूसरी चैंपियंस लीग जीत दर्ज की। वहीं आर्सेनल ने एटलेटिको मैड्रिड को 4-0 से हराया। फर्मिन लोपेज ने हैट्रिक लगाकर बार्सिलोना को ओलंपियाकोस के खिलाफ 6-1 से शानदार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। स्पेन के विंगर ने मेजबान टीम को हाफ टाइम तक 2-0 की बढ़त दिला दी थी, लेकिन अयूब एल काबी ने ओलंपियाकोस के लिए पेनल्टी के जरिए जवाबी गोल दागा। फर्मिन लोपेज ने अपना तीसरा गोल 76वें मिनट में किया। लामिन यामल (68वें मिनट) और मार्कस रैशफोर्ड के दो गोलों से बार्सिलोना ने ओलंपियाकोस को 6-1 से हराया। एक अन्य मुकाबले में आर्सेनल ने एटलेटिको मैड्रिड को 4-0 से हराया। आर्सेनल के लिए विक्टर ग्योकेरेस ने दो गोल किए। दोनों टीमों के बीच पहले हॉफ में कड़ा संघर्ष हुआ। इस दौरान दोनों टीमों के पास गोल के कई अवसर मिले लेकिन वे इसे भुनाने में विफल रहे। हॉफ टाइम के बाद सेंटर-बैक गेब्रियल मैगलहेस ने 57वें मिनट में डेक्लन राइस के सटीक फ्री-किक पर हेडर से गोल कर टीम का खाता खोला। आर्सेनल ने 14 मिनट में चार गोल किए।

#### जिम्बाब्वे ने अफगानिस्तान और पारी और 73 रनों से हराया

**हरारे, वार्ता।** रिचर्ड एन्गरावा (पांच विकेट) और ब्लेसिंग मुजारबानी (तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर जिम्बाब्वे ने एकमात्र टेस्ट के तीसरे दिन बुधवार को अफगानिस्तान को पारी और 73 रनों से करारी शिकस्त दी। अफगानिस्तान ने कल के दूसरी पारी में एक विकेट पर 34 रन आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में रहमानउल्लाह गुरबाज (नौ) के रूप में अफगानिस्तान का दूसरा विकेट गिरा। उन्हें टनका चिवंगा ने आउट किया। इसके बाद 18वें ओवर में रिचर्ड एन्गवारा ने इब्राहिम जदरान (42) को अपना शिकार बना लिया। कप्तान हशमतउल्लाह शहीदी सात रन चौथे विकेट के रूप में आउट हुए। बाहिर शाह और अफसर जजाई ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें विकेट के लिए 49 रन जोड़े। 30वें ओवर में ब्लेसिंग मुजारबानी ने बाहिर शाह 32 रन को आउटकर अफगानिस्तान को बड़ा झटका दिया।

# दिल्ली की आबो-हवा

दिवाली के तीसरे दिन भी दिल्ली की आबो हवा जहरीली बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की वेबसाइट बताती है कि सुबह 7 बजे दिल्ली का एआईक्यू 345 दर्ज किया गया, जो गंभीर कैटेगरी में आता है। हालात यह हैं कि दिल्ली के 38 में से 34 मॉनिटरिंग स्टेशनों पर पॉल्यूशन का लेवल रेड जॉन में है, जिसका मतलब है कि यह एक गंभीर स्तर है। वैसे सबसे अधिक प्रदूषण की बात करें तो देश की राजधानी दिल्ली से सटे हरियाणा में हवा सबसे अधिक प्रदूषित हुई है। सीपीसीबी के अनुसार दस शहर जो सबसे ज्यादा प्रदूषित हवा वाले माने गए हैं, उनमें 8 हरियाणा के हैं और एक राजस्थान का शहर है, दिल्ली दसवें नंबर पर आती है। इसका सबसे बड़ा कारण पटाखों का अंधाधुंध प्रयोग बताया जा रहा है। यूं भी सुप्रीम कोर्ट ने इस बार 15 अक्टूबर को दिल्ली एनसीआर में 18 से 21 अक्टूबर तक ग्रीन पटाखे बेचने और फोड़ने की इजाजत दी थी, यह इजाजत कुछ शर्तों के साथ थी। कोर्ट ने कहा था कि चार दिनों के दौरान लोग सुबह 6 बजे से 7 बजे तक और रात में 8 बजे से 10 बजे तक ग्रीन पटाखे छोड़ सकेंगे, लेकिन देखने में आया कि सुप्रीम कोर्ट की इस हिदायत को जमीनी स्तर पर अमल में नहीं लाया गया और लोगों ने दिल खोलकर सुबह से लेकर देर रात तक जमकर पटाखे फोड़े। जिसके चलते मंगलवार सुबह दिल्ली में घनी धुंध छा गई और रात में भारी मात्रा में पटाखे छोड़े जाने के बाद एयर क्वालिटी रेड जॉन में चली गई, जैसाकि होता है दिल्ली में प्रदूषण को लेकर राजनीति भी शुरू हो गई। दिल्ली की सरकार में पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने पंजाब सरकार को प्रदूषण बढ़ने का जिम्मेदार ठहरा दिया। उन्होंने पंजाब में पराली जलाने का वीडियो दिखाते हुए कहा है कि पंजाब की आप सरकार ने किसानों को खेतों में पराली जलाने के लिए मजबूर किया, जिससे दिल्ली की आबो हवा खराब हुई। यह बेहद शर्म की बात है कि हम प्रदूषण से निपटने के लिए एक दूसरे पर आरोप लगाने का काम करते हैं। जबकि इसकी रोकथाम के लिए जिस तरह की गंभीर पहल होनी चाहिए, उससे बहुत दूर चले जाते हैं। कमी कहीं भी हो, उसको दूर करने से ही हालात सुधरेंगे। प्रदूषण कोई किसी का निजी मामला नहीं है और यह सीधे लोगों के जीवन से जुड़ा है। जो हमारे स्वास्थ्य को सीधे प्रभावित करता है। सच यह भी है कि प्रदूषण को लेकर हम अन्य यूरोपीय देशों से अभी बहुत पीछे हैं। जिस तरह की गंभीरता व दूरदर्शिता प्रदूषण को लेकर होनी चाहिए, वह हमारे देश में अभी नहीं है। अन्य शहरों के बारे में तो क्या कहना और दूर-दराज के गांव देहात की बात क्या करनी, जब देश की राजधानी में रहने वाले लोग ही प्रदूषण को लेकर गंभीर दिखाई नहीं देते, तो भलीभांति समझा जा सकता है कि अभी पर्यावरण का मामला हमारे लिए प्राथमिकता में नहीं है और यह तब है जब बार-बार सरकार की ओर से भी चेतावनी दी जाती है, सुप्रीम कोर्ट भी हिदायत देता है कि लोग पटाखे छोड़ते समय सतर्कता बरतें, लेकिन हम तमाम बातों की परवाह किए बिना अंधाधुंध पटाखे फोड़कर जहां आर्थिक रूप से अपने आपको हानि पहुंचाते हैं वहीं प्रदूषण को भी निमंत्रण देते हैं।

## विलासिता के पीछे भागने वाले



भ्रष्टाचार विरोधी संस्था लोकपाल कार्यालय का अब अपने सदस्यों के लिए बीएमडब्ल्यू कारें खरीदते देखना दुखद है, यह ईमानदारी के रखवाले कम, विलासिता के पीछे भागने वाले ज्यादा लगते हैं, मेरे पिता डा. एलएम सिंघवी ने 1960 के दशक में लोकपाल की अवधारणा प्रस्तुत की थी और वह खुद लोकपाल पर संसदीय समिति के अध्यक्ष रहे हैं, 2019 में स्थापना के बाद से लोकपाल को 8,703 शिकायतें मिलीं, जिनमें से केवल 24 की जांच हुई और 6 मामलों में मुकदमा चलाने की मंजूरी दी गई, ऐसी स्थिति में 70 लाख की बीएमडब्ल्यू कारें, यह भ्रष्टाचार विरोधी निगरानी संस्था कम, पालतू जानवर ज्यादा लगता है।

**-अभिषेक सिंघवी, राष्ट्रीय प्रवक्ता, कांग्रेस**

# कांग्रेस: भारत की स्थायी विपक्षी शक्ति और संभावित पुनरुत्थान की राह



वीरेश तरार

भारतीय लोकतंत्र के विस्तृत इतिहास में यदि कोई दल ऐसा है जिसने इस देश के राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक ताने-बाने को सबसे गहराई तक प्रभावित किया है, तो वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस है। कांग्रेस केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं रही, बल्कि यह भारत की आत्मा में बसी वह चेतना है जिसने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर संविधान निर्माण और आधुनिक भारत के ढांचे तक अपनी अमिट छाप छोड़ी है। स्वतंत्रता आंदोलन में कांग्रेस की भूमिका किसी संगठनात्मक उपलब्धि भर नहीं थी, बल्कि वह एक जनजागरण थी जिसने भारत के हर कोने के नागरिक को एक साझा राष्ट्रीय चेतना से जोड़ा। यही कारण है कि सत्ता में उतार-चढ़ाव के बावजूद कांग्रेस का विचार भारत की मिट्टी में जीवित है।

आज जब भारतीय जनता पार्टी सत्ता के शिखर पर है और अपने को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी कहती है, तब भी यह स्वीकार करना होगा कि कांग्रेस अब भी इस देश की स्थाई विपक्षी शक्ति है। भाजपा की राजनीतिक सफलता वर्तमान समय की परिस्थितियों की उपज है, परंतु कांग्रेस का अस्तित्व भारतीय समाज की गहराई में निहित है। यह सच है कि आज भाजपा के पास संसाधन, संगठन और सत्ता है, लेकिन उसकी वैचारिक स्थिरता उतनी मजबूत नहीं जितनी भारत के लो. कतांत्रिक चरित्र के अनुरूप आवश्यक है। भाजपा का आधार हिंदुत्व की राजनीति है, परंतु हिंदू धर्म का स्वरूप ही इतना विविध और बहुआयामी है कि उसे किसी एक राजनीतिक या धार्मिक धारा में सीमित नहीं किया जा सकता। देश में शिव, विष्णु, ब्रह्मा, काली, दुर्गा, हनुमान जैसे असंख्य देव रूपों की उपासना करने वाले मत-परंपराएं हैं। यह विविधता ही भारत की पहचान है और यही विविधता भाजपा की वैचारिक एकरूपता के रास्ते में स्वाभाविक चुनौती है।

कांग्रेस इस विविधता का राजनीतिक रूपांतरण है। यह विचारधारा किसी एक धर्म या समुदाय की नहीं, बल्कि भारतीयता की अभिव्यक्ति है। कांग्रेस ने हमेशा सभी वर्गोंकृदलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, आदिवासियों, किसानों, मजदूरों, बुद्धिजीवियों, छात्रों और महिलाओंकृको साथ लेकर चलने का प्रयास किया है। यही कारण है कि भाजपा की एकरूपी विचारधारा के मुकाबले कांग्रेस अब भी भारत की बहुलता और धर्मनिरपेक्षता का सजीव प्रतीक है।

भले ही वर्तमान में कांग्रेस सत्ता से दूर है, परंतु यह स्थिति उसकी विचारधारा की पराजय नहीं, बल्कि सांगठनिक कमजोरी का परिणाम है। कांग्रेस ने अपने सबसे सशक्त काल में संगठन की जड़ों को बहुत गहराई तक फैलाया था। एक समय था जब कांग्रेस सेवादल उसके प्राणों में बसता था, जब गांव-गांव में कांग्रेस के कार्यकर्ता जनता के बीच उसके सिद्धांतों को जनभाषा में पहुंचाते थे। लेकिन समय के साथ संगठनात्मक शिथिलता, नेतृत्व संघर्ष और आत्मविश्वास की कमी ने उस सांगठनिक शक्ति को कमजोर कर दिया। यही वह बिंदु है जहां से कांग्रेस को अपने पुनर्निर्माण की शुरुआत करनी होगी।

कांग्रेस का वैचारिक आधार आज भी प्रासंगिक है, लेकिन उसे फिर से जनआंदोलन के रूप में जीवित करने की आवश्यकता है। राहुल गांधी की यात्राओं ने इस दिशा में नई ऊर्जा का संचार किया है। भारत जोड़ो यात्रा और भारत न्याय यात्रा ने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को आत्मविश्वास दिया और जनता के बीच राहुल गांधी को एक संवेदनशील, विचारशील और जमीनी नेता के रूप में स्थापित किया। यह यात्राएं कांग्रेस के पुनर्जागरण का आरंभ बन सकती हैं, यदि इन्हें सांगठनिक ढांचे में परिवर्तित किया जाए। कांग्रेस को अब केवल भाषणों या अभियानों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उसे अपने पुराने सांगठनिक ढांचे को नए रूप में पुनर्स्थापित करना होगा, जिसमें सेवादल, महिला संगठन, छात्र इकाई और पेशेवर प्रकोष्ठों की निर्णायक भूमिका हो। भाजपा की आज की सफलता प्रतिक्रियात्मक राजनीति की देन है। उसने धर्म के नाम पर एकजुटता तो दिखाई, लेकिन यह एकजुटता स्थाई नहीं हो सकती। यह भय, विरोध और विभाजन पर आधारित एक अस्थाई गठजोड़ है। दूसरी ओर, कांग्रेस का आधार प्रेम, सहअस्तित्व और न्याय की भावना है, जो भारतीय संस्कृति के मूल में निहित है। इसलिए कांग्रेस को किसी विरोध के आधार पर नहीं, बल्कि विकल्प के रूप में स्वयं को स्थापित करना होगा। जनता आज भी विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और समान अवसर की राजनीति चाहती है। उसे धर्म और नफरत के बजाय स्थाई समाधान चाहिए। आज भारत का मतदाता विचलित है। भाजपा की कार्यशैली, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण से असंतोष व्याप्त है, लेकिन विकल्पहीनता के कारण वही मतदाता भाजपा को वोट देने पर मजबूर है। यह मजबूरी कांग्रेस के लिए सबसे बड़ा अवसर है। जनता स्थिर सरकार चाहती है, लेकिन यह स्थिरता किसी एक विचारधारा की बंदिश नहीं, बल्कि लोकतंत्र की साझी भागीदारी में खोजी जानी चाहिए। कांग्रेस यदि जनता को यह भरोसा दिला सके कि वह एक मजबूत, सक्षम और आत्मनिर्भर पार्टी है, तो यही संदेश भाजपा की वर्तमान सत्ता को चुनौती देने के लिए पर्याप्त होगा। गठबंधन की राजनीति ने कांग्रेस को पहले भी नुकसान पहुंचाया है। जब-जब कांग्रेस ने किसी गठबंधन की बैसाखी ली, उसकी स्वतंत्र पहचान कमजोर हुई। आज समय है कि कांग्रेस यह स्पष्ट करे कि वह सत्ता के लिए समझौता नहीं, संगठन के बल पर संघर्ष चाहती है। उसे लोकसभा चुनाव में किसी दल के साथ तालमेल नहीं करना चाहिए। क्षेत्रीय स्तर पर सहयोग तो हो सकता है, लेकिन केंद्र की राजनीति में कांग्रेस को अपनी स्वतंत्र राह पर चलना ही होगा। यह राह कठिन जरूर है, पर स्थाई है। कांग्रेस के लिए आवश्यक है कि वह संगठन को फिर से निचले स्तर से बनाना शुरू करे। हर राज्य, हर जिला, हर विधानसभा और पंचायत तक कांग्रेस का सक्रिय ढांचा तैयार होना चाहिए। सेवादल को फिर से उसकी मूल भूमिका दी जाए। महिला कांग्रेस को निर्णायक स्थान मिले, युवाओं को केवल भाषणों में नहीं, बल्कि निर्णय प्रक्रिया में शामिल किया जाए। किसान, मजदूर, बुनकर, व्यापारी, उपभोक्ता और पेशेवर वर्गों के प्रकोष्ठ सक्रिय हों। डिजिटल और सामाजिक मीडिया के नए युग में कांग्रेस को गांव से लेकर शहर तक संवाद का एक सशक्त नेटवर्क बनाना होगा। कांग्रेस की विच. ारधारा भारतीय जनमानस से मेल खाती है। भारत का बहुमत न तो कट्टर है, न विभाजनकारी। भारतीय समाज मूलत: धर्मनिरपेक्ष और सहिष्णु है। यह वही समाज है जो राम में भी श्रद्धा रखता है और रहीम में भी प्रेम देखता है। कांग्रेस इसी विचार की प्रतिनिधि है, और यही उसकी स्थाई ताकत है।

कांग्रेस को अपने संगठन के साथ-साथ अपने आत्मविश्वास को भी पुनर्जीवित करना होगा। सत्ता से बाहर रहना उसकी हार नहीं, बल्कि आत्मसुधार का अवसर है। भाजपा आज सत्ता में है, लेकिन उसके भीतर वैचारिक असंतुलन है। भाजपा की राजनीति व्यक्ति और प्रचार पर टिकी है, जबकि कांग्रेस की राजनीति विचार और संस्थाओं पर आधारित रही है। यही अंतर भविष्य का निर्णायक होगा। जनता को आज भी कांग्रेस से उम्मीद है। जो लोग भाजपा से निराश हैं, वे कांग्रेस से नया नेतृत्व देखना चाहते हैं, बशर्ते कांग्रेस स्वयं अपने पैरों पर खड़ी हो। राहुल गांधी की यात्राओं ने यह संकेत दिया है कि कांग्रेस की सोच अब एक बार फिर जनआधारित आंदोलन की ओर लौट रही है। यदि यही भावना संगठनात्मक रूप ले लेती है, तो कांग्रेस की वापसी अवश्यंभावी है। भारत के वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में क्षेत्रीय दलों की स्थिति भी स्थाई नहीं है। वे अधिकतर पारिवारिक पार्टियां हैं, जो परिवारों के विघटन के साथ कमजोर पड़ती जाती हैं। उत्तर और दक्षिण, दोनों भारत में ऐसी कई पार्टियां हैं जो अपने परिवारवाद के बोझ से दबकर समाप्त हो चुकी हैं। कांग्रेस को उनसे अलग राह बनानी होगी राष्ट्र की, विचार की और समावेश की राह। भविष्य का भारत वैचारिक स्थिरता, सामाजिक न्याय और आर्थिक संतुलन की मांग करता है। यह वह क्षेत्र है जहां कांग्रेस की नीतियां हमेशा से प्रासंगिक रही हैं। आज जब बेरा. `जगारी, महंगाई, कृषि संकट और सामाजिक विभाजन देश के सामने हैं, तब एक ऐसी पार्टी की आवश्यकता है जो केवल शासन नहीं, संतुलन भी स्थापित करे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# धरातल पर कैसे उतरे स्वदेशी आंदोलन



विनीत नारायण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधनों में 'वोकल फॉर लोकल' और 'हर घर स्वदेशी' की अपील के जरिए आम जनता से भारतीय वस्तुओं को अपनाने का आग्रह किया है। इसका उद्देश्य आर्थिक आत्मनिर्भरता, देशी उद्योगों व रोजगार बढ़ाना और भारत के आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में एक मजबूत कदम उठाना है। इस अभियान के जरिए देशभर में युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों सहित सभी वर्गों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। जिसमें 20,000 से अधिक 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान', 1,000 से ज्यादा मेले और 500 'संकल्प रथ' यात्राएं आयोजित करने का भाजपा का कार्यक्रम है। भाजपा और संघ के कार्यकर्ता इन दिनों इस 'स्वदेशी' अभियान को मजबूती से आगे बढ़ाने में जुटे हैं। अगले तीन महीने में वे लोगों को भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित करेंगे। जिससे आजादी के आंदोलन में महात्मा गांधी द्वारा शुरू किए गए स्वदेशी व स्वावलंबन के ऐतिहा. सिक अभियान को फिर से स्थापित किया जा सके।

इसी क्रम में पिछले दिनों एक दिवाली मेले के दौरान दक्षिण दिल्ली के महरौली और वसंत कुंज क्षेत्र के बीजेपी विधायक गजेंद्र यादव ने उपस्थित जन समुदाय से स्वदेशी को अपनाने की अपील की। विडंबना देखिए कि जिस मंच से यादव पूरी गंभीरता से यह अपील कर रहे थे उसी मंच के सामने, मेले के आयोजकों ने, चीन के बने खिलौनों की दुकानें सजा रखी थीं और विदेशी कारों के दो मॉडलों को इस मेले में बिक्री के लिए रखवाया हुआ था। आम जीवन में ऐसा विरोधाभास हर जगह देखने को मिलेगा। क्योंकि पिछले चार दशकों में शहरी भारतवासी अपने दैनिक जीवन में ढेरों विदेशी उत्पाद प्रयोग करने का आदि हो चुका है। फिर भी बीजेपी का हर सांसद, विधायक और कार्यकर्ता इस अभियान को उत्साह से चला रहा है। उनका ए प्रयास सही भी है क्योंकि दीपावली पर देश भर के हिंदुओं द्वारा भारी मात्र में खरीदारी की जाती है। पिछले दो दशकों से क्रमश: चीनी माल ने भारत के बाजारों को अपने उत्पादनों से पाट दिया है।

दीवाली पर लक्ष्मी पूजन के लिए गणेश-लक्ष्मी जी के विग्रह अब चीन से ही बन कर आते हैं। पटाखे और बिजली की लड़ियां भी अब चीन से ही आती हैं। इसी तरह राखियां, होली के रंग पिचकारी, जन्माष्टमी के लड्डू गोपाल व अन्य देवताओं के विग्रह भी वामपंथी चीन बना कर भेज रहा है, जो भगवान के अस्तित्व को ही नकारता हैं। ए कितनी शर्म और दुर्भाग्य की बात है। इससे हमारे कारीगरों और दुकानदारों के पेट पर गहरी लात पड़ती है। उधर अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा लागू की गई बेहूदा आयात शुल्क दरों को देखकर भी हमें जागना होगा। हमें अपने उपभोग के तरीकों को बदलना होगा। इसलिए जहां तक संभव हो हम भारत में निर्मित वस्तुओं का ही प्रयोग करें। किसी भी अभियान को प्रचारित करना आसान होता है, जोकि अखबारों और टीवी विज्ञापनों के जरिए किया जा सकता है। पर उस अभियान की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि देश की जनता ने उसे किस सीमा तक आत्मसात किया। अब मोदी जी के 'स्वच्छ भारत अभियान' को ही ले लीजिए। जितना इस अभियान का शोर मचा और प्रचार हुआ उसका 5 फीसदी भी धरातल पर नहीं उतरा। भारत के किसी भी छोटे बड़े शहर, गांव या कस्बे में चले जाइए तो आपको गंदगी के अंबार पड़े दिखाई देंगे। इसलिए इस अभियान का निकट भविष्य में भी सफल होना संभव नहीं लगता। क्योंकि जमीनी चुनौतियां ज्यों की त्यों बनी हुई हैं। स्वदेशी अभियान की सफलता भी जन-जागरण, सतत् निगरानी और व्यवहार परिवर्तन पर निर्भर करती है। अगर आम नागरिक इसमें सक्रिय भूमिका निभाएं तभी यह आंदोलन सफल होगा।

निसंदेह 'स्वच्छ भारत अभियान' मोदी जी की एक प्रशंसनीय पहल थी। पहली बार किसी प्रधान मंत्री ने हमारे चारों ओर दिनों-दिन जमा होते जा रहे कूड़े के ढेरों की बढ़ती समस्या के निस्तारण का एक देश व्यापी अभियान छेड़ा था। उस समय बहुत से नेताओं, फिल्मी सितारों, मशहूर खिलाड़ियों व उद्योगपतियों तक ने हाथ में झाड़ू पकड़ कर फोटो खिंचवा कर इस अभियान का गणेश किया था। पर सोचें आज हम कहां खड़े हैं? शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थाई सफाई व्यवस्था बनाना अब भी एक बड़ी चुनौती है। कचरा पृथक्करण, पुन: उपयोग और रीसायक्लिंग की जागरूकता में अपेक्षाकृत कमी दिखती है। कुछ जगहों पर शौचालयों के रख-रखाव, जल आपूर्ति और व्यवहार परिवर्तन को लेकर समस्याएं बनी हुई हैं। इसलिए अभियान के उद्देश्य और जमीनी सच्चाई में अंतर बना हुआ है और अनेक स्थानों पर पुराने तरीकों का पालन अब भी हो रहा है। दिल्ली हो या देश का कोई अन्य शहर यदि कहीं भी एक औचक निरीक्षण किया जाए तो स्वच्छ भारत अभियान की सफलता का पता चल जाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कांग्रेस उप्र के पटल पर गौण भूमिका निभाने को अभिशप्त



एम हसन

1989 के विधानसभा चुनावों के बाद से कांग्रेस का पतन लगातार जारी है, जब पार्टी हमेशा के लिए सत्ता से बेदखल हो गई थी। प्रतिबद्ध वोटबैंक के अभाव में, निकट भविष्य में पार्टी के लिए कोई रास्ता नजर नहीं आता। रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि 2027 के लिए तैयार होने के लिए राज्य संगठन में व्यापक बदलाव की योजना है, लेकिन राज्य में स्वीकार्य चेहरों के अभाव में यह कार्य कठिन प्रतीत होता है। लखनऊ, 21 अक्टूबर पिछड़ी राजनीति के पुरोधा और लोहियावादी मुलायम सिंह यादव वास्तव में भविष्यवक्ता साबित हुए जब उन्होंने दिसंबर 1989 में पहली बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद एक रहस्यमय टिप्पणी की।

भाजपा के बाहरी समर्थन से सत्ता में आए यादव ने तब कहा था, अब कांग्रेस उत्तर प्रदेश में कभी सत्ता में नहीं आएगी। उस समय जनता दल का नेतृत्व कर रहे मुलायम सिंह यादव ने कांग्रेस को हराकर सत्ता संभाली थी। नारायण दत्त तिवारी अंतिम कांग्रेसी मुख्यमंत्री थे। अब 36 साल बाद भी, जब यूपी कांग्रेस खोई हुई जमीन वापस पाने के लिए जी-तोड़ कोशिश कर रही है, यादव की बात अभी भी सच साबित हो रही है। पिछले तीन दशकों से भी अधिक समय में राजनीतिक परिदृश्य नाटकीय रूप से बदल गया है। कांग्रेस के पतन और जाति-आधारित क्षेत्रीय दलों के तेजी से उदय के साथ यादव का सत्ता में आना पार्टी के लिए एक विकट स्थिति पैदा कर दी है।

तब से कांग्रेस न केवल यूपी की राजनीति में एक पतवारविहीन नाव बन गई है, बल्कि क्षेत्रीय दलों- मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी और बसपा- के पीछे गौण भूमिका निभाने को मजबूर हो गई है। 1989 के विधानसभा चुनावों के बाद से कांग्रेस का पतन लगातार होता रहा है, जब पार्टी हमेशा के लिए सत्ता से बेदखल हो गई थी। प्रतिबद्ध वोट बैंक के अभाव में निकट भविष्य में पार्टी के लिए कोई राह नहीं दिखती। रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि 2027 के लिए लड़ाई के लिए तैयार करने के लिए राज्य संगठन में आमूल-चूल परिवर्तन की योजना है कांग्रेस, जिसने 1985 में 39.25 प्रतिशत वोट के साथ 269 सीटें जीती थीं, 2022 में केवल दो सीटों के साथ 2.4 प्रतिशत वोट पर आ गई। 2009 के लोकसभा चुनाव को छोड़कर, जब पार्टी की किस्मत अच्छी थी, उत्तर प्रदेश ने भी 18.3 प्रतिशत के साथ 21 सांसदों को वापस लाकर अनुकूल प्रतिक्रिया दी, जिसने वास्तव में पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं को आश्चर्यचकित कर दिया था।

अपनी दिल खोलकर हंसने के लिए मशहूर एक केंद्रीय पार्टी पदाधिकारी को जब 2009 के चुनाव प्रचार के दौरान कुछ मीडियाकर्मियों ने उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की अच्छी संभावनाओं के बारे में बताया, तो उन्होंने आश्चर्यचकित होकर धीरे से चुटकी ली, दस सीटें भी हमारी इज्जत बचा लेंगी। चुनावी आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि 2007 से अब तक हुए पिछले आठ चुनावों, विधानसभा और लोकसभा दोनों में कांग्रेस को 8.6 प्रतिशत (2007, 22 विधायक), 18.3 प्रतिशत (2009, 21 सांसद), 11.6 प्रतिशत (2012, 28 विधायक), 7.5 प्रतिशत (2014, दो सांसद), 6.3 प्रतिशत (2017, 7 विधायक), 6.31 प्रतिशत (2019, एक सांसद), 2.4 प्रतिशत (2022, 2 विधायक) और 9.46 प्रतिशत (2024, छह सांसद) वोट मिले हैं। पार्टी द्वारा एआईसीसी महासचिव प्रियंका गांधी को मैदान में उतारने का कदम, जिन्होंने लड़की हूं, लड़ सकती हूं का आकर्षक नारा दिया था, भी 2022 में पार्टी को उत्साहित करने में बुरी तरह विफल रहा। कांग्रेस के 403 उम्मीदवारों में से केवल दो ही जीत सके और उनमें से चार अपनी जमानत बचाने में सफल रहे। शेष 397 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई, जो राज्य में पार्टी के भविष्य को दर्शाता है। प्रियंका गांधी के नारे के कारण कांग्रेस ने 159 (40 प्रतिशत) महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारा था, लेकिन यह यूपी में पार्टी का अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन था। दो विजेता प्रतापगढ़ में आराधना मिश्रा मोना (रामपुर खान) और पूर्वी यूपी के महाराजगंज में वीरेंद्र चौधरी (फरेंदा) थे।



राज्य विधानसभा चुनावों में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद, उत्तर प्रदेश कांग्रेस राज्य में अस्तित्व के संकट से जूझ रही है। द्विध्रुवीय राजनीति के उदय के साथ, जो 2027 के विधानसभा चुनावों में भी जारी रहने की संभावना है, राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस राज्य में कांग्रेस की संभावनाएं बेहद धूमिल होती दिख रही हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, जो रायबरेली लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं, राज्य में लगातार दौरे कर रहे हैं और पिछले हफ्ते फतेहपुर में लिंचिंग के शिकार एक दलित परिवार से मिलने गए, जो निस्संदेह दलित समुदाय में खोई जमीन वापस पाने के प्रयासों का संकेत है।

पार्टी गुमनामी में जाने से पहले, उसने लंबे समय तक सत्ता में बने रहने के लिए ब्राह्मण-दलित-मुस्लिम कार्ड भी खेला था, लेकिन वो इन समुदायों के कद्दावर नेताओं के दिन थे। यह समुदाय अब राजनीतिक रूप से बिखर चुके हैं। जहां समाजवादी पार्टी की मुसलमानों पर ऑक्टोपस जैसी पकड़ है, वहीं ब्राह्मण और दलितों का एक वर्ग भगवा ब्रिगेड में शामिल हो गया है। मायावती दलितों को वापस बसपा के पाले में लाने के प्रयास कर रही हैं। पिछड़े समुदाय इस समय मोटे तौर पर सपा और भाजपा के बीच बंटे हुए हैं। दरअसल, मुलायम सिंह यादव की पिछड़ी राजनीति कांग्रेस के लिए विनाशकारी साबित हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### युगांडा में भीषण सड़क हादसा: 63 लोगों की मौत

**कम्पाला।** युगांडा में बुधवार तड़के हुए भीषण सड़क हादसे में कम से कम 63 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना कम्पाला–गुलु हाईवे पर स्थित कितालेबा गांव के पास आधी रात सवा बारह बजे हुई। युगांडा पुलिस के मुताबिक, हादसे में दो बसें, एक ट्रक और कार की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि कम्पाला से गुलु जा रही एक बस के चालक ने आगे चल रहे ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश की।

### नाइजीरिया में पेट्रोल टैंकर में विस्फोट, 35 लोगों की मौत

**अबूजा।** नाइजीरिया के नाइजर प्रांत में पेट्रोल से भरे एक टैंकर के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद उसमें से पेट्रोल निकालते समय हुये विस्फोट में कम से कम 35 लोगों की मौत हो गई और 46 अन्य लोग जख्मी हैं। संघीय सड़क सुरक्षा कोर के अधिकारी ऐशातु सादु ने मंगलवार देर रात संवाददाताओं को बताया कि कुछ लोग एस्सा गांव में पलटे हुए टैंकर से पेट्रोल निकालने का प्रयास कर रहे थे, तभी विस्फोट हो गया।

### हंगरी में पुतिन–ट्रम्प की मुलाकात स्थगित समय तय नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हंगरी में मंगलवार को होने वाली प्रस्तावित मुलाकात स्थगित कर दी गई है और इसकी कोई नई तारीख तय नहीं की गई है। अमेरिकी और रूसी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के बीच 'रचनात्मक लेकिन अनिर्णायक' फोन पर हुई बातचीत के बाद हंगरी के बुडापेस्ट में संभावित बैठक की तैयारियां स्थगित कर दी गई हैं।

### भारत की विनिर्माण प्रोत्साहन नीति पर चीन की आपत्ति

**नई दिल्ली।** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने वाहन और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भारत की विनिर्माण प्रोत्साहन नीति पर चीन की कुछ आपत्तियों को लेकर विवाद निपटान फोरम में 'परामर्श' की कार्रवाई शुरू की है। डब्ल्यूटीओ ने कहा कि चीन ने भारत में उन्नत रसायन सेल बैटरियों, वाहनों और वाहनों के कल–पुर्जों तथा इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकारी प्रोत्साहन जैसे उपायों पर 'परामर्श' किए जाने की अपील की थी।

### वन क्षेत्र में भारत विश्व स्तर पर 9वें स्थान पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** भारत ने वैश्विक पर्यावरण संरक्षण में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है और कुल वन क्षेत्र के मामले में देश विश्व स्तर पर 9वें स्थान पर पहुंच गया है। इंडोनेशिया के बाली में खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के जारी वैश्विक वन संसाधन आकलन (जीएफआरए) 2025 के अनुसार भारत ने वन क्षेत्र के मामले में यह अहम मुकाम हासिल किया है।

### लीमा में 30 दिनों के आपातकाल की घोषणा

**मेक्सिको सिटी।** पेरू के राष्ट्रपति होसे हेरी ने बिगड़ते हालात से निपटने के लिए राजधानी लीमा और पड़ोसी कैलाओ क्षेत्र में 30 दिनों के आपातकाल की घोषणा की है। हेरी ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि कैबिनेट ने आपातकालीन उपाय लागू करने की मंजूरी दे दी है। यह मंगलवार आधी रात से लागू हो गया है।



जम्मू। विभिन्न जिलों के मेधावी छात्रों को लैपटॉप वितरित करते केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह।

## हमास सहयोग नहीं करेगा, तो उसका सफाया हो जाएगा: जेडी वेंस

**येरुशलम।** अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस ने मंगलवार को कहा कि अगर हमास हथियार डालने से इनकार करता है तो उसे 'समाप्त' कर दिया जाएगा। वेंस ने गाज़ा के उत्तर में स्थित किर्यत गत में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अगर हमास समूह सहयोग करे तो उसके लड़ाकों को बख्शा जा सकता है, लेकिन अगर सहयोग नहीं करता है तो उसका सफाया हो जाएगा। उन्होंने इसके साथ ही यह भी कहा कि विश्वास है कि हम ऐसी जगह पहुंचेंगे जहां यह शांति बनी रहेगी। उपराष्ट्रपति ने गाजा में युद्धविराम की प्रगति को उम्मीद से बेहतर बताया और तबाह हुए इस क्षेत्र के पुनर्निर्माण में आने वाली चुनौतियों को भी स्वीकार किया।

# ट्रम्प ने मोदी को दी दिवाली की बधाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फोन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात की और दिवाली की बधाई दी। ट्रम्प ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में दिवाली भी मनाई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने भारतीय समुदाय के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि मैंने आज ही आपके प्रधानमंत्री से बात की। हमारी बातचीत बहुत अच्छी रही। साथ ही उन्होंने कहा कि हमने कुछ ही समय पहले बात की कि पाकिस्तान और भारत के बीच युद्ध न हो।

यह बहुत, बहुत अच्छी बात थी। अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा कि दिवाली अंधकार पर प्रकाश की विजय का एक शाश्वत स्मरण है। यह अज्ञान पर ज्ञान की विजय है, और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। ट्रम्प ने कार्यक्रम में आये लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि यहां आने के लिए शुक्रिया! बहुत शुक्रिया! क्या शानदार संस्कृति है और क्या शानदार लोग हैं। उन्होंने भारतीयों को दुनिया के सबसे बड़े कारोबारी और गंभीर लोगों का समूह बताया और कहा कि हम आपकी संस्कृति, आपकी भावना का जश्न मनाते हैं और हम अमेरिका और भारत के बीच मित्रता को और मज़बूत



**दिवाली के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान ट्रम्प ने भारतीय समुदाय के लोगों को भी बधाई दी**

करते रहेंगे। सभी को बधाई और दिवाली की शुभकामनाएं। राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से से हुई बातचीत का हवाला देते हुए कहा कि बहुत सारी चीजों के बारे में बात हुई, लेकिन उनमें व्यापार प्रमुख रहा। प्रधानमंत्री की व्यापार में बहुत रुचि है। ट्रम्प ने मोदी को कमाल का इंसान बताया और कहा कि समय के साथ मोदी उनके और भी गहरे दोस्त बन गए हैं।

### मोदी ने दिवाली की हार्दिक शुभकामनाओं के लिए ट्रम्प का आभार व्यक्त किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ फोन पर हुई बातचीत के दौरान उन्हें हार्दिक दिवाली की शुभकामनाएं देने के लिए बुधवार को उनका आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प, आपके फोन कॉल और दिवाली की हार्दिक शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। रोशनी के इस त्योहार पर, हमारे दो महान लोकतंत्र दुनिया को आशा की किरण दिखाते रहें और सभी रूपों में आतंकवाद के खिलाफ एकजुट रहें। इस आदान–प्रदान में भारत और अमेरिका के बीच मज़बूत साझेदारी, विशेष रूप से आतंकवाद विरोधी प्रयासों में उनके सहयोग पर ज़ोर दिया गया। मोदी के संदेश ने आतंकवाद के खिलाफ चल रही लड़ाई के बीच वैश्विक शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए भारत के समर्पण की पुष्टि की।

# सऊदी में कफाला प्रथा बंद

## सऊदी अरब आने वाले मजदूरों का पासपोर्ट जमा नहीं होगा, 1.3 करोड़ प्रवासी कामगारों को मिलेगा फायदा

**रियाद।** सऊदी अरब ने करीब 70 साल पुराना कफाला सिस्टम खत्म कर दिया है। अब देश में आने वाले विदेशी मजदूरों के पासपोर्ट नियोक्ता जब्त नहीं कर सकेंगे। साथ ही, मजदूरों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए नए नियम भी लागू किए गए हैं। एपी की रिपोर्ट के मुताबिक, इस बदलाव का ऐलान जून 2025 में ही कर दिया गया था। कफाला सिस्टम के खत्म होने से 1.3 करोड़ से ज्यादा विदेशी मजदूरों को फायदा होगा। इन मजदूरों में ज्यादातर लोग भारत, बांग्लादेश, नेपाल और फिलीपींस से आते हैं। कफाला शब्द, कफील से बना है। कफील का मतलब होता है स्पॉन्सर या जिम्मेदार व्यक्ति। यानी वह व्यक्ति जो किसी विदेशी मजदूर के रहने और काम करने के लिए जिम्मेदार होता है। 1950 के दशक में खाड़ी के देशों में तेल उद्योग तेजी से बढ़ रहा था। तेल की मांग बहुत बढ़ रही थी, और इन देशों में स्थानीय लोगों की संख्या कम थी। इसलिए उन्हें बहुत सारे विदेशी मजदूरों की जरूरत थी। विदेशी मजदूरों के आने–जाने और काम करने को नियंत्रित करना भी जरूरी था। इसी लिए कफाला सिस्टम बनाया गया था। इसमें कफील को बहुत ज्यादा ताकत दे गई। सऊदी अरब ने कफाला सिस्टम खत्म कर दिया है लेकिन मिडिल में यूएई, कुवैत, ओमान, बहरीन, लेबनान और जॉर्डन जैसे देशों में अभी भी यह सिस्टम मौजूद है। मिडिल ईस्ट देशों में कफाला सिस्टम को खत्म करने की मांग काफी समय से हो रही है। जब कोई मजदूर इन देशों में काम करने आता है, तो वह कफाला सिस्टम के तहत ही एंट्री करता है, और उसके ऊपर वहां के नियम और कानून लागू होते हैं। कफील तय करता है कि मजदूर क्या काम करेगा, कितने घंटे काम करेगा, उसकी सैलरी कितनी होगी और वह कहां रहेगा। कफील की अनुमति के बिना नौकरी नहीं बदल सकते, देश नहीं छोड़ सकते थे, और अधिकारियों से सीधे शिकायत नहीं कर सकते थे। इस वजह से मजदूर अक्सर कफील के कंट्रोल में फंस जाते थे। मानवाधिकार संगठन और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) कफाला सिस्टम की दशकों से कड़ी आलोचना करते रहे थे और इसे 'आधुनिक गुलामी' कहते थे, क्योंकि इस व्यवस्था ने श्रमिकों के सबसे बुनियादी अधिकारों को छीन लिया था और जबरन श्रम तथा मानव तस्करी को बढ़ावा दिया था। कफाला सिस्टम की थीं 3 बड़ी दिक्कतें थीं, अगर मालिक उनके साथ बुरा व्यवहार करता था, कम वेतन देता था, या उनसे 18–18 घंटे काम कराता था, तब भी वे आसानी से नौकरी छोड़कर दूसरी जगह काम नहीं ढूंढ़ सकते थे। उन्हें नया काम शुरू करने के लिए अपने कफील की इजाजत लेना जरूरी होता था। अगर कोई मजदूर बिना इजाजत के नौकरी छोड़ता था, तो उसे 'अवैध निवासी' माना जाता था और उसे गिरफ्तार किया जा सकता था। मजदूर देश छोड़कर अपने घर भी नहीं जा सकते थे, यहां तक कि पारिवारिक आपातकाल में भी नहीं। उन्हें देश से बाहर जाने के लिए अपने नियोक्ता से एक्जिट वीजा मंजूर कराना होता था, लेकिन मालिक अक्सर मना कर देते थे, जिससे कर्मचारी बंधक बने रहते थे। मजदूरों को कैदी जैसा बनाने के लिए, कफील अक्सर उनके पासपोर्ट ले लेते थे। पहचान पत्र न होने और यात्रा का कोई साधन न होने के कारण वे सचमुच फंस जाते थे।



- कफाला सिस्टम की थीं तीन बड़ी दिक्कतें, नौकरी बदलने पर पाबंदी, देश छोड़ने पर रोक, पासपोर्ट जब्त होना
- इन मजदूरों में ज्यादातर लोग भारत, बांग्लादेश, नेपाल और फिलीपींस से आते हैं

### सऊदी ने 4 वजहों से बंद किया कफाला सिस्टम

**रियाद।** सऊदी अरब पर लंबे समय से आरोप लगते रहे कि कफाला सिस्टम प्रवासी मजदूरों के लिए 'आधुनिक गुलामी' जैसा है। मानवाधिकार संगठन (जैसे ह्यूमन राइट वॉच और एमनेस्टी) लगातार इसकी आलोचना करते रहे। क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान (एमबीएस) का विजन 2030 प्रोग्राम सऊदी अर्थव्यवस्था को तेल पर निर्भरता से बाहर निकालने की कोशिश है। इसके लिए विदेशी निवेश और अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों की जरूरत है लेकिन कफाला जैसे सिस्टम से निवेशक डरते थे। सऊदी की वर्कफोर्स में लगभग 70 प्रतिशत से ज्यादा विदेशी मजदूर हैं। कफाला सिस्टम की वजह से कई मजदूर वापस अपने देशों लौटने लगे थे या नए लोग सऊदी आना नहीं चाहते थे। सरकार को डर था कि अगर सिस्टम नहीं बदला गया, तो मजदूरों की कमी से निर्माण, तेल और सर्विस सेक्टर पर असर पड़ेगा।

# गो अष्टमी पर पूंजी गईं गायें

### जानिए क्यों पूज्यनीय हैं गोमाता



**थानेश्वर अर्याल अच्युत**

**कपिलवस्तु, नेपाल।** बुधवार को गो अष्टमी के दिन श्रद्धालुओं ने गाय माता की पूजा की तथा उन्हें फल,गुण और खीर खिलाया। गोपूजन का यह पर्व नेपाल में बहुत श्रद्धा पूर्वक मनाया जाता है। पहाड़ से लेकर भारत सीमा से सटे तराई इलाकों में हर गांव और कस्बों गायों की पूजा की गई तथा उनकी आरती उतारी गई।

बता दें कि गौ माता हिन्दू धर्म में परम पवित्र, पूजनीय, वन्दनीय व पालनीय है। जब दुराचारी व्यक्ति भी किसी स्त्री को 'माता' कहता है तो उसके चित्त में भी तत्काल पवित्रता आ जाती है। अत: गौ को माता कहने का तात्पर्य है कि उसे पवित्र दृष्टि से देखा जाए। सभी इन्द्रादि देवगण गौमाता के देह में स्थित हैं अत: उसका शरीर ही स्वर्ग है। इसी प्रकार वेदों के साथ ही वृहत्पाराशर स्मृति, पद्म पुराण, भविष्य पुराण, ब्रह्माण्ड पुराण, स्कन्द पुराण एवं महाभारत में भी विभिन्न प्रकार से गौ माता के शरीर में विभिन्न देवों की स्थिति का वर्णन विस्तार से उपलब्ध है। धार्मिक ग्रंथों में गायों के अंग अंग में देवताओं के विराजमान होने का उल्लेख है। गायों के सींग के मूल में सदा ब्रम्हा और विष्णु प्रतिष्ठित हैं। अग्रभाग में चराचर समस्त तीर्थ स्थित है।सभी कारणों के कारण महादेव शिव सींगों के मध्य में, ललाट में गौरी तथा नासिकास्थि में भगवान कार्तिकेय स्थित हैं। नासिका छिद्रों में कम्बल व अश्वतर नाग, कानों में अश्विनी देव व आंखों में चन्द्र व सूर्य स्थित हैं। गाय के दांतों में आठों वसु, जीभ में वरूण, कण्ठ में माता सरस्वती व गण्डस्थलों में यमराज व यक्षगण स्थित हैं। दोनां होंठों में दोनों सन्ध्यादेवियां ग्रीवा में इन्द्र ककुद में राक्षस, पार्ष्णि भाग में आकाश व्यवस्थित है।

# फूड डिलीवरी करके गुजारा कर रहे सरकारी कर्मचारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में कई सरकारी कर्मचारियों को अब फूड डिलीवरी या अस्थाई नौकरियों कर गुजारा करना पड़ रहा है। वे रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने और ईएमआई भरने के लिए ऐसा कर रहे हैं। दरअसल, देश में लगे शटडाउन की वजह से 7.5 लाख सरकारी कर्मचारियों की सैलरी रुकी हुई है।

अमेरिका में 1 अक्टूबर से शुरू हुआ सरकारी शटडाउन अब 22वें दिन में पहुंच गया है। संसद के ऊपरी सदन सीनेट में 20 अक्टूबर को फंडिंग बिल पर 11वीं बार वोटिंग हुई, लेकिन राष्ट्रपति ट्रम्प के प्रस्ताव को फिर से खारिज कर दिया गया। ऐसे में यह अमेरिकी इतिहास का दूसरा सबसे लंबा शटडाउन बन गया है। अमेरिका का फिस्कल ईयर यानी खर्च का साल 1 अक्टूबर से शुरू होता है। यह एक तरह से सरकार का आर्थिक साल होता है, जिसमें वह अपना पैसा खर्च करने और बजट बनाने की योजना बनाती है। इस दौरान सरकार तय करती है कि कहां पैसा लगाना है, जैसे सेना, स्वास्थ्य या शिक्षा में। अगर इस तारीख तक नया बजट पास नहीं होता, तो सरकारी कामकाज बंद हो जाता है। इसे शटडाउन कहते हैं। अमेरिका के दोनों प्रमुख दल डेमोक्रेट और रिपब्लिकन में ओबामा हेल्थ केयर सब्सिडी प्रोग्राम को लेकर ठनी हुई गई है। डेमोक्रेट्स चाहते थे कि हेल्थ केयर (स्वास्थ्य बीमा) की सब्सिडी बढ़ाई जाए।

- अमेरिका में 22 दिन से सैलरी नहीं, ट्रम्प का प्रस्ताव 11वीं बार गिरा, दूसरा सबसे लंबा शटडाउन

# चुनाव को लेकर ओली की न के बीच प्रचंड ने कहा, समय पर हो चुनाव

**यशोदा श्रीवास्तव**

**काठमांडू।** नेपाल में हाल ही हिंसात्मक आंदोलन और अंतरिम सरकार के अस्तित्व में आने के करीब एक माह बाद माओवादी केंद्र ने पहली मर्तबा जनसभा की। इस मौके पर उन्होंने नेपाल मीडिया से भी बात की।

बातचीत में उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से चुनाव की तैयारी में जुटने का आवाहन करते हुए कहा कि अंतरिम सरकार ने जिस समय सीमा के भीतर चुनाव की घोषणा की है उस पर कायम रहते हुए चुनाव कराया जाना चाहिए। नेकपा (माओवादी केंद्र) अध्यक्ष पुष्प कमल दहाल 'प्रचण्ड' बुधवार को मधेश प्रदेश के महोत्तरी के राम गोपाल पुर में पार्टी द्वारा आयोजित जनसभा और पार्टी प्रवेश कार्यक्रम में शामिल हुए। नेपाल में हाल ही हुए तख्तापलट और हिंसात्मक आंदोलन के बाद किसी राजनीतिक दल का यह पहला सार्वजनिक कार्यक्रम था। राम गोपाल पुर जाने के लिए जनकपुर धाम हवाई अड्डे पर पहुंचे प्रचंड ने पत्रकारों से संक्षिप्त बातचीत करते हुए सरकार से आग्रह किया कि वह शीघ्र ही चुनाव के लिए आवश्यक माहौल तैयार करे।प्रचण्ड ने कहा हनिर्वाचन तय समय पर होना चाहिए।



- नेपाल में हाल ही हुए तख्तापलट और हिंसात्मक आंदोलन के बाद किसी राजनीतिक दल का यह पहला सार्वजनिक कार्यक्रम था

सरकार को इसे गंभीरता से लेते हुए अनुकूल वातावरण बनाना चाहिए। सरकार की हाल ही में राजनीतिक दलों के साथ हुई वार्ता से यह संकेत मिला है कि सरकार धीरे–धीरे चुनाव की दिशा में गंभीर हो रही है, लेकिन अभी भी पूर्ण वातावरण तैयार नहीं हुआ है। प्रचंड ने कहा कि असाधारण परिस्थितियों में गठित अंतरिम सरकार पहले ही चुनाव की घोषणा कर चुकी है, इसलिए अब सभी दलों को निर्वाचन की तैयारी में पूरी तरह जुट जाना चाहिए। लेकिन सत्ता से हटाए गए केपी शर्मा ओली चुनाव में जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। उन्होंने तय समय–सीमा में चुनाव पर भी संदेह जताया है। पिछले दिनों अपनी पार्टी के एक कार्यक्रम में उन्होंने साफ कह दिया कि एमाले चुनाव में हिस्सा नहीं लेगी। एमाले के इस घोषणा के बाद नेपाल की राजनीति में अनिश्चितता का खतरा उत्पन्न हो गया है। ओली सरकार में प्रमुख सहयोगी रही नेपाली कांग्रेस का चुनाव को लेकर अभी कोई बयान सामने नहीं आया है। जहां तक अन्य राजनीतिक दलों की बात है तो माना जा रहा है कि देर सवेर अन्य राजनीतिक दल चुनाव में आएंगे ही। एमाले, नेपाली कांग्रेस के बाद माओवादी केंद्र तीसरी बड़ी राजनीतिक दल है। माओवादी केंद्र के चुनाव का समर्थन करने के बाद मुर्मा. कन है नेपाली कांग्रेस भी चुनाव को लेकर अपना रुख स्पष्ट करे। अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने अपने वायदे के मुताबिक छ: महीने में चुनाव कराने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि सरकार नेपाली जनता को निर्भय और स्वतंत्र वातावरण में मतदान करने का अवसर देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने कहा कि लो. कतंत्र के सुदृढ़ीकरण, आर्थिक समृद्धि और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए आसन्न चुनाव बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार सभी राजनीतिक दलों, वर्गों और समुदायों के सहयोग की अपेक्षा और विश्वास रखती है, ताकि चुनाव निष्पक्ष, भयमुक्त और सफल हो सके।

# तालिबान को मान्यता देगा भारत!

## काबुल में भारत का दूतावास फिर से खुला, अफगान बोला: पाक से विवाद में भारत की भूमिका नहीं

**काबुल।** भारत ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में अपने तकनीकी मिशन को अब आधिकारिक रूप से दूतावास का दर्जा दे दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह दूतावास अफगानिस्तान के समग्र विकास, मानवीय सहायता और क्षमता निर्माण में भारत की भूमिका को और मजबूत करेगा। दूतावास का नेतृत्व एक वरिष्ठ राजनयिक करेंगे, जिन्हें चार्ज डी'अफेयर्स के रूप में नियुक्त किया जाएगा।

भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 10 अक्टूबर को मुत्तकी के साथ मुलाकात में इसकी घोषणा की थी। इस कदम से भारत और अफगानिस्तान के बीच फिर से राजनयिक संबंध स्थापित हो गए हैं। साल 2022 से भारत ने काबुल में टेक्निकल मिशन चलाया था, लेकिन अब दूतावास की वापसी से भारत–तालिबान संबंध नए सिरे से शुरू होंगे। इसके साथ ही ये सवाल भी उठ रहा है कि क्या भारत अफगानिस्तान में तालिबान सरकार को मान्यता दे सकता है। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्री मौलवी मोहम्मद याकूब मुजाहिद ने भारत पर लगे उन आरोपों को खारिज कर दिया है, जिनमें कहा गया था कि हाल ही में अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच हुई झड़पों में भारत की कोई भूमिका थी। एक इंटरव्यू में याकूब ने कहा कि ये आरोप पूरी तरह बेबुनियाद हैं। उन्होंने कहा अफगानिस्तान ने कभी किसी दूसरे देश को अपनी जमीन का इस्तेमाल नहीं करने दिया है। हम एक स्वतंत्र देश हैं और भारत व पाकिस्तान से हमारे रिश्ते सिर्फ राष्ट्रीय हितों के आधार पर तय होते हैं। बीते दिनों 11 अक्टूबर को काबुल में हुए धमाकों के कुछ दिन बाद अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सीमा पर हिंसा भड़क गई थी। उस समय तालिबान के विदेश मंत्री आमिर मुत्तकी भारत दौरे पर थे। इसके तुरंत बाद तालिबान लड़ाकों ने पाकिस्तान की दक्षिणी सीमा पर हमले किए, जिसके जवाब में पाकिस्तान ने कार्रवाई की। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इन घटनाओं के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराया था। उन्होंने कहा था कि तालिबान की लीडरशिप भारत की गोद में बैठी है। इस पर भारत ने सख्त जवाब दिया था। भारत ने कहा था कि पाकिस्तान की पुरानी आदत है कि वह अपनी आंतरिक नाकामियों के लिए पड़ोसियों को दोष देता है।

**दूतावास का नेतृत्व एक वरिष्ठ राजनयिक करेंगे, जिन्हें चार्ज डी'अफेयर्स के रूप में नियुक्त किया जाएगा**

# अमेरिका में सिखों के नौवें गुरु का सम्मान

**न्यूयॉर्क।** सिखों के नौवें गुरु गुरु तेग बहादुर जी की त्याग, करुणा और न्याय के प्रति अडिग भावना को सम्मान देने के लिए न्यूयॉर्क सिटी की एक सड़क का नाम उनके नाम पर रखा गया है। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को एक पोस्ट साझा किया और इस कदम को सिख समुदाय के लिए 'गर्व का क्षण' बताया। अब रिचमंड हिल इलाके की 114वीं स्ट्रीट और 101वां एवेन्यू के हिस्से को आधिकारिक रूप से गुरु तेग बहादुर जी मार्ग वेश्के नाम से जाना जाएगा। यह वही इलाका है जहां प्रसिद्ध गुरुद्वारा मखन शाह लुबाना स्थित है। इस अवसर पर आयोजित नामकरण समारोह दीवाली के पूर्व सप्ताहांत में संपन्न हुआ। पूर्व राजनयिक ने एक्स पोस्ट पर लिखा कि सिख संगत के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण में, न्यूयार्क की एक सड़क का नाम अब धार्मिक स्वतंत्रता के प्रतीक और मानवाधिकारों के रक्षक, नौवें सिख गुरु साहिब, हिंद की चादर, गुरु तेग बहादुर साहिब जी के नाम पर रखा गया है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॅन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108